दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
ललितपुर ■ शनिवार 30 नवंबर 2024 ■ वर्ष -19 ■ अंक-141 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

**सुविचार**

हमेशा इतने छोटे बनो कि हर व्यक्ति आपके साथ बैठ सके और इतने बड़े बनो कि आप जब खड़े हों तो कोई बैठा न रहे।

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं के स्वागत में महकेंगी प्रयाग की गली-गली

■ महाकुंभ विशेष: 7 करोड़ 55 लाख से सुगंधित होगा प्रयागराज ■ गंगा के किनारे बड़े पैमाने पर लगाए जा रहे विशेष सजावटी पौधे

सत्ता सुधार ■ प्रयागराज

महाकुंभ शुरू होने से पहले ही प्रयागराज आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधाओं के मद्देनजर योगी सरकार ने जमीनी स्तर पर इंतजाम शुरू कर दिए हैं। इसके लिए यहां 24 घंटे काम जारी है। इसी क्रम में यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पहली बार एक खास इंतजाम किया जा रहा है, जिसको देख पर्यटक खासे रोमांचित नजर आएंगे। महाकुंभ में श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए इस बार पूरे प्रयागराज को फूलों की खुशबू से महकाने की योजना है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस बार महाकुंभ में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बड़े पैमाने पर पुष्प वाटिकाएं और रंग बिरंगे पौधे क्यारियों और गमलों में लगाए जाने हैं। इसके लिए बाकायदा 07 करोड़ 55 लाख 18 हजार रुपए का बजट रखा गया है। इसके अंतर्गत 26225 गमलों में मौसमी फूल सजाए जाएंगे। इसके अलावा बड़े पैमाने पर फ्लावर बेड तैयार कर उनकी प्रदर्शनी लगाई जाने की योजना है। मेला क्षेत्र में गंगा किनारे विशेष सजावटी पौधे लगाए जाने का काम शुरू हो गया है।



### अयोध्या और काशी के फूल

प्रयागराज में महाकुम्भ की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। यहां फूलों के पौधों की बड़ी मांग है। महाकुंभ को लेकर पूरे प्रयागराज को सुंदर और सुगंधित बनाने के लिए अयोध्या और काशी की नर्सरियों को बड़े पैमाने पर फूलों और सजावटी पौधों के ऑर्डर दिए गए हैं। इस समय मेला के अलावा शहर के प्रमुख स्थलों, पार्कों, सड़कों, चौराहों, एयरपोर्ट और हाईकोर्ट की सजावट में इन पौधों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके साथ ही महाकुंभ में देश विदेश से आने वाले सैलानियों के आकर्षण के लिए प्रयागराज की गली-गली में सजावट के लिए फूलों के गमले रखने का काम भी शुरू हो गया है।

**गेंदा, गुलाब, जूही करेंगी आकर्षित-** इस वर्ष महाकुंभ के लिए खासतौर पर गुलाब, डहेलिया, जूही, मेरीगोल्ड, कामिनी, चांदनी, गुलदावरी, नेरियम और गेंदा के विभिन्न किस्मों की मांग है। साथ ही, सजावटी पौधों में एरिका पॉम, स्पाइंडल लिली, पीस लिली, बम्बू, धन लक्ष्मी, विष्णु कमल, और रेड मंचीरा शामिल हैं।

### क्षेत्र की व्यवस्था देखेंगे अधिकारी

जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार महाकुंभ के किसी भी कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी के आदेशानुसार सभी आवश्यक कार्यवाही के प्रभारी होंगे। वहीं, अपर जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह झूसी और आस-पास के क्षेत्र का सम्पूर्ण प्रबंधन देखेंगे। अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज नैनी और उसके आस-पास के क्षेत्र का कार्य देखेंगे, जबकि अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार के पास फाफामऊ और आस-पास के क्षेत्र की जिम्मेदारी होगी। अपर जिलाधिकारी (नगर) मदन कुमार को नगर क्षेत्र की सम्पूर्ण देखरेख का जिम्मा दिया गया है तो अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूजा मिश्रा को आईसीसीसी (प्रयागराज मेला प्राधिकरण) में स्थित कंट्रोल रूम का प्रभार सौंपा गया है।

**ग्राउंड जीरो पर उतरी अफसरों की टीम-** महाकुंभ-2025 के दिव्य और भव्य आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को विशेष क्षेत्रों में तैनात किया जा रहा है। इन अधिकारियों पर विभिन्न गतिविधियों की देखरेख और प्रबंधन का दायित्व होगा। इसी क्रम में जिलाधिकारी प्रयागराज के द्वारा अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों के अनुसार कार्य-क्षेत्र सौंप दिए हैं।

# गोंदिया में पलटी बस 14 यात्रियों की मौत



- भीषण सड़क हादसा में 20 घायल, उपचार जारी
- शिंदे ने किया 10 लाख की सहायता का एलान

एजेंसी ■ गोंदिया

गोंदिया जिले के बिंद्रावन टोला गांव के पास राज्य परिवहन की एक बस अनियंत्रित होकर पलट जाने से बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 यात्री घायल हो गए। घायलों को गोंदिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार यात्रियों को लेकर जा रही बस के सामने अचानक से बाइक आ गई, जिसको बचाने के चक्कर में बस पलट गई। वहीं महाराष्ट्र के कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई है। उन्होंने हादसे में अपनों को खोने वाले परिवारों को 10-10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का एलान किया है।

### बाइक को बचाने में हुआ हादसा

शिवशाही बस (क्रमांक एमएच 09/ ईएम 1273) के सामने बाइक आ गई। बस ड्राइवर ने बाइक को बचाने के लिए अचानक कट मारा। बस की तेज रफ्तार तेज होने की वजह से पलट गई। इस दौरान 35 अधिक यात्री बस में सवार थे, जो दबने की वजह से गंभीर घायल हो गए। इनमें 14 लोगों की मौत हो गई। हालांकि यह भी आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

### ड्राइवर मौके से फरार

घटना के समय मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि ड्राइवर हादसे के बाद फरार हो गया। राहगीरों ने तुरंत ही एंबुलेंस विभाग और पुलिस विभाग को जानकारी दी, जिसके बाद घायलों को गोंदिया के जिला शासकीय अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ब्रीफ न्यूज

### भारत की नई लुक वाली वनडे जर्सी का अनावरण

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह और भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मुंबई में भारत की नई लुक वाली वनडे जर्सी का अनावरण किया। नई जर्सी में कुछ बदलाव हुए हैं। जर्सी में कंधों पर तिरंगा नजर आ रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम इसी जर्सी को पहनने वाली है।

### कच्छ में पकड़ी गई 1.4 करोड़ रुपए की कोकीन

**कच्छ।** गुजरात के कच्छ में कोकीन की बड़ी खेप पकड़ी गई है। एसओजी ने कच्छ के भचाऊ तालुका पर रात में एक बड़ा ऑपरेशन चलाकर कोकीन की बड़ी खेप पकड़ी है, जिसमें एक कार में 1.47 किलो नशे की सामग्री जब्त की गई है। एसओजी की टीम ने सूचना के आधार पर एक हरियाणा पासिंग कार को रोका तो अधिकारी दंग रह गए।

### अड़ियल पाक की वजह से टली आईसीसी की बैठक

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में अगले साल होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर सस्पेंस बढ़ता जा रहा है। आईसीसी बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक, जो पहले शुक्रवार को शाम 4 बजे होने वाली थी, उसे अब शनिवार के लिए पुनर्निर्धारित कर दिया गया है।

### पीएम पर राहुल गांधी की टिप्पणी अफसोसजनक

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दिए गए बयान को अफसोसजनक बताया। कहा कि यह सरकार की स्थिति को नहीं दर्शाता है। राहुल गांधी ने हाल ही में प्रधानमंत्री पर टिप्पणी की थी।

### पैन कार्ड के साथ दुनियाभर में सबसे ज्यादा फर्जीवाड़ा

**नई दिल्ली।** भारत में पैन कार्ड हर करदाता के लिए अनिवार्य है। दुनिया में 2024 में इसके साथ सबसे ज्यादा फर्जीवाड़ा करने की कोशिश हुई। दुनियाभर के टैक्स डॉक्यूमेंट्स में से 27.1 फीसदी फर्जीवाड़े पैन कार्ड के साथ किए गए हैं। पैन कार्ड का फर्जीवाड़ा आसान ऑनलाइन टेम्पलेट्स की उपलब्धता की वजह से बढ़ा है।

# भाजपा गृह, एनसीपी वित्त और शिवसेना संभालेगी शहरी विकास विभाग

**शाही बैठक में महाराष्ट्र में विभागों के बंटवारे का फॉर्मूला तय**

- **खींचतान** के बीच दो दिसंबर को शपथ लेंगे देवेंद्र फडणवीस
- **मुंबई में** होने वाली महायुति की बैठक अंतिम समय में टली
- **शिवसेना बोली**-शिंदे डिप्टी सीएम पद पर फैसला ले लेंगे



एजेंसी ■ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार की बैठक में महाराष्ट्र में महायुति की सरकार में विभागों के बंटवारे पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके तहत तीनों घटक दलों में बड़े विभागों में कोई फेरबदल नहीं होगा। पहले की तरह गृह विभाग भाजपा के पास, वित्त विभाग एनसीपी के पास और शहरी विकास विभाग शिवसेना के पास रहेगा। बैठक में सीधे तौर पर मुख्यमंत्री के मुद्दे पर चर्चा तो नहीं हुई, लेकिन देवेंद्र फडणवीस को नई जिम्मेदारी के लिए तैयार रहने को कह दिया गया है। सब कुछ ठीक रहा तो दो दिसंबर को देवेंद्र फडणवीस सीएम के रूप में शपथ ले सकते हैं।

### शिंदे अचानक सातारा रवाना

इधर, महाराष्ट्र में महायुति की शुक्रवार को होने वाली बैठक टल गई। सीएम एकनाथ शिंदे अचानक सतारा अपने गांव रवाना हो गए। शनिवार को उनके सतारा से लौटने के बाद यह बैठक फिर से होगी और बचे हुए तमाम मुद्दों पर चर्चा होगी।

## संसद की कार्यवाही 2 दिसंबर तक स्थगित

**विपक्ष ने अडाणी और संभल हिंसा पर किया हंगामा**

एजेंसी ■ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत 25 नवंबर को हुई थी। चार दिन में सदन की कार्यवाही सिर्फ 40 मिनट चली। हर दिन औसतन दोनों सदन (लोकसभा और राज्यसभा) में करीब 10-10 मिनट तक कामकाज हुआ। लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष ने अडाणी और संभल हिंसा के मुद्दे पर जमकर हंगामा किया। विपक्षी सांसद कार्यवाही के दौरान लगातार हंगामा कर रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कई बार उन्हें बिठाने की कोशिश की, मगर विपक्ष शांत नहीं हुआ। शुक्रवार को अध्यक्ष ने कहा कि सहमति-असहमति लोकतंत्र की ताकत है। मैं आशा करता हूं सभी सदस्य सदन को चलने देंगे। देश की जनता संसद के बारे में चिंता व्यक्त कर रही है। सदन सबका है, देश चाहता है संसद चले। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार

# शर्मनाक...चार दिन में सिर्फ 40 मिनट चली सदन की कार्यवाही



(2 दिसंबर) तक स्थगित कर दी गई।

### सरकार दिखाए बड़ा दिल

संसद के दोनों सदनों के स्थगित होने पर कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि सरकार बड़ा दिल दिखाएगी और विपक्ष को महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने का मौका देगी। सरकार को ऐसा तरीका खोजना चाहिए, जिससे विपक्ष अपनी बात कह सके और सरकार अपनी बात रख सके। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि वह कौन सा मुद्दा उठाना चाहती है और कब। क्या सरकार ने कहा था कि अडाणी, मणिपुर, संभल, चीन और विदेश नीति पर चर्चा होगी। सरकार की तरफ से कुछ नहीं आया। उन्होंने न तो विषय स्पष्ट किया और न ही तारीख।

### राज्यसभा में धनखड़ बोले विपक्ष पेश कर रहा खराब मिसाल

राज्यसभा में विपक्षी सांसदों की लगातार नारेबाजी के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि इसे जायज नहीं ठहराया जा सकता। हम बहुत खराब मिसाल कायम कर रहे हैं। हमारे काम जनता-केंद्रित नहीं हैं। हम अप्रासंगिकता की ओर बढ़ रहे हैं। इसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही 2 दिसंबर को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

# शादी का वादा तोड़ने पर नहीं चलाया जा सकता आपराधिक मुकदमा

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ब्रेकअप आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं**

एजेंसी ■ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक फैसले में कहा कि ब्रेकअप या शादी का वादा तोड़ना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं हो सकता। हालांकि, ऐसे वादे टूटने पर शख्स इमोशनली परेशान हो सकता है। अगर वह सुसाइड कर लेता है, तो इसके लिए किसी दूसरे व्यक्ति को अपराधी नहीं माना जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कर्नाटक हाईकोर्ट के उस फैसले को बदला, जिसमें आरोपी कमरुद्दीन दस्तगीर



सनदी को अपनी गर्लफ्रेंड से चीटिंग और सुसाइड के लिए उकसाने का दोषी पाया गया था। हाईकोर्ट ने आरोपी को 5 साल की जेल और 25 हजार जुर्माना भरने की सजा सुनाई थी। केस की सुनवाई जस्टिस पंकज मित्तल और उज्जल भुयान की बेंच ने की। उन्होंने इस मामले को आपराधिक केस न मानकर नॉर्मल ब्रेकअप केस माना है और सजा को पलट दिया है। हालांकि, कोर्ट से पहले ट्रायल कोर्ट भी आरोपी को बरी कर चुका था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि जांच में आरोपी का लड़की के साथ शारीरिक संबध होने की बात साबित नहीं हो पाई। न ही सुसाइड के लिए उकसाने की बात सही मिली।

# संविदा बिजली कर्मियों को अल्टीमेटम... अगर हड़ताल किया तो होंगे बर्खास्त

**उत्तर प्रदेश में नई बिजली कंपनियों की गठन प्रक्रिया शुरू**

### बैठक में आंदोलन की रूपरेखा तय करेंगे संविदाकर्मी

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

यूपी कॉर्पोरेशन के पूर्वांचल वाराणसी एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम आगरा के प्रस्तावित विघटन को लेकर संविदाकर्मियों के आंदोलन को लेकर अल्टीमेटम मिलना शुरू हो गया है। संविदा बिजलीकर्मियों को अल्टीमेटम दिया जा रहा कि उनके द्वारा हड़ताल करने पर सेवा



से बर्खास्त कर दिया जाएगा। कॉर्पोरेशन के द्वारा पूर्वांचल निगम में तीन एवं दक्षिणांचल निगम में दो नई बिजली कंपनियों के गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इससे बिजली अभियंताओं एवं कर्मचारियों में नाराजगी है, जिनका आरोप कि प्रबंधन कंपनियों के जरिये पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल निगम का निजीकरण करने जा रहा है। संविदाकर्मियों के नेता देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि उनकी प्रबंधन स्तर पर वार्ता हो चुकी है। जिन्होंने संविदाकर्मियों के साथ कोई अन्याय न होने का दावा किया है। इस संबंध में आठ दिसंबर को संगठन कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में जो निर्णय होगा, उसी आधार पर संविदाकर्मी अपने आंदोलन की रूपरेखा तय करेंगे।

**बड़ा झटका** सात तिमाहियों में सबसे धीमी, एक साल पहले 8.1 प्रतिशत

# जीडीपी ग्रोथ अब दूसरी-तिमाही में घटकर 5.4 फीसदी

**केंद्र सरकार जारी रिपोर्ट में उपभोग घटने से प्रभावित हुए आंकड़े**

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारत की तरक्की की रफ्तार वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में सुस्त पड़ गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 5.4 फीसदी रही। यह एक साल पहले की समान अवधि में 8.1 फीसदी थी। यहां तक कि मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भी जीडीपी ग्रोथ




6.7 फीसदी रही। कमजोर खपत और प्रमुख क्षेत्रों में प्रतिकूल मौसम, जैसे कि बाढ़, की वजह से जीडीपी ग्रोथ में कमी आई है।मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के खराब प्रदर्शन के कारण जीडीपी ग्रोथ धीमी हुई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने शुक्रवार को जीडीपी डेटा रिलीज किया।

**अनुमान से कम रही ग्रोथ-** सितंबर तिमाही में जीडीपी ग्रोथ एक्सपर्ट के अनुमान से काफी कम रही। इधर, इकोनॉमिक एक्सपर्ट पहले ही मानकर चल रहे थे कि दूसरी तिमाही में खपत घटने से जीडीपी ग्रोथ कम रहेगी। लेकिन, यह उनके अनुमान से भी कम रही। अधिकतर एक्सपर्ट छह से 6.5 फीसदी जीडीपी ग्रोथ रहने का अनुमान जता रहे थे। आरबीआई ने 7फीसदी ग्रोथ रहने का अनुमान जताया था। एक सर्वे में भी जीडीपी ग्रोथ 6.5 फीसदी रहने की उम्मीद जताई गई थी।

### ग्रॉस वैल्यू एडेड में भी आई गिरावट

गौरतलब है कि रियल ग्रॉस वैल्यू एडेड आर्थिक गतिविधियों को मापने वाले अहम पैमाना है। यह वित्त वर्ष 2024-25की दूसरी तिमाही में 5.6 फीसदी बढ़ा। पिछले साल की समान अवधि में यह 7.7 फीसदी था। इसका मतलब कि सालाना आधार दूसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियां सुस्त रहीं। नॉमिनल जीवीए ग्रोथ भी सालाना आधार 9.3 फीसदी के मुकाबले घटकर 8.1 फीसदी पर आ गई।

### तेजी से बढ़ रही भारत की अर्थव्यवस्था

धीमी जीडीपी ग्रोथ के बावजूद भारत प्रमुख अर्थव्यवस्ताओं के बीच अभी भी सबसे तेजी से बढ़ती इकोनॉमी बना हुआ है। इस साल जुलाई-सितंबर तिमाही में चीन की जीडीपी ग्रोथ 4.6 फीसदी रही। वहीं जापान की जीडीपी 0.9 फीसदी की दर से बढ़ी है।

# गांव-गांव में तैयार किए जाएंगे कट्टर हिंदू

**सनातन हिंदू एकता यात्राः बागेश्वर बाबा का बड़ा एलान**

**झांसी।** बागेश्वर धाम से निकाली गई सनातन हिंदू एकता यात्रा का शुक्रवार को ओरछा में समापन हुआ। इस अवसर पर यात्रा की अगुवाई कर रहे पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि गांव-गांव जाकर कट्टर हिंदू तैयार किए जाएंगे। हिंदू के न रहने पर हिंदुस्तान भी नहीं रहेगा। न भारतीय संस्कृति रहेगी और न ही परंपराएं बचेंगी। शुक्रवार को नौवें दिन यात्रा की शुरुआत ओरछा तिगैला से हुई। यहां से आठ किमी का सफर पूरा कर यात्रा भगवान रामराजा सरकार के मंदिर पहुंची। यहां पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भगवान की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ध्वज चढ़ाया और यात्रा में शामिल रहे लोगों के लिए मंगल कामना की।

## ब्रीफ न्यूज

### रास्ते में रोककर मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** मड़ावरा थानान्तर्गत ग्राम हंसरी में रहने वाले सुन्दर सिंह उर्फ देवेन्द्र सिंह पुत्र शम्मर सिंह बुन्देला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 27 नवम्बर को शाम करीब 6 बजे गांव के हरपाल सिंह पुत्र जवाहर सिंह ठाकुर, शैलेन्द्र सिंह, प्रवेन्द्र सिंह व भूपेन्द्र सिंह पुत्रगण हरपाल सिंह ठाकुर ने एकराय होकर उसे रास्ते में रोक लिया और गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। बचाव करने आयी उसकी पत्नी विमलेश राजा के साथ भी मारपीट की, जिससे वह भी घायल हो गयी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जिला बार एसोशियेशन के चुनाव स्थगित

**ललितपुर।** जिला बार एसोशियेशन के अध्यक्ष और चुनाव अधिकारियों ने संयुक्त रूप से एक सूचना पत्र जारी करते हुये सभी अधिवक्ताओं व प्रत्याशियों को अवगत कराया है कि बार काउंन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज के पत्रांक सं. 5189 दिनांक 27 नवम्बर 2024 के अनुपालन में प्राप्त निर्देशों के अधीन लालसिंह ठाकुर एड. के द्वारा की गयी शिकायत के निस्तारण तक जिला बार एसोसिऐशन ललितपुर की चुनाव प्रक्रिया को अग्रिम निर्देशों तक स्थगित कर दिया गया है। तदनानुसार जिला बार एसोसिऐशन ललितपुर के वर्ष 2024-2025 के मतदान की तिथि अग्रिम सूचना तक स्थगित की जाती है।

### गेंहू पिसवाने गये युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खाई खेड़ा निवासी राजकुमारी पत्नी गनेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 23 नवम्बर को शाम करीब 6 बजे घर से गेंहू पिसवाने के लिए उसके पति पाली गये हुये थे। जहां से शाम करीब 7 बजे घर लौटते समय पाली- जाखलौन रोड पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नजदीपक चार पुलिया के पास किसी अज्ञात वाहन चालक ने उसके पति की मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 एस 1235 में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गिर गये और अचेत हो गये। अचेतावस्था में उन्हें एम्ब्युलेंस के जरिए बिरधा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया।

### खेत पर जबरन कब्जा कर जोतने का आरोप

**ललितपुर।** तालबेहट अंतर्गत ग्राम राधापुर निवासी संतोष पुत्र मांगीलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 27 नवम्बर की रात करीब 9 बजे जब उसकी भाभी क्रान्ति पत्नी मूलचंद्र अपने खेत पर गयी थी, तभी उसने देखा कि गांव के धांधू पुत्र खड़ई, राहुल पुत्र धांधू, राजू पुत्र नन्हेलाल उसके खेत पर जबरन कब्जा कर ट्रैक्टर से जोत रहे हैं। विरोध करने पर उसकी भाभी के साथ मारपीट की। जब उसे सूचना हुयी तो वह भी खेत पर पहुंचा, जहां उक्त लोगों से भाभी को बचाया तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी।

### मिशन शक्ति फेज-5 अभियान जारी

# थाना क्षेत्रों में जाकर महिलाओं को किया गया जागरूक

**सत्ता सुधार ■ ललितपुर**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक व एएसपी अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,



निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी.एम.स्वानिधि योजना, पी.एम. सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया। उल्लेखनीय है कि शासन और पुलिस विभाग द्वारा शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस 03 अक्टूबर 2024 से मिशन शक्ति के तहत पंचम चरण का अभियान 90 दिवस तक चलाया जाएगा।

# विद्यार्थियों व शिक्षकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**सत्ता सुधार ■ ललितपुर**

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय पनारी में छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया।

टीएसआई ने कहा कि 18 वर्ष पूर्ण होने पर पहले लाइसेंस बनवाना फिर वाहन चलाना, सड़क पर स्टंट न करना,सेफ्टी बेल्ट का प्रयोग, हेलमेट लगाकर वाहन चलाना, ट्रिपलिंग न करना, डिजी लाकर ऐप में प्रपत्र रखना, दुर्घटना में घायल व्यक्ति की अविलंब मदद करना, हिट एंड रन के मामले में मिलने वाली आर्थिक मदद, आदि के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। इसके अलावा यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। जरूरतमंदों को हेलमेट और नियमों से संबंधित पम्पलेट, स्टिकर वितरित किए गए और प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत बिना हेलमेट वाहन चलाते हुए 57 वाहनों का, बिना सीट बेल्ट 16 वाहनों का, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए 11 वाहन, बिना बीमा के वाहन चलाते हुए 17वाहनों का, नो पार्किंग के 13, मोटरसाइकिल पर तीन सवारी बैठा कर चलने वाले 23 वाहनों का चालान करते हुए अन्य एम.वी. एक्ट की विभिन्न धाराओं में 21 वाहनों का चालान किया गया।





## पूमावि पनारी में यातयात प्रभारी ने बच्चों को दी जानकारियां

**सत्ता सुधार ■ ललितपुर**

पूर्व माध्यमिक विद्यालय पनारी में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने यातायात के संबंध में बहुत सारी जानकारी बच्चों दी। साथ में बताया कि जो बच्चे 18 साल की उम्र पूरी कर लेंगे उसके बाद वह गाड़ी चला सकते हैं और अपना लाइसेंस भी बनवा सकते हैं। बच्चों को रोड देखकर पर करना चाहिए। गाड़ी चलाने वालों को हमेशा हेलमेट लगाकर गाड़ी चलाना चाहिए। गाड़ी के कागज हमेशा अपने साथ डिजिटल लॉक ऐप पर रखना चाहिए जिससे कि चैकिंग के दौरान में परेशानी ना हो। साथ में बच्चों ने यातायात संबंधी बहुत से चित्र बनाए जो बच्चे प्रथम द्वितीय और तृतीय आए टीएसआई आलोक कुमार तिवारी ने उनको सम्मानित किया गया। इस प्रोग्राम में ग्राम प्रधान पनारी बलवंत सिंह, पत्रकार विभाकांत हुण्डैत, लोकेन्द्र राजा, आनंद स्वामी, विद्यालय स्टाफ प्रतिभा यादव, सीमा जैन, तारा तिवारी, नंदनी डायट प्रशिक्षु भी मौजूद रहे।



# नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन ने झाँसी मंडल कार्यालय में शोक सभा आयोजित

**सत्ता सुधार ■ ललितपुर**

नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन शाखा ललितपुर द्वारा झांसी मंडल कार्यालय में उपस्थित होकर नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन झांसी मंडल के मंडल मंत्री अमर सिंह यादव की माताजी के देहांत के उपरांत शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति एवं श्री हरि के चरणों में गमन हेतु संवेदना प्रेषित की गई। साथ ही परिवार को इस दुखद घड़ी में साहस प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। ललितपुर शाखा के उपाध्यक्ष सागर अग्निहोत्री की सासू मां आसमायिक निधन पर झांसी स्थित उनके निवास पर जाकर ललितपुर शाखा के पदाधिकारी ने शोक संवेदनाएं प्रकट की एवं दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। झांसी मंडल कार्यालय में उपस्थित होकर ललितपुर शाखा एवं झांसी मंडल के अन्य पदाधिकारी ने उपस्थित होकर शोक सभा आयोजित की। शोकसभा में मनोज जाट, नितिन शर्मा, मनोज तिवारी, शाकिर खान, सुभाष कुमार, सागर अग्निहोत्री, एस.के.द्विवेदी समेत यूनियन के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे। शोकसभा उपरांत शाखा उपाध्यक्ष शांतनु पुरोहित ने सभी मंडल पदाधिकारी समेत सभी उपस्थित सदस्यों का शोक सभा में संचालन कर शोक संवेदनाएं प्रकट की।

## एनपीसीआई/डीबीटी की प्रक्रिया को पूर्ण करायें पेंशनधारक

ललितपुर। जिले के समस्त दिव्यांग पेंशन/कुष्ठावस्था पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों को सूचित किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिव्यांग भरण पोषण अनुदान, कुष्ठावस्था पेंशन एवं इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के लाभार्थियों को पेंशन की द्वितीय किश्त का प्रेषण एकाउण्ट बेस्ड पेमेंट के स्थान पर आधार बेस्ड पेमेंट प्रणाली के माध्यम से किया जाना है। इसके लिए लाभार्थियों के बैंक खातों में एन.पी.सी.आई./डी.बी.टी.की प्रक्रिया को पूर्ण कराने के साथ आधार प्रमाणीकरण कराने के उपरान्त ही उन्हें आधार बेस्ड पेमेण्ट प्रणाली के माध्यम से पेंशन की धनराशि का भुगतान किया जा सकेगा। अतएव दिव्यांग पेंशन प्राप्त कर रहे समस्त लाभार्थी सम्बन्धित बैकों में जाकर अपने बैंक खातों में एनपीसीआई/डीबीटी की प्रक्रिया को पूर्ण कराने के साथ आधार प्रमाणीकरण कराये।

# मड़ावरा पुलिस ने चार वारण्टी पकड़े

**सत्ता सुधार ■ ललितपुर**

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी मड़ावरा राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में जिले में वांछित, वारण्टी अभियुक्तों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत मड़ावरा पुलिस ने मानिकपुर निवासी सुखलाल पुत्र बलू, लल्लू पुत्र जूजे अहिरवार और अंगद पुत्र गनुवा अहिरवार को हिरासत में लिया है। वांछितों को पकडने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मड़ावरा अशोक कुमार वर्मा, उप निरीक्षक विपिन डेढ़ा, उप निरीक्षक चन्द्रपाल व हे.कां. विक्रम सिंह शामिल रहे।




## ब्लाक प्रमुख तालबेहट का मामला फिर सुर्खियों में...

**ललितपुर। ब्लाक प्रमुख तालबेहट के पद पर हुये निर्वाचन प्रक्रिया में मतगणना उपरान्त अवैध घोषित किये गये मतों को लेकर प्रत्याशी रहे राजदीप सिंह ने जिला न्यायालय ललितपुर में याचिका दायर की थी। इस याचिका को लेकर जिला न्यायालय द्वारा प्रथम अपील संख्या 337/2024 को खारिज करते हुये चुनाव न्यायाधिकरण/जिला न्यायाधीश ललितपुर द्वारा चुनाव याचिका संख्या 01/2023 में पारित दिनांक- 7 मार्च 2024 के आदेश को रद्द किया है। उच्च न्यायालय ने यह भी आदेश में कहा कि तथ्यहीन चुनाव याचिका को खारिज किया जाकर 7 मार्च 2024 के आदेश के अनुशरण में कोई भी परिणामी कार्यवाही भी निरस्त की जाती है। न्यायालय द्वारा आये इस आदेश के बाद अब राजनैतिक गलियारों में फिर से हलचलें तेज हो गयी हैं।**

### सड़क दुर्घटना में प्रधान के भाई की मौत

**ललितपुर।** बानपुर मार्ग पर गुरुवार रात एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक और डीसीएम वाहन को टक्कर मार दी। इस हादसे में ग्राम गंगचारी के प्रधान के भाई की मौके पर मौत हो गई, जबकि डीसीएम चालक घायल हो गया। थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम गंगचारी निवासी सुखपाल सिंह (48) खाद-बीज लेने बानपुर कस्बे गए थे। देर शाम जब वह बाइक से घर लौट रहे थे, तभी ग्राम बिल्ला और उटारी के बीच तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। यही नहीं, डंपर ने सड़क किनारे खड़ी भूसा लदी डीसीएम को भी टक्कर मार दी। घटना के बाद सुखपाल और डीसीएम चालक दोनों घायल हो गए। उन्हें तुरंत मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सुखपाल को मृत घोषित कर दिया। डीसीएम चालक का इलाज चल रहा है। मृतक के बड़े भाई और ग्राम प्रधान रक्षपाल सिंह ने बताया कि सुखपाल परिवार में चौथे नंबर के थे। उनके परिवार में चार बेटियां और एक बेटा हैं।

### नौवें दिन भी जारी रहा धरना प्रदर्शन

# कई खिलाड़ियों का भविष्य इन्हीं खेल मैदानों से बना : हरीबाबू शर्मा

**सत्ता सुधार ■ ललितपुर**

युवाओं को खेल मैदान आवंटन की मांग को लेकर घण्टाघर पर चल रहा धरना प्रदर्शन नौवें दिन भी जारी रहा। विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन करते हुये तुवन मैदान को खेल मैदान घोषित करने की मांग की।

इस दौरान नागरिक विकास मोर्चा के अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने कहा कि इस मैदान पर सन 1957 से लेकर सन 1960 तक हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद ने हॉकी खेलकर अपने खेल से सबको मंत्र मुग्ध किया। देश के कई राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने यहां प्रदर्शन किया। इसको खेल मैदान घोषित किया जाय। उन्होंने इस मैदान को खेल मैदान घोषित किये जाने की मांग को दोहराया। धरना स्थल पर पार्षद मनमोहन चौबे, करन पाल, पार्षद जगदीश यादव, किसान नेता लाखन सिंह पटेल, किसान नेता राजपाल यादव, सुधीर श्रीवास्तव, ब्रजबिहारी मिश्रा, सचिव, देवेंद, बॉबी राजा, अशोक टोनी, योग शिक्षक फूलचंद्र रजक, सुनील शर्मा, प्रमोद चौबे, पवन परमार, शाहिद आलम, ब्रजेश पांडिया, दीपक पाठक, अभिषेक, राजीव जैन, संकेत कुशवाहा, भीकम सिंह यादव, राणाजी परमार, नैतिक, हनुजीत, मोहसिन, शहीम मिर्जा, महादेव सेन, मुहम्मद अंसार, रामसेवक, कृष्णकांत साहू आदि उपस्थित थे।



### अभिभावक सम्पर्क कर छात्र उपस्थिति बढ़ाने का करें प्रयास : बीईओ

# निपुण मूल्यांकन परीक्षा में शत-प्रतिशत बच्चों ने किया प्रतिभाग

**सत्ता सुधार ■ ललितपुर**

विकास खण्ड मड़ावरा अंतर्गत संकुल केंद्र पारौल के समस्त विद्यालय में खंड शिक्षाधिकारी नरेश कुमार रावत के निर्देशन में एन.ए.टी. परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों के अथक प्रयास से अनेक विद्यालय के शत-प्रतिशत बच्चों ने प्रतिभाग किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय बछरावनी में पर्यवेक्षक विशाल जैन पवा, केंद्र व्यवस्थापक राकेश नामदेव एवं अनुदेशक सुनील कुमार की देखरेख में परीक्षा का आयोजन किया गया, नामांकित सभी 50 बच्चों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया।



ए.आर.पी. सुरेश कुमार के नेतृत्व में कम्पोजिट विद्यालय गुरयाना में प्राथमिक के 107 के सापेक्ष 105 एवं उच्च प्राथमिक के सभी 52 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें संतोष कुशवाहा, लक्ष्मणदास, हाकम सिंह, संध्या, अनीता तिवारी एवं विनीता पाठक आदि का सहयोग रहा। वहीं कम्पोजिट विद्यालय देवरी के सभी 60 बच्चों, पूर्व माध्यमिक विद्यालय पारौल के सभी 50 बच्चों, पूर्व माध्यमिक विद्यालय चांदौरा के सभी 53 बच्चों पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरौदिया के सभी 40 बच्चों ने निपुण मूल्यांकन परीक्षा में प्रतिभाग किया। जिसमें स्वाति श्रीवास्तव, प्रभा सिंह, नरेन्द्र प्रताप सिंह, आशीष तिवारी, अमित जैन, संतोष कुमार नपित, अंतिम जैन, देशबंधु नरवरिया, संकुल शिक्षक आदेश पुरोहित, नितिन जैन, ज्योतिरादित्य पटेल, संजीव आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

# शनि अमावस्या आज होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**सत्ता सुधार ■ ललितपुर**

श्री श्री 1008 सिद्धपीठ शनिधाम मंदिर बीच बंध तालाबपुरा की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुयी। बैठक में 30 नवम्बर को शनि अमावस्या महापर्व को लेकर बताया गया कि सुबह 5 बजे से तेल अभिषेक, शनि पूजन, हवन, मंगल अर्जियों के साथ होगा। सांय 5 बजे से भजन संध्या का आयोजन व प्रसादी वितरण एवं रात्रि 9 बजे महाआरती होगी। बताया गया कि बीती 28 नवम्बर 2024 को सिद्धपीठ शनिधाम मन्दिर बीच का बंध तालाबपुरा पर आयोजित बैठक में बताया गया कि शनि अमावस्या महापर्व पर विभिन्न कार्यक्रम होगें। बैठक में मंजीत सिंह परमार, अखिलेश शर्मा मोन्टी, गिरीश कुमार साहू, दामोदर पटेल, बब्लू अग्रवाल, भगवानदास कुशवाहा, जे.पी. कुशवाहा, शिशुपाल, योगेश कुशवाहा, अर्जन रैकवार, हरगोविन्द पटेल, अशोक साहू, कौशल किशोर, वीरसंह, राजू विश्वकर्मा, सुरेशचंद्र कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, पवन कुशवाहा, सोनू रैकवार, सचिन रैकवार, गोलू कुशवाहा, श्रीराम साहू, शुभम, दिनेश साहू, आशीष मम्मा, पप्पू यादव, रामस्वरूप कुशवाहा, मनोज साहू, नीरज सोनी, कौशल किशोर, कैलाश सेन, श्रीराम झां, संदीप बुन्देला इत्यादि उपस्थित रहे

# मेडीकल कांड दोषियों पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना

## क्रमिक अनशन की दी चेतावनी

सत्ता सुधार ■ झांसी

आज गांधी उद्यान कचेहरी चौराहा में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी, झांसी के संयुक्त तत्वाधान में मेडीकल कॉलेज में हुये अग्निकांड की उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर धरना दिया गया और जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह परीछा के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को भेंट किया।

धरने को संबोधित करते हुये प्रदेश सचिव मनीराम कुशवाहा ने कहा कि विगत दिनों वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज झांसी में मेडिकल कॉलेज प्रशासन की लापरवाही से हुए अग्निकांड में अब तक कुल 18 मासूमों की जान चली गई। परंतु प्रदेश सरकार की उदासीनता से स्वास्थ्य विभाग की जांच में लीपापोती की गई।



जिलाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह पारीछा ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में देश की आत्मा को झकझोर देने वाली घटना प्रकाश में आई है, परंतु सरकार द्वारा की गई जांच के उपरांत किसी भी दोषी अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। इस अवसर पर धरने की अध्यक्षता करते हुए शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि उक्त घटनाक्रम में स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री की भी जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। घटना में मृत मासूमों के परिवार के लिए 25-25 लाख, घटना में बच्चों को बचाने वाले सिस्टर जेम्स, पुष्पेंद्र यादव और याकूब को बहादुरी पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र एवं 50-50 लाख रुपए तथा दोषी स्वास्थ्य मंत्री एवं अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर मृत मासूमों को न्याय दिलाने की मांग की। इस मौके पर युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक शिवहरे, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, सुरेन्द्र सक्सेना, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बलवान सिंह यादव, अरविंद बब्लू, वैभव बढ़ा, हरवंश लाल, राजकुमार सेन, अमीर चंद आर्य, अखिलेश गुरुदेव, जगमोहन मिश्रा, शफीक अहमद मुन्ना, शैलेंद्र वर्मा शीलू, देशराज रिछारिया, नफीस मकरानी, शमीमा सिद्दिकी, अशोक कन्सोरिया, मानव श्रीवास्तव, जीतू राजा श्रीवास, दिनेश वर्मा, प्रीति श्रीवास, राजेश रानी, राज कुमार फौजी, अशोक कौशल, प्रदुम्न सिंह , राजकुमार यादव, मुकेश बैदौरिया, हरिशंकर बाल्मीकि, शैलेष चतुर्वेदी, मो. आसिफ, हरिओम बजवासी, अभिनव सक्सेना, फरीदा मंसूरी, नीरज सेन, पवन राज, संजीव कुमार गुप्ता, सूरज प्रकाश राय, मनोज तिवारी, जुगल किशोर सत्या, मातादीन श्रीवास, रशीद मंसूरी, विवेक गुप्ता, वीरेंद्र कुमार झां, अनुज चौरसिया, पंकज साहू, महेंद्र चतुर्वेदी, अमित करोसिया, प्रशांत वर्मा, हनीफ़ खान, वीरेंद्र अहिरवार , धर्मेंद्र राजपूत, कुसुम, हिना, महमूद आदि मौजूद रहें। संचालन शहनबाज खान ने किया और अंत में आभार रघुराज शर्मा ने व्यक्त किया।

## ब्रीफ न्यूज़

### बसपा के सत्तीदीन श्रीवास व महाराज सिंह पाल बने जिला प्रभारी

**झांसी।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री उ प्र सुश्री बहन कुमारी मायावती ने जनपद झांसी में संगठन का बदलाव करते हुए महाराज सिंह पाल को जिला प्रभारी झांसी, सत्तीदीन श्रीवास पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका मऊरानीपुर को जिला प्रभारी झांसी बनाया गया है। इसके साथ ही 223 झांसी विधान सभा का अध्यक्ष अजय चौधरी तालपुरा बनाया गया। वहीं आज महान समाज सुधारक शिक्षा की अलख जगाने वाले महात्मा ज्योतिवारराव फुले के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें नम आँखो से याद करते हुए नमन किया। इस अवसर पर मण्डल प्रभारी रविकांत मौर्या, जिलाध्यक्ष अमित वर्मा, जिला महासचिव उत्कर्ष साहू, आनन्द साहू, अजय चौधरी, राहुल राजा,राकेश कुशवाहा, अरविन्द मोर्य , निहाल कुशवाहा, लकी कुशवाहा ,जितेन्द्र कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा हमीद खान सहित आदि लाग उस्थित रहें।

### मारपीट का आरोप सिद्ध होने पर चार को तीन तीन वर्ष का कारावास की सज़ा हुई

**झांसी।** पंद्रह वर्ष पूर्व घर में घुसकर दलित को मारपीट करने का आरोप सिद्ध होने पर न्यायालय विशेष न्यायधीश अनुसूचित जाति और अनुजनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम झांसी धीरेंद्र कुमार तृतीय उच्च न्याय सेवा की अदालत ने चारों आरोपियों को तीन तीन वर्ष कारावास ओर एक एक हजार रुपए अर्थदंड अदा करने फैसला सुनाया है। वही चारों आरोपियों को दलित एक्ट से दोषमुक्त कर दिया गया। तर्क देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थान पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करना अपमान की श्रेणी में आता है।अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे शासकीय अधिवक्ता केशवेंद्र प्रताप सिंह/ कपिल करोलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन अगस्त 2009 को ग्राम सीजारी बुजुर्ग निवासी लड्डू पुत्र चिरु ने लहचूरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि वह अपने खेत से काम कर घर पहुंचा तभी गांव के रहने वाले बृज भूषण यादव, जगन्नाथ, सत्तू ओर रामनाथ यादव हाथों में लाठी डंडा लेकर आए और घर में घुसकर गाली गलौज कर उसकी मारपीट कर दी और उसे जाति सूचक शब्दो से अपमानित कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया था। न्यायालय ने सुनवाई करते हुए गवाहों ओर शासकीय अधिवक्ता की जिरह के बाद चारों आरोपियों पर मारपीट का आरोप सिद्ध पाया। साथ ही घटना सार्वजनिक स्थान न होकर घर के अंदर होने पर चारों को एस सी एस टी एक्ट के आरोप से दोष सिद्ध कर दिया।

# झांसी के अधिकारियों को नहीं प्रोटोकॉल का ज्ञान, अब कौन सिखाएगा इन्हें माननीय के आदर का पाठ

सत्ता सुधार ■ झांसी

यूं तो भारत में अतिथि देवो भव-की संस्कृति है और हम सभी भारतीय इसका बखूबी पालन करना जानते हैं। लेकिन कभी-कभी कुछ घटनाएं न केवल संस्कृति पर सवाल उठाती हैं बल्कि हमारे संस्कारों को भी आरोप प्रत्यारोप के घेरे में खड़ा कर देती हैं। ताजा मामला झांसी के पीडब्ल्यूडी विभाग के प्रांतीय खंड से संबंधित है। जहां अधिशाषी अभियंता की अनदेखी के कारण माननीय का प्रोटोकॉल टूटते टूटते बचा। आपको बताते चलें कि बीते गुरुवार को पीडब्ल्यूडी विभाग के राज्य मंत्री बृजेश सिंह को झांसी समीक्षा बैठक लेने आना था इस दौरान उन्हें विभागीय अधिकारियों के समेत स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करकार्यों की समीक्षा करनी थी प्रोग्राम पहले से सेट था और कार्यक्रम में शामिल होने वाले जनप्रतिनिधियों को भी बैठक का आमंत्रण दिया जा चुका था लेकिन जिस बैठक में झांसी के सबसे बड़े प्रोटोकॉल वाले माननीय को शामिल होना था वहां उनके लिए कोई स्थान ही नहीं था। इस पर व्यवस्था की जिम्मेदारी उठाने वाले



पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड के अधिशाषी अभियंता की जमकर किरकिरी भी हुई दरअसल,गुरुवार को जब राज्य मंत्री बृजेश सिंह झांसी पहुंचे तो सभी अधिकारी उनकी आओ भगत में लग गए और इस दौरान कोई कमी ना रह जाए इस बात का पीडब्ल्यूडी विभाग पूरा प्रयास कर रहा था मंत्री जी के स्वागत सम्मान में किसी प्रकार की कोई चूक नहीं की गई। झांसी के विकास भवन सभागार में बैठक का आयोजन था इसलिए मंत्री जी समेत सभी लोग विकास भवन पहुंच गए। इस दौरान शिक्षक विधायक डॉ बाबूलाल तिवारी भी बैठक में शामिल हुए। इसके अलावा कुछ और जनप्रतिनिधियों को भी इस बैठक में शामिल होना था लेकिन शायद बागेश्वर महाराज की यात्रा के कारण बाकी के जनप्रतिनिधि बैठक में नहीं पहुंच पाए। परन्तु जिन नेताओं को बैठक में शामिल होना था उनके प्रतिनिधि विकास भवन पहुंचे।

इस दौरान झांसी के सबसे हाई प्रोटोकॉल वाले माननीय, उत्तर प्रदेश के विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह को भी इस बैठक में शामिल होने का आमंत्रण मिला था, लेकिन उनके झांसी में न होने के कारण उनके प्रतिनिधि बैठक में पहुंचे थे। जब वे बैठक में पहुंचे तो उन्होंने देखा कि जिस बैठक में सभापति का प्रोटोकॉल सबसे बड़ा होना था वहां उनके लिए न तो कोई आसन था और न ही उनके नाम की कोई भी प्लेट जबकि माननीय मंत्री जी समेत जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के लिए पूरी व्यवस्था थी। इस पर क्या था सभापति के प्रतिनिधि से सबसे बड़े प्रोटोकॉल वाले नेता जी का अपमान बर्दाश्त नहीं हुआ इसके बाद क्या था प्रतिनिधि जी ने पीडब्ल्यूडी विभाग के प्रांतीय खंड के अधिशाषी अभियंता की फटकार लगादी अब यह मामला झांसी के जनप्रतिनिधियों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि राज्य मंत्री जी के द्वारा मौके पर ही जिलाधिकारी से बात कर मामले की जांच के आदेश दिए गए थे और भविष्य में ऐसी गलती ना हो इसके लिए संबंधित को कड़े निर्देश देने की बात भी कही गई थी। अब देखने वाली बात होगी कि प्रोटोकॉल की अवहेलना पर महोदय पर क्या कार्रवाई होती है।

### बबीना रूरल सहकारी समिति में खाद की कालाबाजारी का आरोप, जांच की मांग

सत्ता सुधार ■ बबीना (झांसी)

बबीना रूरल साधन सहकारी समिति से खाद की कालाबाजारी की खबर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। भाजपा नेताओं ने समिति के सचिव विकास दीक्षित और उनके सहायक पर आरोप लगाया है कि डीएपी और यूरिया खाद को मध्यप्रदेश के किसानों को ब्लैक में बेचा जा रहा है, जबकि क्षेत्रीय किसान सुबह से शाम तक लाइन में लगने के बावजूद खाद नहीं पा रहे हैं। एक वायरल वीडियो में शाम सात बजे समिति कार्यालय में कुछ लोग यूरिया की बोरियों के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। वीडियो में भाजपा नेता उनसे सवाल करते दिख रहे हैं कि रात के समय खाद किसे बेची जा रही है। इस मामले में जब बबीना संवाददाता शैलेश सोनू शिवहरे ने सचिव विकास दीक्षित से बात की, तो उन्होंने सभी आरोपों को झूठा बताया। उन्होंने कहा कि बबीना समेत अन्य क्षेत्रों का प्रभार होने के कारण स्टाफ की कमी के चलते राजू राजपूत को चाबी दी गई थी, ताकि वह गाड़ी उतारने और गोदाम की सफाई का काम देख सके। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति स्टॉक की जांच करा सकता है। इस बीच, पूरे जिले में किसान खाद की किल्लत से परेशान हैं। भूखे-प्यासे घंटों लाइन में खड़े होने के बावजूद उन्हें खाद नहीं मिल रही है। अब मामले की सच्चाई जांच के बाद ही सामने आएगी।

# सनातन हिंदू एकता पदयात्रा का किया स्वागत, सांसद अनुराग शर्मा की अगुवाई में पुष्प वर्षा और श्रद्धा का अद्वितीय आयोजन



सत्ता सुधार ■ झांसी

बरुआसागर में धर्म, भक्ति और एकता का अनूठा दृश्य, बागेश्वर धाम महाराज का स्वागत बुलडोजरों से पुष्प वर्षा और झांकी के साथ हुआ ऐतिहासिक बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा के झांसी लोकसभा क्षेत्र के बरुआसागर नगर में आगमन पर एक ऐतिहासिक और भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनुराग शर्मा ने अपनी कल्पनाशीलता और श्रद्धा का परिचय देते हुए बुलडोजरों के माध्यम से पुष्प वर्षा कर इस स्वागत को अनूठा और यादगार बना दिया। इस अवसर पर महिलाओं ने विशेष रूप से कलश यात्रा निकालकर महाराज जी का अभिनंदन किया। सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश रखकर और दीप प्रज्वलित कर स्वागत समारोह में शामिल हुई। इसके अलावा, प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर की झांकी भी इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही, जिसने उपस्थित जनसमूह को गहरे धार्मिक आस्था से भर दिया और पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना दिया। सांसद अनुराग शर्मा द्वारा आयोजित इस अद्वितीय स्वागत समारोह में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, महोबा लोकसभा के पूर्व सांसद पुष्पेंद्र चंदेल, भाजपा झांसी महानगर के जिलाध्यक्ष हेमंत परिहार सहित पार्टी के जिला एवं महानगर पदाधिकारी, संसदीय कार्यालय के सदस्य, भाजपा कार्यकर्ता, मातृशक्ति और स्थानीय समाजसेवी उपस्थित रहे। सांसद अनुराग शर्मा का कहना हैं कि आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी की यह यात्रा सनातन संस्कृति और हिंदू एकता का प्रतीक है।

# भारत राष्ट्र के लिए धीरेंद्र शास्त्री बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं : राजेंद्र दास महाराज

सत्ता सुधार ■ झांसी

सनातन हिंदू एकता यात्रा छतरपुर से ओरछा तक निकल जा रही है यह यात्रा बागेश्वर धाम के महंत पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के द्वारा के संयोजन में की जा रही है

आज यात्रा जनपद के बरुआसागर पहुंची जहां पर सनातन धर्म के जन समुदाय के साथ ही साधु संत व तमाम राजनीतिक क्षेत्र से जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर यात्रा का भव्य स्वागत किया। यह यात्रा रात्रि में ओरछा तिगैला पर विश्राम के बाद शुक्रवार को ओरछा के लिए प्रस्थान करेगी जहां पर यात्रा का समापन होगा। आज इस यात्रा की अध्यक्षता मलूक पीठाधीश्वर महाराज राजेंद्र दास महाराज के द्वारा की गई वह पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के साथ में लगभग आधा किलोमीटर तक पैदल चले और संत मलूक पीठाधीश्वर दास महाराज ने सभी सनातनी हिंदुओं को एकजुट होने का आह्वान किया साथी पूरे विश्व में हिंदू एकता की अलख जगाने वाले धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा की आज इस विराट जन समुदाय को देखकर और



सनातनियों के दर्शन कर मन बहुत प्रसन्न हो गया धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री भारत राष्ट्र के लिए बहुत अच्छा करना चाहते हैं इसी प्रकार हिंदू समुदाय एकजुट होकर हिंदू सनातन धर्म के प्राचीन पुरातन मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबंध हो जाए तो वह दिन दूर नहीं जब भारत गौ वंश के कलंक से दूर हो जाएगा ।भारत हिंदू राष्ट्र के रूप में समस्त विश्व में प्रसिद्ध हो जाएगा।

इस दौरान संत राजेंद्र दास महाराज के साथ में कौशिक जी महाराज वृंदावन धाम से गंगा दास महाराज,राम गोपाल दास महाराज, त्यागी जी महाराज, श्री धुन वाले दादाजी कृष्णानंद महाराज राजू दास महाराज, डिप्टी सीएम छत्तीसगढ़ विजय शर्मा, कुंडा के विधायक राजा भैया, झांसी के सांसद अनुराग शर्मा बबीना विधायक राजीव सिंह ,

गौ सेवक पीयूष रावत, अमित चिरवारिया, अमित साहू, अतुल मिश्रा, विनोद अवस्थी, पुरुषोत्तम स्वामी, राजीव तिवारी, कमलेश मिश्रा, द्वारिका मिश्रा, मुकेश दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी निरीक्षक ने क़स्बा में पैदल गस्त कर परखी व्यवस्थाएं

सत्ता सुधार ■ कटेरा - (झाँसी)



प्रभारी निरीक्षक थाना कटेरा अमरनाथ सिंह द्वारा पुलिस बल के साथ शांति सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौकस रखने की दृष्टि से शुक्रवार की शाम को क़स्बा के मुख्य बाजार,बस स्टैंड,प्रमुख चौराहे,धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को परखा प्रभारी निरीक्षक अमरनाथ सिंह ने पैदल गश्त के दौरान नगरवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना नगरवासियों को विश्वास दिलाया कि कटेरा पुलिस हमेशा उनके साथ है आपसी सौहार्द से रहे आपातस्थिति होने पर तत्काल सूचना दे तत्काल प्रभाव से समस्या का समाधान किया जाएगा उन्होंने कहा कि नगर में कानून व्यवस्था कायम रखने व अपराधियों पर अंकुश लगाये रखने के लिए पुलिस बल द्वारा प्रतिदिन पैदल गश्त किया जा रहा है पैदल गश्त के दौरान संदिग्ध लोगों से भी पूछताछ की जाती है साथ ही क़स्बाइयों से कहा की शर्दियों का मौसम आरम्भ हो रहा है और शादियों का भी सीजन आ गया है ऐसे में चोरिया होने का अंदेशा रहता है इसलिए सतर्क रहने की आवश्यकता है।

# पुलिस अलर्ट :- एसएसपी ने भारी पुलिस बल के साथ किया पैदल गस्त

सत्ता सुधार ■ झांसी



संभल में बबाल के बाद पहला जुमा की नमाज होने पर पूरे यूपी में पुलिस अलर्ट हो गई। इसी के चलते सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए एसएसपी श्रीमती सुधा सिंह ने पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था देखी।शुक्रवार को जुमा की नमाज होने पर मुख्यालय के निर्देशन पर झांसी पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। शुक्रवार की दोपहर बारह बजे से एसएसपी श्रीमती सुधा सिंह ने पुलिस बल के साथ मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था देखी। साथ ही जुमा की नमाज पर किसी प्रकार की कोई अनहोनी न हो इससे निपटने को सीआरपीएफ एक बटालियन ओर पुलिस फोर्स के साथ मरकज मस्जिद सहित गोविंद चौराहा, झोंकन बाग, सैयर गेट, आदि स्थलों पर पैदल गस्त किया। पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड़ पर है। खुराफातियों के मनसूबों पर पानी फेरने को लेकर पूरी ने पूरी तैयारी कर ली है। साथ ही ड्रोन कैमरे से छतों पर तथा संवेदन शील इलाकों में नजर रखी जा रही साथ ही खुफिया तंत्र भी पूरी मुस्तैदी से लगा हुआ है।

# दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये ड्राईवरों में जागरुकता बहुत जरुरीः मण्डलायुक्त

- मण्डल के ड्राईवरों को प्रशिक्षित करने के लिये कार्यशाला आयोजित कराने के निर्देश
- ड्राईवरों का स्वास्थ्य परीक्षण निर्धारित अन्तराल पर अनिवार्य रुप से होना चाहिए

सत्ता सुधार ■ झांसी

आयुक्त सभागार में मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे की अध्यक्षता में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन हुआ।

मण्डलायुक्त ने कहा कि झांसी मण्डल में दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये ड्राईवरों में जागरुकता लाना बहुत जरुरी है। उन्होने आरटीओ को निर्देशित किया कि मण्डल के ड्राईवरों को प्रशिक्षित करने के लिये कार्यशाला आयोजित करायें, जिससे कि उन्हें दुर्घटनायें रोकने के लिये विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से अवगत कराय जा सके। उन्होने कहा कि ड्राईवरों का स्वास्थ्य परीक्षण निर्धारित अन्तराल पर अनिवार्य रुप से होना चाहिए, जिससे उन्हें उनके स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील किया जा सके।

मण्डलायुक्त ने मण्डल में चिह्नित ब्लैक स्पॉट का स्थायी निवारण किए जाने के निर्देश देते हुये कहा कि सड़क पर चलने वाले प्रत्येक व्यक्ति का जीवन महत्वपूर्ण है। अतः सड़क दुर्घटनाओं का विश्लेषण कर दुर्घटनाओं को न्यूनतम स्तर पर लाने का निरंतर प्रयास करें। उन्होंने मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा स्कूली वाहनों से संबंधित निर्दिष्ट



मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में मण्डलायुक्त ने आरटीओ को निर्देशित किया कि समस्त स्कूलों को सूचीबद्ध करते हुए प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने परिवहन विभाग एवं शिक्षा विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चे यदि स्कूल वाहन से आ रहे हैं, उस वाहन का परमिट वैध है अथवा नहीं, इसे कड़ाई से सुनिश्चित किया जायें, ताकि वाहनों के संचालन को नियमानुसार संचालित कराया जा सके।

मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मण्डलायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों को चिन्हित करने, जनपदवार नये सिरे से ब्लैक स्पॉट चिन्हित करते हुये सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होने हिट एण्ड रन योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, गुड सेमे रिर्टन योजना के तहत जनमानस को घायल व्यक्तियों की सहायता करने के लिये योजना के तहत 05 हजार रुपये प्रदान करने के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। नगर निगम द्वारा प्रत्येक मार्ग पर पार्किंग की व्यवस्था विकसित करने तथा मेडीकल कालेज के सामने सड़क चौड़ा किये जाने हेतु निर्देश दिये।

मण्डलायुक्त ने सड़को पर अतिक्रमण के रोकथाम, अनाधिकृत पार्किंग पर रोकथाम, पार्किंग स्थलों का विकास, हाईवे एवं मुख्य मार्गों पर ट्रकों की पार्किंग पर रोक, यातायात नियमों के अनुपालन हेतु चैराहों पर अनाधिकृत पार्किंग, रॉग साइड वाहन संचालन, यातायात डायवर्जन की पूर्व सूचना आमजनमनास को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। पुलिस उप महानिरीक्षक श्री कलानिधि नैथानी द्वारा अपने सम्बोधन में कहा कि स्कूली बसों के वाहनों को पूर्ण रुप से चैकिंग करायें, जिससे कि बच्चों के साथ होने वाली घटनाओं पर पूर्ण अंकुश लगाया जा सके। उन्होने सीट बेल्ट, हेलमेट लगाने हेतु जनजागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिये। मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के ब्लैक स्पॉट के निस्तारण हेतु स्थायी निवारण किये जाने हेतु कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के ब्लैक स्पॉट की जानकारी देते हुए बताया कि बस स्टैंड, ईलाइट चैराहा, मेडिकल कॉलेज एवं मण्डी चैराहा स्थायी निस्तारण हेतु कार्यवाही प्रारम्भ की जा रही है।




न्यूयार्क में 98 वीं मैकी थैंक्स गिविंग डे परेड के दौरान विरोध प्रदर्शन करते हुए लोग।

## ब्रीफ न्यूज

### गायों की तलाश में निकलीं महिलाएं जंगल में भटकीं, रेस्क्यू कर बचाया गया

**एर्नाकुलम।** जंगल में अपनी गायों को तलाशने के लिए निकलीं तीन महिलाएं रास्ता भटक गईं। बड़ी मशक्कत के बाद प्रशासन ने इन्हें जंगल से सुरक्षित बाहर निकाला। एर्नाकुलम जिले के जंगल में 14 घंटे के गहन तलाश अभियान के बाद बचा लिया गया है। पुलिस ने बताया कि परुकुट्टी, माया और डार्ली स्टीफन के रूप में पहचानी गई ये महिलाएं जंगल के लगभग छह किलोमीटर भीतर घने अरक्कमुथी क्षेत्र में पाई गईं। अधिकारियों ने बताया कि रातभर जंगली जानवरों के बीच रहने के बावजूद वे सुरक्षित हैं और उन्हें उनके गांव वापस लाया गया है। उन्होंने बताया कि तीनों को स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं है। यह घटना कुट्टमपुझा के पास अट्टीकलम के वन क्षेत्र में हुई। पुलिस, अग्निशमन एवं बचाव दलों, आबकारी विभाग के कर्मियों, वन अधिकारियों और स्थानीय निवासियों की मदद से बड़े पैमाने पर बृहस्पतिवार को बचाव अभियान शुरू किया गया। पुलिस को बृहस्पतिवार दोपहर करीब तीन बजे महिलाओं के लापता होने की पहली सूचना मिली।

### चार आतंकवादियों को मार गिराया

**करांची।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने बृहस्पतिवार को एक अभियान के दौरान चार आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने बताया कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर जिले के बाग इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर यह अभियान चलाया गया। इस अभियान में आतंकी नेता 'बटूर' समेत चार लोगों की मौत हो गई और तीन आतंकवादी घायल हो गए।

### ट्रेन से 21 दिन में 13 देश घूमने का लीजिए लुत्फ

**लंदन।** आप ट्रेन से 21 दिन में एक-दो नहीं पूरे, 13 देश घूमने का लुत्फ उठा सकते हैं। यह यात्रा 18,755 किलोमीटर की दूरी तय करती हैं। यह दुनिया की सबसे लंबी ट्रेन यात्रा पुर्तगाल के अल्गार्व क्षेत्र से शुरू होकर सिंगापुर तक जाती है। अगर मौसम या अन्य कारणों से बाधा आती है तो इसमें और समय भी लग सकता है। यह ट्रेन 13 देशों से होकर गुजरती है, जिसमें स्पेन, फ्रांस, रूस, चीन, वियतनाम, थाईलैंड और सिंगापुर जैसे देश शामिल हैं। इस सफर के दौरान ट्रेन पेरिस, मॉस्को, बीजिंग और बैंकॉक जैसे प्रमुख शहरों से होकर गुजरती है। इस ट्रेन यात्रा की शुरुआत पुर्तगाल के लागोस शहर से होती है और इसके रास्ते में केवल 11 प्रमुख पड़ाव हैं। ट्रेन जब किसी शहर में रुकती है, तो यात्री वहां उतरकर स्थानीय संस्कृति, खानपान और प्राकृतिक दृश्यों का आनंद ले सकते हैं। यात्रियों को ठहरने के लिए भी पर्याप्त समय दिया जाता है, जिससे यह सफर और भी आनंददायक बन जाता है। इस यात्रा का टिकट लगभग 1,350 अमेरिकी डॉलर यानी 1,14,000 रुपये का है। इस टिकट में यात्रा के दौरान खाने, पीने और आरामदायक रहने की पूरी व्यवस्था शामिल है। हवाई यात्रा की तुलना में यह लंबा समय जरूर लेता है, लेकिन यह एक यादगार अनुभव प्रदान करता है।

# सीजफायर का उल्लंघन, इजराइल बोला संदिग्ध गाड़ियां दिखीं तो किया अटैक

### लेबनान ने इजराइल पर लगाए आरोप, हिज्बुल्लाह ने कहा हमारी उंगलियां ट्रिगर पर

**एजेंसी ■ तेल अवीव**

इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच 60 दिनों के सीजफायर को लागू हो चुका है, लेकिन दो दिनों के अंदर ही सीजफायर के उल्लंघन के आरोप लग रहे हैं। दोनों ही पक्ष एक दूसरे पर सीजफायर एग्रीमेंट का उल्लंघन करने के आरोप लगा रहे हैं। इजराइली सेना का कहना है कि कुछ संदिग्धों के गाड़ियों के काफिले को दक्षिणी लेबनान की ओर जाते देखा, जिस वजह से उन्होंने हमला किया। हिज्बुल्लाह ने सीजफायर की शर्तों का उल्लंघन किया है, जिस वजह से हमने दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों में अटैक किया।



लेबनान की सेना ने इजरायल पर आरोप लगाया है कि नेतन्याहू की सेना ने बुधवार और गुरुवार को कई बार सीजफायर का उल्लंघन किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हिज्बुल्लाह की सेंट्रल लीडरशिप ने जारी बयान में कहा है कि हमारी उंगलियां ट्रिगर पर रखी हैं और हम लेबनान की सीमा के पार भी इजराइली सेना की वापसी पर नजर रखेंगे। सीजफायर समझौते की शर्तों के तहत हिज्बुल्लाह के लड़ाकों और इजराइली सेना को 60 दिनों के अंदर पूरी तरह से दक्षिणी लेबनान से पीछे हटना है। इसके बाद लेबनान की सेना और संयुक्त राष्ट्र के शांतिदूत इन इलाकों में तैनात होंगे।

बता दें कि बुधवार सुबह शुरू हुए सीजफायर के बाद इजरायल ने लिटानी नदी के पास बेसारिया के पास एयरस्ट्राइक की। इस समझौते में कहा गया है कि लेबनान में लिटानी नदी के आसपास के इलाकों में हिज्बुल्लाह के ठिकानों को नष्ट किया जाएगा। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने दो टूक कह दिया है कि उन्होंने इजराइली सेना को सीजफायर का उल्लंघन किए जाने की स्थिति में तैयार रहने को कहा है। नेतन्याहू ने युद्धविराम की अवधि बढ़ाए जाने के सवाल पर कहा है कि युद्धविराम की अवधि इस बात पर निर्भर करती है कि लेबनान में क्या होता है? अगर हिज्बुल्लाह समझौते का उल्लंघन करता है या सीमा के पास आतंकवादी बुनियादी ढांचे का पुनर्निर्माण करने की कोशिश करता है, वह रॉकेट लॉन्च करता है, सुरंग खोदता है, रॉकेट ले जाने वाला ट्रक लाता है, तो हम हमला करेंगे।

सीजफायर समझौते के तहत इजराइली सैनिकों को दक्षिण लेबनान से वापस जाना होगा और लेबनान की सेना इस क्षेत्र में तैनात होगी। इसके साथ ही हिज्बुल्लाह लिटानी नदी के दक्षिणी सीमा पर अपनी सशस्त्र मौजूदगी भी खत्म कर देगा। लेबनान के विदेश मंत्री ने कहा है कि लेबनान की सेना इजराइली सैनिकों के वापस जाने पर दक्षिणी लेबनान में कम से कम 5000 सैनिकों को तैनात करने के लिए तैयार है। इजराइल और हिज्बुल्लाह के बीच पिछले 14 महीनों से जंग जारी थी। इजराइल का कहना है कि हिज्बुल्लाह के साथ बीते 14 महीनों की जंग में उन्होंने चरमपंथी संगठन के 12000 से ज्यादा ठिकानों पर हमला किया है जिनमें हिज्बुल्लाह के 1600 कमांड सेंटर्स और 1000 हथियार डिपो शामिल हैं। हिज्बुल्लाह के 2500 से ज्यादा लड़ाके मारे गए हैं।

## महिला ने किया 15 महीने की गर्भावस्था का दावा, मचा हडकंप



**एजेंसी ■ अबुजा**

एक महिला द्वारा 15 महीने की गर्भावस्था का दावा किया गया, जिसके बाद हड़कंप मच गया है। यह वाकया है नाइजीरिया देश का। इस बारे में अधिकारियों ने घोटाले और बच्चों की तस्करी की संभावना जताई है। चियोमा नामक महिला का कहना है कि उसने 15 महीने तक गर्भ धारण करने के बाद एक बच्चे को जन्म दिया है, जिसे वह और उसके पति अपना जैविक बच्चा मानते हैं। हालांकि, सरकारी अधिकारी और डॉक्टर इस दावे को अविश्वसनीय मानते हैं और मामले की गहराई से जांच कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चियोमा का कहना है कि उसे गर्भधारण करने के लिए अपने पति के परिवार से दबाव का सामना करना पड़ा। इस दबाव के चलते वह एक ऐसे कथित क्लिनिक गई, जो चमत्कारी प्रजनन उपचार का दावा करता था। अब जांच से पता चला है कि ये क्लीनिक महिलाओं को गर्भवती दिखाने और नवजात शिशुओं की तस्करी में शामिल हैं। अधिकारियों ने चियोमा के दावे को बेतुका बताते हुए कहा कि यह मामला धोखाधड़ी और शोषण से जुड़ा हो सकता है। उन्होंने आशंका जताई है कि इन क्लीनिकों के जरिए बच्चों की अवैध खरीद-फरोख्त की जाती है। इस मामले में बच्चा होप को चियोमा का जैविक संतान मानने से इनकार कर दिया गया है। नाइजीरिया, जहां दुनिया में सबसे अधिक जन्म दर है, महिलाओं पर गर्भधारण का भारी सामाजिक दबाव देखने को मिलता है। संतानहीन महिलाओं को समाज में अपमान और बहिष्कार का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि कई महिलाएं मातृत्व के अपने सपने को साकार करने के लिए अनैतिक और असुरक्षित उपायों का सहारा लेती हैं। सरकारी अधिकारी अब इस पूरे घोटाले की जांच कर रहे हैं।

### यूएस कमीशन के पूर्व कमिश्नर ने कहा-

## अमेरिका की बाइडेन सरकार ने बांग्लादेश पर अधिक ध्यान नहीं दिया

**एजेंसी ■ वॉशिंगटन**

यूएस कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम के पूर्व कमिश्नर जॉनी मूर ने कहा है कि अमेरिका की बाइडेन सरकार ने बांग्लादेश पर अधिक ध्यान नहीं दिया है। यह समय बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के अस्तित्व पर खतरे की तरह है। लेकिन ट्रंप अब आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन डोनाल्ड ट्रंप अपनी बेहतरीन टीम के साथ पद संभालने वाले हैं। उनकी यह टीम अमेरिकी मूल्यों की पैरोकार है और भारत को एक सहयोगी के तौर पर देखती है। बता दें कि हिंदू धर्मगुरु चिन्मय कृष्ण दास को देशद्रोह के आरोप में 25 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। बांग्लादेश की अदालत ने उन्हें जमानत नहीं दी और जेल भेज दिया। इसके बाद चिन्मय दास के समर्थक सड़कों पर उतर आए और



उग्र विरोध प्रदर्शन करने लगे।

मूर ने कहा कि मैं हैरान हूं कि मौजूदा अमेरिकी सरकार का बांग्लादेश पर अधिक ध्यान ही नहीं है। लेकिन तथ्य ये है कि अमेरिका में सरकार बदलने जा रही है, जिसकी बेजोड़ विदेश नीति होगी। लेकिन मैं ये कह सकता हूं कि ट्रंप व्हाइट हाउस में वापसी कर रहे हैं और अमेरिकी मूल्यों से लबरेज उनकी टीम एक बेहतर भविष्य के लिए काम करेगी। ट्रंप की यह टीम भारत को एक जरूरी सहयोगी के तौर पर देखती है। इस समय दुनियाभर में 50 से अधिक जंग चल रही हैं। दरअसल मूर से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के बीच अमेरिका के रुख के बारे में पूछा गया था? उनसे ये पूछा गया था कि ऐसी स्थिति में ट्रंप सरकार बाइडेन सरकार की तुलना में क्या अलग करेगी? इस पर उन्होंने कहा कि दुनिया में ऐसी कोई चुनौती नहीं है, जिसे सुलझाया नहीं जा सके।

### हिजबुल्लाह के बाद ईरान को सीरिया में भी लगा झटका, असद सरकार के खिलाफ विद्रोह

**दमिश्क।** लेबनान में हिजबुल्लाह की कमर टूटने के बाद अब ईरान को सीरिया में बड़ा झटका लगा है। इजरायल के अभियान के बाद सीरिया में ईरान समर्थित असद सरकार के खिलाफ विद्रोहियों ने बड़ा हमला कर दिया है। विभिन्न विद्रोही गुटों ने मिलकर सीरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो पर कब्जा किया है। अलेप्पो पर 2016 से असद की सरकार और ईरान समर्थक मिलिशिया का नियंत्रण है। इतना ही नहीं विद्रोहियों ने सीरिया में वरिष्ठ ईरानी सैन्य सलाहकार, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के ब्रिगेडियर जनरल किउमार्श पोरहाशमी की अलेप्पो में हत्या कर दी है। सीरियाई विद्रोहियों का हमला असद सरकार के लिए भी आश्चर्यजनक है। 2020 में रूस और तुर्की की मध्यस्थता में हुए युद्धविराम के बाद यह पहली महत्वपूर्ण झड़प है।




उत्तरी सुमात्रा में हुए भूस्खलन के बाद राहत व बचाव टीम से जुड़े सदस्य संभाले गांव में अपना काम करते हुए।

# पुतिन ने ट्रंप को चेताया कहा- आप सुरक्षित नहीं है, अपना ख्याल जरुर रखें

**एजेंसी ■ मास्को**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक अनुभवी और बुद्धिमान राजनीतिज्ञ के रूप में प्रशंसा की, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं है कि ट्रंप पर जानलेवा हमले के बाद वे सुरक्षित हैं। शिखर सम्मेलन के बाद कजाकिस्तान में पत्रकारों से बात करते हुए पुतिन ने कहा कि अमेरिकी चुनाव अभियान जिस तरह से आगे बढ़ा, उससे वे स्तब्ध हैं। उन्होंने ट्रंप के खिलाफ लड़ाई में इस्तेमाल किए गए बिल्कुल असभ्य तरीकों का हवाला दिया, जिसमें हत्या का प्रयास भी शामिल है - और एक से अधिक बार। एक शिखर सम्मेलन के बाद



कजाकिस्तान में मीडिया से बात करते हुए, पुतिन ने कहा कि जिस तरह से अमेरिकी चुनाव अभियान सामने आया है, उससे वे स्तब्ध हैं। उन्होंने ट्रंप के खिलाफ लड़ाई के लिए इस्तेमाल किए गए बिल्कुल असभ्य तरीकों का हवाला दिया, जिसमें हत्या का प्रयास भी शामिल है- और एक से अधिक बार। पुतिन ने कहा वैसे, मेरी राय में, वह अब सुरक्षित नहीं हैं। दुर्भाग्य से, संयुक्त राज्य अमेरिका के इतिहास में कई घटनाएं हुई हैं। मुझे लगता है कि वह (ट्रंप) बुद्धिमान हैं और मुझे उम्मीद है कि वह सतर्क रहेंगे और इसे समझेंगे। उन्होंने इस तरह के व्यवहार को घृणित बताया और कहा कि रूस में डाकू भी इस तरह के तरीकों का सहारा नहीं लेते। यूक्रेन में युद्ध को बढ़ाने के लिए बिडेन प्रशासन के फैसले के बारे में बात करते हुए, कीव को पश्चिमी मिसाइलों से रूस पर हमला करने की अनुमति देते हुए, पुतिन ने अनुमान लगाया कि यह ट्रम्प को वापस लेने के लिए कुछ देकर उनकी मदद करने की एक चाल हो सकती है या रूस के साथ उनके जीवन को और अधिक कठिन बनाने का एक तरीका हो सकता है। किसी भी तरह से, पुतिन ने कहा कि उन्हें लगता है कि ट्रम्प समाधान ढूंढ लेंगे और कहा कि मास्को बातचीत के लिए तैयार है। जुलाई में पेंसिल्वेनिया में एक हत्या के प्रयास में ट्रंप घायल हो गए थे। सितंबर में एक अलग घटना में, एक व्यक्ति पर ट्रंप के फ्लोरिडा गोल्फ कोर्स में कथित तौर पर राइफल के साथ खुद को तैनात करने के बाद हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया था। जुलाई में पेंसिल्वेनिया में एक हत्या के प्रयास में डोनाल्ड ट्रंप घायल हो गए थे। सितंबर में एक अलग घटना में, एक व्यक्ति पर ट्रंप के फ्लोरिडा गोल्फ कोर्स में से एक में कथित तौर पर राइफल के साथ खुद को तैनात करने के बाद हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया था।

## अध्ययन : खुद से बातचीत करती है डॉल्फिन

**एजेंसी ■ लंदन**

वैज्ञानिकों को एक हैरान करने वाली घटना पता चली। बाल्टिक सागर में डेले नाम की एक नर बॉटलनोज़ डॉल्फिन अकेली पाई गई। डेले के इस व्यवहार ने शोधकर्ताओं को चौंका दिया। यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न डेनमार्क के वैज्ञानिकों ने दिसंबर 2022 से फरवरी 2023 के बीच पानी के नीचे की ध्वनियों को रिकॉर्ड किया और पाया कि यह डॉल्फिन खुद से बातचीत कर रही थी। शोधकर्ताओं ने 10,833 ध्वनियों को रिकॉर्ड किया, जिनमें सीटी और क्लिक जैसी आवाज़ें शामिल थीं। ये आवाज़ें आमतौर पर डॉल्फिन्स के सामाजिक संवाद और नेविगेशन में उपयोग होती हैं। लेकिन, डेले के मामले में यह देखा गया कि वह अकेले में वही आवाज़ें निकाल रही थी, जो आमतौर पर डॉल्फिन्स समूह में करती हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह व्यवहार डॉल्फिन्स के सामाजिक और भावनात्मक जीवन को समझने में मददगार हो सकता है। बाल्टिक सागर का ठंडा तापमान और कम लवणता डॉल्फिन्स के लिए उपयुक्त नहीं है। वैज्ञानिक यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि डेले इतनी दूर और असामान्य पर्यावरण में कैसे पहुंचा। यह घटना जलवायु परिवर्तन और समुद्री जीवों पर इसके प्रभाव का संकेत हो सकती है।

# पारंपरिक वैदिक अनुष्ठानों सहित भूमि पूजन द्वारा कुम्भ शिविर निर्माण का शुभारंभ

दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी के दिव्य मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा 13 जनवरी से 16 फरवरी 2025 तक प्रयागराज, महाकुंभ (आज्ञा चक्र की त्रिवेणी में भी करें संगम स्नान) में विशाल शिविर का भव्य आयोजन करने जा रहा हैं। संस्थान शिविर अमिताभ पुलिया, सलोरी मार्ग और बजरंगदास मार्ग क्रॉसिंग, गंगा घाट के पास, सेक्टर-9 कुंभ मेला, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में रहेगा। इसी उपलक्ष्य में 28 नवंबर 2024 को संस्थान के शिविर निर्माण से पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पारंपरिक वैदिक अनुष्ठानों सहित 'भूमि पूजन' करते हुए पवित्र आधारशिला रखी गई। जिससे इस भव्य कार्यक्रम की तैयारियों का औपचारिक रूप से मंगलारंभ किया गया। यह प्रयास समस्त विश्व के लिए कल्याणकारी हो, इसके लिए गुरुदेव के ब्रह्मज्ञानी शिष्यों ने प्रार्थनाओं सहित सामूहिक ध्यान-साधना भी अर्पित की। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे विधिवत भूमि पूजन, हवन यज्ञ, गंगा पूजन व आरती।

महाकुम्भ मेला प्रयागराज 2025 में संस्थान द्वारा लगाए जा रहे भव्य कैम्प में भव्य स्तर पर - श्री कृष्ण कथा, श्री राम कथा, श्रीमद् भागवत कथा इत्यादि एवं यूथ कॉन्सर्ट, कॉर्पोरेट वर्कशॉप, विलक्षण योग शिविर, आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर, यज्ञ व वैदिक मंत्रोच्चारण, ध्यान शिविर, अध्यात्म- विज्ञान प्रदर्शनी, सामूहिक भोज व ज्ञानयज्ञ आयोजन सुनिश्चित किए गए है। दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी द्वारा संस्थापित एवं संचालित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान एक अंतरराष्ट्रीय, गैर-लाभकारी, सामाजिक एवं आध्यात्मिक संस्था है, जिसकी विश्व भर में 350 से अधिक शाखाएं हैं और इसका मुख्यालय पीतमपुरा, नई दिल्ली में स्थित है। यह संस्था करोड़ों अनुयायियों और हज़ारों समर्पित स्वयंसेवकों के साथ चार दशकों से अधिक समय से सक्रिय है। शास्त्र-ग्रंथों पर आधारित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ, श्री राम कथामृत, श्री कृष्ण कथा, गौ कथा, भगवान शिव कथा, हरि कथा व अन्य आध्यात्मिक कार्यक्रमों द्वारा संस्थान समाज को पिछले कई दशकों से जागरूक करता आ रहा है।

संस्थान के द्वारा चलाये जा रहे सामाजिक प्रकल्पों से समाज लाभान्वित हो रहा है। संस्थान के विभिन्न सामाजिक प्रकल्प इस प्रकार है- मंथन- अभावग्रस्त बच्चों हेतु संपूर्ण शिक्षा प्रकल्प, अंतरक्रांति- बंदी सुधार कार्यक्रम, अंतर्दृष्टि - नेत्रहीन व विकलांग वर्ग की सहायतार्थ, आरोग्य- संपूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रम, बोध- नशा उन्मूलन कार्यक्रम,



कामधेनु- गौ संरक्षण, संवर्धन एवं नस्ल सुधार कार्यक्रम, संरक्षण- पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम, संतुलन- लिंग समानता कार्यक्रम, इत्यादि। संस्थान के कुम्भ शिविर की अधिक जानकारी हेतु आप संस्थान की इस वेबसाइट https://www.djjs.org/kumbh पर जा सकते है।

# ऑनलाइन कोर्टः सुलभ और पारदर्शी न्याय का नया युग!

बीते दिनों न्यायिक प्रणाली में एक आमूल-चूल परिवर्तन देखने को मिला। जिससे सुलभ और पारदर्शी न्याय की आस जगना स्वाभाविक है। दरअसल न्यायिक प्रणाली का व्यवस्थित और सुचारू रूप से क्रियान्वित होना, एक सभ्य समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है और उसे आधुनिक बनाना समय की जरूरत है। वर्तमान समय में देश के भीतर संवैधानिक व्यवस्था के तले सभी को समान न्याय मुहैया कराने की तो बात की जाती है, लेकिन जब समय पर न्याय उपलब्ध कराने की बात आती है, तो उस मामले में हमारी व्यवस्था काफ़ी पिछड़ी हुई दिखाई पड़ती है। समय से न्याय न मिलना, अपने-आपमें स्वयं किसी अन्याय से कम नहीं। इन सबके बावजूद न्याय का मंदिर सिर्फ़ वादी-प्रतिवादी की फाइलों के ढ़ेर से भरा पड़ा है और न्याय के लिए लोग सिर्फ़ तारीखों के इंतजार में अपना समय, धन और क्या कुछ नहीं गंवा देते। इसी बीच केरल के कोल्लम में देश की पहली 24×7 ऑनलाइन कोर्ट की व्यवस्था की है। इस प्रकार का नवाचारी क़दम कहीं न कहीं देश में न्यायिक प्रणाली को डिजिटल और आधुनिक बनाने की दिशा में एक नई क्रांति की शुरुआत है।




गौरतलब हो कि इस पहल का उद्घाटन 17 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी.आर. गवई द्वारा किया गया था, जिन्होंने इसे न्याय की उपलब्धता और दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह पहल लाखों भारतीयों को न्याय प्राप्त करने में मदद करेगी और सभी के लिए न्याय की संविधानिक प्रतिबद्धता को साकार करने में सहायक होगी। देखा जाए तो 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में सिर्फ़ संविधान में लिखें वाक्यों से लोगों के जीवन में बदलाव दृष्टिगोचर नहीं होगा। इसीलिए इस तरह के क़दम से देशवासियों को काफ़ी उम्मीद है और यह पहल न सिर्फ़ न्यायिक प्रक्रिया को अधिक सुलभ, कुशल और पारदर्शी बनाने की दिशा में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से न्याय को व्यापक जनसमूह तक पहुंचाने का यह प्रयास, एक ऐसी सोच का प्रतीक है जो समाज के हर वर्ग को न्यायिक प्रक्रिया में समाहित करना चाहती है।



सोनम लववंशी

यह अदालत एक ऐसी प्रणाली के तहत काम करेगी, जहां वादियों और वकीलों को भौतिक रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। कहीं से भी, किसी भी समय, केवल एक ऑनलाइन प्रपत्र भरकर केस दर्ज किया जा सकता है। इस प्रणाली के तहत एक मजिस्ट्रेट और तीन कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है, जो पूरी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करेंगे। डिजिटल माध्यम के जरिए यह सुविधा न्यायालयों के भारी दबाव को कम करने में सहायक होगी। खासकर उन मामलों के लिए, जिन्हें त्वरित निपटारे की आवश्यकता होती है।

आधुनिक तकनीक के माध्यम से न्यायिक प्रक्रिया को आसान बनाना, एक ऐसी सोच को दर्शाता है जो सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय को व्यावहारिक रूप से साकार करने की ओर अग्रसर है। आज, न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या करोड़ों में है। ऐसी स्थिति में यह डिजिटल पहल न केवल लंबित मामलों के बोझ को कम करने में सहायक होगी, बल्कि समय और संसाधनों की भी बचत करेगी। एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह ऑनलाइन कोर्ट वादियों के लिए न्याय प्राप्त करने की प्रक्रिया को सहज और सरल बनाएगी। कई बार वादियों को न्यायालयों तक पहुंचने के लिए भौगोलिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए न्यायालय तक पहुंचना एक कठिन कार्य है। ऑनलाइन कोर्ट की यह पहल इन चुनौतियों को समाप्त कर, एक ऐसा मंच प्रदान करती है, जो सभी को समान अवसर देता है।

इसके अतिरिक्त, इस पहल से न्यायालयों में पारदर्शिता बढ़ेगी। डिजिटल माध्यम से संचालित प्रक्रिया रिकॉर्डिंग, डॉक्यूमेंटेशन और निगरानी के लिए बेहतर होगी, जिससे न केवल वादियों को भरोसा मिलेगा, बल्कि न्यायिक अधिकारियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। यह कदम भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को रोकने में भी प्रभावी सिद्ध हो सकता है। इस पहल के तहत फिलहाल कोल्लम जिले की चार अदालतों में कार्यवाही शुरू की गई है, और अन्य जिलों में भी इसे लागू करने की योजना है। इसका उद्देश्य राज्य और देश के सभी हिस्सों में ऐसी ऑनलाइन अदालतों की स्थापना कर, एक समग्र डिजिटल न्यायिक प्रणाली विकसित करना है। यह पहल न्यायिक क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक ठोस कदम है, जो भारत की न्यायिक प्रणाली को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी और कुशल बनाएगी।

**(स्वतंत्र लेखिका एवं शोधार्थी)**

# जलवायु परिवर्तन के खतरों से बच्चों को बचाएं



▪ ललित गर्ग

**वायु प्रदूषण की विभीषिका, गहराते जल संकट, सिमटते प्राकृतिक संसाधन, जलवायु परिवर्तन व रोजगार की विसंगतियों के बीच आने वाली पीढ़ी के बच्चों का जीवन निस्संदेह संघर्षपूर्ण, चुनौतीपूर्ण एवं संकटपूर्ण होगा। वर्ष 2021 में बच्चों के जलवायु जोखिम सूचकांक में भारत कुल 163 देशों की सूची में 26वें स्थान पर था। ऐसे में भारत में बच्चों को अधिक गर्मी, बाढ़ और वायु प्रदूषण से गंभीर जोखिम का सामना करना पड़ता है।**

हाल ही में प्रस्तुत हुई यूनिसेफ की रिपोर्ट 'द फ्यूचर ऑफ चिल्ड्रेन इन चेंजिंग वर्ल्ड' ने भारत में बच्चों के भविष्य को लेकर उत्पन्न चुनौतियों, त्रासद स्थितियों एवं भयावह भविष्य को उजागर किया है। इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है कि साल 2050 तक भारत में 35 करोड़ बच्चे जनसांख्यिकीय बदलावों, जलवायु संकट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीकी बदलावों की चुनौतियों का सामना कर रहे होंगे। उस समय जन्म लेने वाले बच्चों को जन्म के बाद जीवन में जलवायु परिवर्तन के संकटों से जुझना होगा, भीषण लू, गरमी, बाढ़, तूफान, चक्रावात और अनेक जलवायु जनित बीमारियों से सामना करना होगा। वायु प्रदूषण की विभीषिका, गहराते जल संकट, सिमटते प्राकृतिक संसाधन, जलवायु परिवर्तन व रोजगार की विसंगतियों के बीच आने वाली पीढ़ी के बच्चों का जीवन निस्संदेह संघर्षपूर्ण, चुनौतीपूर्ण एवं संकटपूर्ण होगा। वर्ष 2021 में बच्चों के जलवायु जोखिम सूचकांक में भारत कुल 163 देशों की सूची में 26वें स्थान पर था। ऐसे में भारत में बच्चों को अधिक गर्मी, बाढ़ और वायु प्रदूषण से गंभीर जोखिम का सामना करना पड़ता है। खासकर ग्रामीण और कम आय वाले समुदायों में यह संख्या ज्यादा है। लेकिन रिपोर्ट बताती है कि 2050 में बच्चों को 2000 के दशक की तुलना में लगभग आठ गुना ज्यादा गर्मी झेलनी पड़ सकती है। जाहिर है, जलवायु संकट बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा तथा पानी जैसे आवश्यक संसाधनों तक उनकी पहुंच पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। चिंता की बात यह है कि इन तमाम विसंगतियों, विषमताओं व नेतृत्व की अदूरदर्शिता के बीच बच्चों के भविष्य पर मंडरा रहे खतरों के लिये संवेदनशीलता के साथ सावधान एवं सतर्क होने एवं उचित-प्रभावी कार्ययोजना बनाने की जरूरत है।

इसी तरह, गहरे डिजिटल विभाजन के बीच एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता बच्चों के लिए अच्छी और बुरी, दोनों हो सकती है। एक ताजा आंकड़ा बताता है कि उच्च आय वाले देशों में 95 फीसदी आबादी इंटरनेट से जुड़ी है, तो निम्न आय वाले देशों में सिर्फ 26 प्रतिशत लोगों की इंटरनेट तक पहुंच है। भारत में वर्तमान में इंटरनेट की व्यापकता ने बच्चों के जीवन में अनेक संकट खड़े किये हैं। यूनिसेफ ने इस डिजिटल डिवाइड को पाटने और बच्चों तक नयी प्रौद्योगिकियों की सुरक्षित एवं समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए समावेशी प्रौद्योगिकी पहल की



वकालत की है। बच्चे चूंकि हमारा भविष्य हैं, इसलिए बच्चों और उनके अधिकारों को सरकारी नीतियों-रणनीतियों के केंद्र में रखना समृद्ध और टिकाऊ भविष्य के निर्माण एवं संतुलित-आदर्श समाज-व्यवस्था के लिए आवश्यक है। अक्सर यह सवाल विमर्श में होता है कि धरती के प्रति गैर-जिम्मेदार व्यवहार के चलते हम कैसा देश आने वाली पीढ़ियों के लिये छोड़कर जाएंगे। आने वाले पच्चीस वर्षों में बच्चों पर लू का 8 गुणा, बाढ़ का 3 गुणा एवं जंगली आग का दोगुणा खतरा होगा। यही वजह है कि संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ ने बच्चों के भविष्य की तस्वीर उकेरते हुए विभिन्न चुनौतियों के मुकाबले के अनुरूप नीति निर्माण की जरूरत बतायी है। यूनिसेफ ने सदी के पांचवें दशक तक की तीन महत्वपूर्ण वैश्विक प्रवृत्तियों का खाका खींचा है। ये घटक नौनिहालों के भविष्य के जीवन को नया स्वरूप देने में अहम भूमिका निभाएंगे। वर्ष 2050 तक देश की आधी आबादी के शहरी क्षेत्रों में रहने का अनुमान है। दरअसल, मौजूदा दौर में जिस तेजी से गांवों से शहरों की ओर पलायन बढ़ रहा है, जाहिर है ऐसी स्थिति में पहले से आबादी के बोझ तले दबी नागरिक सेवाएं चरमरा जाएंगी।

ऐसे में सत्ताधीशों के लिये जरूरी होगा कि जलवायु परिवर्तन के संकट के बीच बच्चों के अनुरूप शहरी नियोजन को अपनी प्राथमिकता बनाएं और बच्चों के अनुकूल और जलवायु परिवर्तन के लिहाज से जुझारु, सुरक्षित एवं निरापद शहरी नियोजन के लिये शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल और टिकाऊ शहरी ढांचे में निवेश को प्राथमिकता दी जाये। शहर बेहतर जीवन के लिए बेहतरीन अवसर और उम्मीद दे सकते हैं। वे वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 80 प्रतिशत से अधिक उत्पन्न करते हैं और उन्हें तेजी से विकास हासिल करने के लिए इंजन माना जाता है। वे विकास और नवाचार, विविधता और कनेक्टिविटी के दुनिया के सबसे मजबूत स्रोतों में से हैं और संभावित रूप से बच्चों को जीने, सीखने और आगे बढ़ने के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान कर सकते हैं। बढ़ता शहरीकरण बड़ी असमानताओं को भी जन्म दे सकते हैं। आज शहरी क्षेत्रों में रहने वाले 4 बिलियन लोगों में से लगभग एक तिहाई बच्चे हैं। यह अनुमान है कि 2050 तक, दुनिया के लगभग 70 प्रतिशत बच्चे शहरी क्षेत्रों में रहेंगे, जिनमें से कई झुग्गी-झोपड़ियों में रहेंगे। इसलिये शहर स्कूलों और अस्पतालों जैसी बुनियादी सेवाओं तक बेहतर पहुंच प्रदान कर सकते हैं, भीड़भाड़ और उच्च प्रवेश लागत के कारण सबसे गरीब शहरी बच्चे उन तक पहुंचने में असमर्थ हो सकते हैं। अन्य चुनौतियाँ जो शहरी गरीबों को प्रभावित करती हैं, विशेष रूप से झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों को, उनमें भीड़भाड़ और अपर्याप्त सफाई व्यवस्थाएं शामिल हैं-जो बीमारियों के फैलने में सहायक होती हैं-किफायती और सुरक्षित आवास की कमी, परिवहन की खराब पहुंच और बाहरी वायु प्रदूषण में वृद्धि आदि हैं। उल्लेखनीय है कि उस समय देश जनसांख्यिकी बदलावों की चुनौती से जूझ रहा होगा। आकलन किया जा रहा है कि इस बदलाव के चलते ही वर्तमान की तुलना में बच्चों की संख्या में करीब दस करोड़ की कमी आएगी।

## राजकाज



### महाराष्ट्र में अभी तक नहीं बनी सरकार

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के पहले कहा जा रहा था। 26 नवंबर को सरकार का कार्यकाल खत्म होगा। यदि किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला, और 26 नवंबर तक नई सरकार का गठन नहीं हुआ, तो महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लगाना होगा। चुनाव परिणाम के बाद भाजपा की सरकार बनना तय हो गया है। इसके बाद भी अभी तक सरकार का गठन नहीं हो पाया है। राष्ट्रपति शासन लगाने की जो बात थी, यदि महाअघाड़ी गठबंधन चुनाव जीतता, तो अभी तक महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लग चुका होता। अब भाजपा को ही सरकार बनानी है, ऐसे में राष्ट्रपति शासन की कोई जरूरत नहीं रही। इसे कहते हैं नियम कायदे और कानून, सरकार के लिए अलग हैं। विपक्षी दलों के लिए अलग कानून है।

### झारखंड विधानसभा के चुनाव में सोरेन को बनाया अपराजेय

झारखंड में मुख्यमंत्री पद की हेमंत सोरेन ने चौथी बार शपथ ली है। जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी पिछले दो-तीन सालों से उन्हें हटाने के हर संभव प्रयास कर रही थी। उनके पीछे ईडी सीबीआई लगी थी। उन्हें जेल तक भेज दिया गया था। विभीषण को भाजपा अपने पाले में लेकर आई। इसके बाद भी हेमंत सोरेन को नहीं हर पाई। झारखंड विधानसभा का चुनाव जीतकर हेमंत सोरेन ने चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। राम ने रावण का वध किया था। उसके बाद उन्हें भगवान के रूप में पहचान गया। कुछ इसी तरह की स्थिति झारखंड में हेमंत सोरेन की देखने को मिल रही है। केंद्र सरकार द्वारा हेमंत सोरेन के खिलाफ सारे अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग कर लिया। उसके बाद भी सोरेन को नहीं हरा पाए। झारखंड के सबसे शक्तिशाली नेता हेमंत सोरेन बन गए हैं। ताकतवर भाजपा को हराकर उन्होंने जो जीत हासिल की है। उसके कारण वह देश के एक शक्तिशाली आदिवासी नेता के रूप में उभरे हैं।

### अमित शाह की एक हुँकार पर पीछे हटे शिंदे

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री बने रहने के लिए कड़े तेवर दिखाये थे। अब भाजपा को उनकी जरूरत नहीं रही। जिस तरह से वह हैसियत से अधिक मांग रहे थे। एक तरह से भाजपा हाईकमान को अपने तेवर दिखा रहे थे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की एक हुंकार से वह पसीने पसीने हो गए। अपने हथियार डालकर प्रेस कांफ्रेंस करके कहा, जो मोदी-शाह कहेंगे। वह हम मानेंगे। गठबंधन की सरकार को उनका पूर्ण समर्थन है। हथियार डालने के बाद वह अपने लड़के को उप-मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। एकनाथ शिंदे ने उपमुख्यमंत्री बनने से इनकार कर दिया है। बेटे को उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्रालय देने की मांग कर रहे हैं। उन्हें बदली हुई परिस्थितियों में उन्हें अपनी हैसियत का पता लग गया है। जो मिल रहा है, वह लेकर चुपचाप बैठने मैं उन्होंने सलामती देखी है। जेल जाने में उनकी कोई रुचि नहीं है। वह देवेंद्र फडणवीस तो है नहीं ,जो उपमुख्यमंत्री पद स्वीकार कर लें।

## फीचर



# गार्डन डिजाइनर बनें

**अगर आपको प्रकृति से बेहद प्रेम हैं, तो यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें करियर बनाकर अच्छी खासी कमाई हो सकती हैं। गार्डन डिजाइनिंग की मांग लगातार बढ़ रही है।**

अगर आप प्रकृति के करीब हैं और आपकी रुचि पेड़ पौधों को लगाने और बगीचों को संवारने में है तो आप गार्डन डिजाइनिंग में भी अपना करियर बना सकते हैं। आज के दौर में युवाओं के सामने करियर बनाने के काफी विकल्प मौजूद हैं। अगर आपको प्रकृति से बेहद प्रेम हैं, तो यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें करियर बनाकर अच्छी खासी कमाई हो सकती हैं। गार्डन डिजाइनिंग की मांग लगातार बढ़ रही है। गार्डन डिजाइनर बनने के लिए क्रिएटिव होना बेहद जरूरी है। इसके लिए आपको प्रकृति से प्रेम तथा लगाव होना आवश्यक है, क्योंकि इसमें ज्यादा समय प्रकृति के बीच ही बीतता है। साथ ही गार्डन डिजाइनिंग में धैर्य की बहुत जरूरत होती है।

अधिकांश वे लोग इस पेशे में आते हैं, जिनके पास जिनके पास लैंडस्केप आर्किटेक्चर, हॉर्टीकल्चर, गार्डनिंग आदि में डिग्री होती है। भारत में कुछ इंस्टीट्यूट्स गार्डनिंग और लैंडस्केपिंग में शॉर्ट ऑर लॉन्ग टर्म कोर्स करवाते हैं। वहीं अगर आप कुछ एडवांस करना चाहते हैं, तो फ्लोरीकल्चर और लैंडस्केप गार्डनिंग में सर्टिफिकेट कोर्स करने के अलावा लैंडस्केपिंग में मास्टर्स कर सकते हैं। सर्टिफिकेट कोर्स लिए स्टूडेंट्स का हायर सेकंडरी, जबकि मास्टर्स के लिए आर्किटेक्चर में ग्रेजुएट होना जरूरी है। किसी भी गार्डन या लैंडस्केप की आर्ट डिजाइनिंग को गार्डन डिजाइनिंग कहते हैं। इस क्षेत्र में धैर्य की बहुत जरूरत होती है। इसमें आपको शारीरिक रूप से भी सक्षम होना होगा, क्योंकि आठ से दस घंटे मैदान में काम करना पड़ सकता है। इसके अलावा, अपने कस्टमर्स से अच्छे संबंध होने चाहिए, ताकि वे बार-बार आपकी सेवा लेने आएं।

## प्रेरणा

# सबसे बड़ी दौलत

एक विधवा अध्यापिका के दो बेटे थे। वह उन्हें गुरुकुल में अच्छी शिक्षा दिला रही थी। वह खुद भी अनेक बच्चों को संस्कृत पढ़ाती थी। इससे उसे जो कुछ प्राप्त होता था, उसी से वह अपना जीवनयापन करती थी। उसने अत्यंत गरीबी के दिनों में भी कभी किसी के आगे हाथ नहीं फैलाए। उसके स्वाभिमान को देख अनेक लोग अध्यापिका का बहुत आदर करते थे। एक दिन एक बहुत बड़े सेठ को अध्यापिका की विद्वता व उसकी निर्धनता के बारे में मालूम हुआ। उस सेठ के कोई संतान नहीं थी। उसने सोचा हुआ था कि वह कुछ गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए उन्हें धन प्रदान करेगा। सेठ अध्यापिका के घर पहुंचा और बोला, देवी, आप निर्भीक व स्वाभिमानी हैं। मैं चाहता हूं कि आपके बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। उसके लिए आप यह कुछ रुपये स्वीकार करें। इसके बाद उसने रुपयों की थैली अध्यापिका की ओर बढ़ाई। अध्यापिका हाथ जोड़कर सेठ से बोली, शायद आपको कुछ भ्रम हो गया है। मैं इतनी गरीब भी नहीं हूं कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा न दे पाऊं। मेरे पास जितनी दौलत है, उतनी शायद ही किसी के पास हो। सेठ अचरज से बोला, कहां है दौलत, जरा हमें भी तो बताइए। अध्यापिका ने अपने दोनों पुत्रों को आवाज लगाई तो दोनों पुत्र तुरंत वहां आए और अपनी मां के पैर छूने के बाद उन्होंने सेठ के पैर छुए। फिर उन्होंने मां से पूछा, कहिए कैसे याद किया? दोनों पुत्रों की ओर देखकर अध्यापिका बोली, यही दोनों मेरी सबसे बड़ी दौलत हैं। दोनों लड़कों को देखकर सेठ अभिभूत हो गया और बोला, बिल्कुल सही। वास्तव में जिसकी संतान संस्कारी और गुणी है, वह कभी गरीब हो ही नहीं सकता। अध्यापिका ने सेठ से कहा, जो कुछ आप मुझे देने आए हैं, उसे अनाथ बच्चों को शिक्षित करने के लिए दे दें। सेठ ने वैसा ही किया।



## अपनी बात



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव, हरियाणा चुनाव और देशभर में हुए उपचुनाव के नतीजों ने पूरे देश में जो विश्वास भर दिया है, वो आपकी आंखों में मैं देख रहा हूं। उन्होंने कहा कि पहले ओडिशा, फिर हरियाणा, और अब महाराष्ट्र! यही तो बीजेपी की विशेषता है। यही तो बीजेपी के कार्यकर्ताओं का सामर्थ्य है।



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार अल्पसंख्यकों सहित बांग्लादेश के नागरिकों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है। जयशंकर ने बांग्लादेश में हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के बारे में लोकसभा में एक सवाल के जवाब में यह बयान दिया। विदेश मंत्री ने कहा कि सरकार ने अगस्त 2024 से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं की कई रिपोर्टें देखी हैं।

# खनिज विभाग में लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई, रिश्वत लेते पकड़े गए अधिकारी

## ठेकेदार की शिकायत पर की कार्रवाई, 41 हजार रुपए लेते हुए रंगे हाथों दबोचा



सत्ता सुधार ■ गुना

शहर में खनिज विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रभारी खनिज अधिकारी और विभागीय बाबू को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन अधिकारियों पर 41 हजार रुपये की रिश्वत लेने का आरोप है। लोकायुक्त टीम ने रिश्वत लेते हुए खनिज अधिकारी दीपक सक्सेना और सहायक ग्रेड 3 बाबू दीपक भार्गव को गिरफ्तार किया।

इस मामले में लोकायुक्त इंस्पेक्टर ब्रजेश मोहन सिंह नरवरिया ने बताया कि मामले में फरियादी ऋषिकेश सेन ने 21 नवंबर 2024 को लोकायुक्त एसपी को शिकायत की थी कि वह ठेकेदारी का काम करते हैं। जिसमें पोकलेन किराये से लेकर कुए की खुदाई आदि की ठेकेदारी करते हैं। जिसमें खनिज विभाग से अनुमति लेना पड़ती है। खनिज विभाग के प्रभारी दीपक सक्सेना द्वारा उनके 7 कुए के खुदाई में प्रति कुएं के हिसाब से 10 हजार रुपए मांग कर रहे थे। इस मामले में फरियादी पूर्व में 15 हजार रुपए दे चुका था। लेकिन रिश्वत की मांग से परेशान होकर उन्होंने एसपी लोकायुक्त को शिकायत की। जिस पर एसपी को उन्होंने आवेदन दिया। जिसका सत्यापन उन्होंने कराया तो शिकायत सही पाई गई। जिसके बाद आज हमने कार्रवाई की और विभाग के सहायक ग्रेड 3 कर्मचारी दीपक भार्गव से 41 हजार रुपए बरामद किए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों अधिकारी एवं कर्मचारी ने उक्त ठेकेदार से कुएं खोदने के लिए पोकलेन चलाने के एवज में पैसों की मांग लंबे समय से की जा रही थी। वह इसके लिए पहले ही 15 हजार रुपए ले चुके थे। इस मामले में फरियादी ऋषिकेश सेन ने बताया कि वह ठेकेदारी का काम करता हैं। वर्तमान में उनका काम गुना विकासखंड में चल रहा है। उन्हें कुछ बोर खोदने का काम मिला था, इसके लिए खनिज विभाग से अनुमति लेनी होती है। इसके एवज में प्रभारी खनिज अधिकारी दीपक सक्सेना ने उनसे पैसों की मांग की। ऋषिकेश ने बताया कि शुरुआत में उसने अधिकारी को 15 हजार रुपए दे भी दिए थे। इसके बाद भी लगातार और पैसों की मांग की जा रही थी। इसके बाद परेशान होकर ऋषिकेश सेन ने लोकायुक्त एसपी से इसकी शिकायत की। लोकायुक्त पुलिस की टीम फिलहाल मामले की जांच कर रही है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि अधिकारी लंबे समय से इस प्रकार के भ्रष्टाचार में लिप्त थे। लोकायुक्त ने रिश्वत की रकम को भी जब्त कर लिया है। लोकायुक्त की इस कार्रवाई ने जिले में खनिज विभाग में फैले भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की दिशा में एक सख्त संदेश दिया है। इससे पहले भी विभाग में भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आ चुके हैं। लोकायुक्त की टीम अब गिरफ्तार अधिकारियों से पूछताछ कर रही है और यह जानने की कोशिश कर रही है कि इस प्रकरण में और कौन-कौन शामिल है।

## ब्रीफ न्यूज

### घर में मिला युवक का क्षतविक्षत शव, हत्या की आशंका

**गुना।** जिले के बजरंगगढ़ इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक मकान में युवक का क्षतविक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक का धड़ घर में पाया गया, जबकि सिर और हाथ घर से कुछ दूरी पर मंदिर के पास मिले। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब मृतक के भतीजे और भांजे ने गुरुवार शाम घर पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक रघुवीर अहिरवार कई वर्षों से अकेले रहता था। पुलिस को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर शव के टुकड़ों को एकत्र कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है और पुलिस से गहन जांच की मांग की है। पुलिस का मानना है कि शव पुराना होने के कारण संभवतः जानवरों ने शरीर के कुछ हिस्सों को नुकसान पहुंचाया होगा। फिलहाल पोस्टमार्टम की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है और मामले की जांच जारी है। रघुवीर मजदूरी करता था, पिछले कुछ दिनों से गायब था। थाना प्रभारी ने बताया कि शव लगभग 15-20 दिन पुराना है और कुछ हिस्से जानवरों द्वारा खींचे जाने के सबूत मिले हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मामले में परिजनों द्वारा हत्या का शक जताने के बाद पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

### जिला बदर का आरोपी घर से गिरफ्तार

**गुना।** शहर के कैंट थाना पुलिस ने जिला बदर के आदेश का उल्लंघन कर रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जिला बदर का आरोपी जावेद खान पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी कालापाठा कैंट, अपने घर पर मौजूद है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में पुष्टि हुई कि जावेद खान को श्रीमान जिला दंडाधिकारी द्वारा 14 मई 2024 को एक वर्ष के लिए जिला गुना और आसपास के जिलों से निष्कासित किया गया था। आरोपी का यह कृत्य मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत दंडनीय पाया गया। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार रासुका के तहत कार्रवाई की।

### गांजा पीने से रोका तो तीन आरोपियों ने युवक और उसके दोस्त पर किया जानलेवा हमला

**गुना।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत प्रताप छात्रावास के पास चिलम पीने से रोकने पर तीन आरोपियों ने एक व्यक्ति और उसके दोस्त पर जानलेवा हमला कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सोनू श्रीवास्तव (35 वर्ष) निवासी दलवी कॉलोनी गुना ने थाना कैंट में मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि दिनांक 27 नवंबर 2024 की रात करीब 10 बजे वह अपने दोस्त नीरज अहिरवार के साथ प्रताप छात्रावास के कुएं के पास खड़ा था। वहां आशीष यादव निवासी गुरुनानक कॉलोनी, समीम खान और शहीद राइन निवासी कर्नलगंज चिलम पी रहे थे। सोनू ने उन्हें चिलम पीने से मना किया, जिस पर तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। सोनू के विरोध करने पर शहीद राइन ने लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया।

# तरी धाम बालाजी सरकार मंदिर पर संगीतमय शिव महापुराण कथा आयोजित



सत्ता सुधार ■ गुना

कुशमौदा क्षेत्र के तरी धाम बालाजी सरकार मंदिर पर आयोजित संगीतमय शिव महापुराण कथा का गत दिवस विश्राम हुआ। कथा का आयोजन श्रीराम सेतु सेवा समिति कुशमौदा द्वारा कराया गया है। अंतिम दिवस की कथा में कथा प्रवक्ता पंडित हेमंत भार्गव लड्डू महाराज ने कहा कि श्रीराम जी ने भरत जी से कहा है मैं इस दुनिया का कर्ज चुका सकता हूं।लेकिन हनुमान जी का कर्ज कभी नहीं चुका सकता हूं। प्रत्येक प्राणी को प्रतिदिन मंदिर जाना चाहिए। प्रतिदिन नहीं जा सको तो कम से कम शनिवार, मंगलवार को तो मंदिर अवश्य जाना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान केवल विश्वास में जीवित हैं। जहां विश्वास हो जाए, वहां ईश्वर साक्षात्कार प्रकट हो जाते हैं। भगवान भोलेनाथ की कथा का श्रवण करना अनमोल है। इस कलीकाल में जो व्यक्ति शिव महापुराण का अनुसरण करता है। परमात्मा भूत भावन भोलेनाथ अनाधीश्वर हैं। उनकी भक्ति के साथ परमात्मा श्रीराम का भी मन में श्रवण करता है तो इस धरती पर साक्षात अमरावती स्वर्ग का सुख भोगकर ही मृत्यु पर्यंत शिवलोक का गामी होता है।

### कंचनपुरा के प्राथमिक स्कूल में सेंधमारी, मध्यान्ह भोजन का सामान ले गए चोर

**गुना।** जिले के कंचनपुरा क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय में चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने विद्यालय के किचन शेड का ताला तोड़कर वहां रखा सामान चुरा लिया। चोरी किए गए सामान में बच्चों के भोजन के लिए उपयोग की जाने वाली 100 थालियां, गैस सिलेंडर, आटा, बाल्टी, भगोने और अन्य रसोई सामग्री शामिल हैं। घटना बीती रात 1 से 2 बजे के बीच की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरों को रात करीब 12 बजे देखा गया था। बस्ती के लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिससे चोर पहले भाग खड़े हुए। हालांकि, पुलिस के जाने के बाद चोरों ने दोबारा लौटकर वारदात को अंजाम दिया। इससे पहले भी विद्यालय में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। बताया गया है कि यहां छह से अधिक बार चोरी हो चुकी है। हाल ही में, आठ दिन पहले ही कंचनपुरा में एक घर से करीब ढाई लाख रुपये की चोरी हुई थी। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय निवासियों में रोष व्याप्त है।

# पीजी कॉलेज में गीता ओलंपियाड परीक्षा आयोजित



गुना। जिला मुख्यालय पर पीजी कॉलेज में गीता ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर से विभिन्न स्कूलों के छात्रछात्राओं ने भाग लिया। उक्त परीक्षा भगवद्गीता की लोक कल्याणकारी शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए गीता स्वाध्यायमंडल गीता शिक्षण कक्षाओं, गीताशिक्षा वर्ग गीतासप्तोत्सव आदि प्रकल्पों सहित गीता परीक्षा का आयोजन विश्वगीताप्रतिष्ठानम् द्वारा किया जाता रहा है। इस क्रम में वर्तमान सत्र की जिला स्तरीय गीताओलंपियाड का आयोजन आज प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना में दोपहर 12 से किया। इस परीक्षा हेतु भारतीय संस्कृति एवं गीता के प्रति जागरूक विद्यालयों से चयनित प्रथम द्वितीय एवं तृतीय

स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी शामिल हुए हैं। प्रतिभागी जिला स्तर पर चयन होने के बाद प्रांत और अखिल भारतीय स्तर पर उज्जैन नगर में आयोजित होने जा रहे गीता जयन्ती महोत्सव में आयोजित अंतिम स्तर पर समिलित होने का अवसर मिलेगा। परीक्षा का प्रारूप पूर्व अनुसार वैकल्पिक लिखित तथा मौखिक होगा। आज परीक्षा में नील वर्ल्ड, मॉडर्न चिल्ड्रन, वंदना कान्वेंट स्कूल, क्राइस्ट, शासकीय हाई स्कूल जामनेर, वाचस्पति संस्कृत विद्यालय आवन, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल, प्रेसीडेंसी गर्ल्स स्कूल, डाइट बजरंगगढ़ एवं शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

# पन्हेटी पहुंचे आईजी, दोनों पक्षों से की मुलाकात, शांति बनाने की अपील



सत्ता सुधार ■ गुना

पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर अरविन्द कुमार सक्सेना द्वारा शुक्रवार को ग्राम पन्हेटी में आगजनी घटना स्थल का निरीक्षण किया। दरअसल जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पन्हेटी में शासकीय वन भूमि पर कब्जे के विवाद में दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में एक पक्ष से घायल गल सिंह भिलाला की 25 नवम्बर को इंदौर में उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने के बाद 26 नवम्बर को मृतक पक्ष के कुछ लोगों द्वारा आक्रोशित होकर दूसरे पक्ष के घरों में तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना की गई थी।जिससे काफी नुकसान हुआ था। इस घटनाक्रम के बाद से ही ग्राम पन्हेटी में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पर्याप्त पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। आगजनी के घटना स्थल निरीक्षण हेतु पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन अरविन्द कुमार सक्सेना शुक्रवार दोपहर में ग्राम पन्हेटी पहुंचे। इस दौरान गुना पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा भी उनके साथ रहे । जिनके द्वारा ग्राम पन्हेटी में बंजारा समाज के पीड़ितों से चर्चा कर उनकी सुरक्षा के लिए आस्वस्त किया गया। घटना स्थल का निरीक्षण कर दोनों पक्षों से शांति व्ययवस्था बनाये रखने की अपील की गई । साथ ही घटना के आरोपियों पर सख्त कार्यवाही कर उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

### दो दिवसीय सत्संग समारोह का होगा आयोजन आज से

**गुना।** श्री हंस जयंती के उपलक्ष्य में मानव उत्थान सेवा समिति शाखा गुना द्वारा दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन 30 नवंबर एवं 1 दिसंबर को किया जाएगा। इस दौरान दोपहर 1 से 4 बजे तक मानव धर्म मंदिर विंध्याचल कॉलोनी में सतपाल महाराज शिष्या महात्मा हरीशा बाई जी महात्मा सावित्रीबाई एवं महात्मा गिरधारी नंद जी के सभी धर्म शास्त्रों के आधार पर ओजस्वी सत्संग विचार होंगे।

### शादी की बात करने देर रात घर में घुस आरोपी, युवती से की मारपीट

**गुना।** जिले के म्याना थानांतर्गत ग्राम भदौरा में एक युवती के साथ उसके पड़ोसी द्वारा घर में घुसकर मारपीट और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। मामले में पीड़िता के पिता फरियादी मलखान अहिरवार ने थाना पहुंचकर अपनी पत्नी रामदुलारी और बेटी नीलू के साथ घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि गत रात 11 बजे जब वह रिश्तेदारी में मकरावदा गए हुए थे और उनकी पत्नी और बेटी घर पर थीं। तभी रात करीब 12 बजे बेटी नीलू का फोन आया और उसने बताया कि पड़ोसी हरनाम कोरी घर में घुस आया और उसके साथ मारपीट की। नीलू ने बताया कि हरनाम कोरी ने उससे कहा कि तेरी शादी की चर्चा राजस्थान से चलबाई थी तो तूने वहा से शादी करने की मना क्यो करी। जिस पर पीड़िता ने कहा कि मुझे वहा से शादी नहीं करना। इसी बात पर आरोपी ने उसके साथ गाली गलौंच कर लात-घूंसों से उसकी पिटाई कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी पर धारा 332(सी),115(2),296,351(3) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### मार्केटिंग सोसायटी के संचालक मंडल के चुनाव संपन्न



**गुना।** विपणन सहकारी संस्था मार्यादित मार्केटिंग सोसायटी के संचालक मंडल के चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण संपन्न हुए। जिममें महिला अनारक्षित दो पदों पर चुनाव होने थे। जिसमें तीन प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें प्रीति शर्मा, सायरा खान एवं श्रीमती संतोष शर्मा थे। जिसमें प्रीति शर्मा को 13, श्रीमती संतोष शर्मा को 16 एवं सायरा खान को 11 वोट मिले। इस तरह प्रीति शर्मा एवं श्रीमती संतोष शर्मा निर्वाचित हुई। सहकारिता निरीक्षक भूपेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि मतदान में 24 वोटों का मतदान हुआ।

**समारोह** | समारोह की शुरुआत महिलाओं के एक भक्तिमय गीत पर नृत्य के साथ हुई

# दीप प्रज्ज्वलित कर एनएफएल में मना जनजातीय गौरव दिवस

सत्ता सुधार ■ गुना



एनएफएल विजयपुर के डॉ भीमराव आम्बेडकर हाल में गत शाम जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन इकाई प्रमुख विजय बांगर एवं सुदेश बांगर द्वारा महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं जननायक भगवान् बिरसा मुंडा के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। सांस्कृतिक संध्या को मनाने में डीपीएस स्कूल के छात्र छात्राओं एवं महिलाओं ने अपने नृत्य, गीत एवं लघु नाटिका प्रस्तुति के लिए बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। समारोह की शुरुआत महिलाओं के एक भक्तिमय गीत पर नृत्य के साथ हुई। बिन्नी पुताम्बेकर द्वारा निर्देशित भगवान् बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात् महिलाओं ने रुणझुन बाजे, मन छम-छम नाचे गीत पर शानदार समूह नृत्य, बालिकाओं के द्वारा पंजाबी एवं राजस्थानी लोकनृत्य की भी प्रस्तुति दी गई। जिसे अश्विन मैना ने तैयार करवाया था। एक नागपुरी, छत्तीसगढ़ी आदिवासी गान एवं साज के साथ मनमोहक नृत्य स्थानीय कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसे मिस्टर खालको एवं मीरा मिंज द्वारा कोरियोग्राफ किया गया था। जिसका भरपूर आनंद हाल में उपस्थित सभी दर्शकों उठाया। समारोह में डीपीएस स्कूल के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग, कर्मचारियों के लिए निबंध लेखन एवं क्विज़ प्रतियोगिताओं के विजेताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों को उपहार देकर पुरस्कृत किया। अपने उद्बोधन में श्री बांगर ने कहा कि बिरसा मुंडा एक क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। जिसने अपनी संस्कृति एवं जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए कड़ा संघर्ष किया। कार्यक्रम का संचालन देव कुमार ने किया। कार्यक्रम के अंत में देविन्द्र सिंह तोमर ने आभार व्यक्त किया।

# पुरानी रंजिश पर भतीजों ने की चाचा से मारपीट

सत्ता सुधार ■ गुना

सिटी कोतवाली थानांतर्गत भुल्लनपुरा में भतीजों ने चाचा के साथ पुरानी रंजिश पर मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी नरेन्द्र पुत्र प्रभुलाल जाटव निवासी हाथी मंदिर के पीछे भुल्लनपुरा ने अपनी पत्नी हेमलता के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत दोपहर में वह अपने घर के पास खड़ा था। तभी उसके भतीजे मुकेश और सुरेन्द्र आये और पुरानी रंजिश पर से गाली गलौंच कर लाठी-डंडे से मारपीटक शुरू कर दी। जिसमें वह घायल हो गए। मामले में पुलिस ने फरियादी चाचा की शिकायत पर आरोपी भतीजों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

### भादौर में पुरानी रंजिश पर युवक के साथ मारपीट

इधर जिले के आरोन थानांतर्गत ग्राम भादौर में पुरानी रंजिश पर एक व्यक्ति के साथ गांव के ही एक अन्य व्यक्ति ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अरविन्द अहिरवार पुत्र पप्पू अहिरवार ने अपने पिता पप्पू अहिरवार के साथ घायल अवस्था में पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम वह हल्लू अहिरवार की दुकान के पास बैठा था। तभी गाँव का अशोक अहिरवार आया और पुरानी रंजिश पर से गाली गलौंच कर उसे जमीन पर पटककर मारपीट शुरू कर दी।

दिल हमारे शरीर का वह अंग है जो हर समय काम करता रहता है। भारतीय पुरुषों में दिल की बीमारी की संभावना बढ़ती जा रही है। महिलाओं की तुलना में पुरुषों को जल्दी ही, लगभग 27-28 वर्ष की उम्र से ही दिल की बीमारी का अंदेशा होने लगा है।



# व्यस्त दिनचर्या कहीं न दे जाए हृदय रोग

हृदय रोगों का मुख्य कारण है कोलेस्ट्रोल के स्तर में वृद्धि। विशेषज्ञों के अनुसार कोलेस्ट्रोल के अणुओं का आकार भी दिल के रोगों की संभावना बढ़ाता है। यदि हाइ डेन्सिटी लिपोप्रोटीन का आकार छोटा है तो वे कम प्रभावशाली होते हैं। एचडीएल अच्छा कोलेस्ट्रोल माना जाता है क्योंकि यह हृदय की रक्तवाहिनियों से कोलेस्ट्रोल बाहर लाता है। यदि लो डेन्सिटी लिपोप्रोटीन अणुओं का आकार छोटा है तो उनके रक्तवाहिनियों में जमने की संभावना बढ़ जाती है।

रक्त नलिकाओं की भीतरी दीवारों पर बुरे कोलेस्ट्राल का जमना अथेरोस्टकलेरोसिस कहलाता है। इसके कारण रक्त वाहिनियां संकरी हो जाती हैं और हृदय को रक्त की आपूर्ति कम हो जाती है।


मोटापा भी दिल की बीमारियों को खुला निमन्त्रण है। वजन घटाने के लिए नियमित व्यायाम तथा सीमित मात्रा में साधारण भोजन सबसे अच्छा उपाय है। परन्तु वजन घटाने के लिए भूखे रहने तथा उल्टे-सीधे नुस्खों का चयन नहीं करना चाहिए इससे दिल पर बुरा असर पड़ता है। बढ़ती आयु के साथ-साथ कसरत करना जरूरी होता जाता है जिसमें सुबह?शाम की सैर और हल्के-फुल्के व्यायाम को शामिल किया जा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार व्यायाम न करना दिल के लिए उतना ही घातक है जितना कि धूम्रपान करना। व्यायाम से दिल की मांसपेशियां मजबूत होती हैं और वह कमजोर नहीं पड़ता। इसके अतिरिक्त लगातार चलते रहने से हाथ-पैरों की धमनियां स्वस्थ रहती हैं जिससे शरीर में रक्त परिसंचरण ठीक से होता है।

धूम्रपान दिल और दिमाग को शराब से भी ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। साथ ही एक व्यक्ति के धूम्रपान करने से उसके आसपास के लोग भी अप्रत्यक्ष रूप से धुंए की चपेट में आ जाते हैं। पशुओं पर किए गए एक अनुसंधान से यह पता चला है कि तम्बाकू में पाया जाने वाला निकोटीन भी अफीम की तरह लतकारी होता है लेकिन अपनी इच्छाशक्ति से इसकी आदत भी छोड़ी जा सकती है। धूम्रपान छोड़ने पर यह अहसास होता है कि बिना नशे के शरीर कितना हल्का?फुल्का तथा सक्रिय रहता है। धूम्रपान केवल दिल की बीमारी ही नहीं कैंसर जैसे रोगों को भी निमंत्रण देता है। जहां तक शराब पीने का प्रश्न है यह भी स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। बहुत से सामाजिक अवसरों पर शराब का सेवन हमारी संस्कृति का अंग बन चुका है ऐसे में भी एक दिन में एक या दो पैग से ज्यादा शराब का सेवन नहीं करना चाहिए। ध्यान रखें हल्की मात्रा में शराब जहां शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है वहीं शराब का अंधाधुंध सेवन शरीर की प्रतिरोधक क्षमता घटाता है और अनेक रोगों को जन्म देता है। दिल को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है कि हम अपने भोजन पर भी नजर डालें। भोजन में वसा की मात्रा को सीमित करना चाहिए। तला?भुना और चिकनाई वाले खाने से वजन तो बढ़ता ही है साथ ही यह चिकनाई खून की धमनियों में जम जाती है जिससे खून का दौरा धीरे?धीरे कम होता जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार, जिन व्यक्तियों में कोलेस्ट्रोल का स्तर सामान्य से अधिक है उन्हें प्रतिदिन 20 से 25 ग्राम सोया प्रोटीन का सेवन करना चाहिए। इसके सेवन से कोलेस्ट्रोल का स्तर तो कम होता है साथ ही यह ट्रीग्लिसीराइड के स्तर को भी कम करता है। ट्रीग्लिसीराइड भी हृदय रोगों के लिए जिम्मेदार होता है। दूसरी ओर सोया के सेवन से शरीर में एचडीएल कोलेस्ट्रोल की मात्रा बढ़ती है जोकि एक लाभदायक कोलेस्ट्रोल है। यह कोलेस्ट्रोल रक्त नलिकाओं से बुरे कोलेस्ट्रोल को हटाता है।

दूसरी ओर काली चाय को भी दिल की सेहत के लिए अच्छा माना जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार चाय में फलेवेनॉइडस एंटी ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं जो हृदय की कोशिकाओं तथा ऊतकों की आक्सीकरण से होने वाली हानि से सुरक्षा करते हैं। चाय थक्के बनने की प्रक्रिया को भी नियंत्रित करती है इससे भी हृदय रोगों से बचाव होता है और हृदय आघात की संभावना कम होती जाती है।

हृदय रोगों से बचाव के लिए अपनी जीवन शैली में भी सुधार करना बहुत जरूरी है। सबसे महत्वपूर्ण है शारीरिक सक्रियता को बनाए रखें। घर के छोटे-मोटे कामों से जी न चुराएं बल्कि शरीर को हरकत कराने, हाथ?पैर हिलाने डुलाने से व्यायाम होता है। जहां तक संभव हो तनाव से बचें। इसके लिए जरूरी है अपनी सोच सकारात्मक रखें और आशावादी बनें। तनाव से बचने के लिए मनपसन्द संगीत का सहारा भी लिया जा सकता है। पिछले कुछ वर्षों में शोधों के दौरान यह बात भी सामने आई है कि गुस्सा करना भी हृदय के लिए घातक है। इससे रक्त नलिकाओं की भीतरी दीवारों पर बुरे कोलेस्ट्राल के जमने की प्रक्रिया, जिसे अर्थरोस्टकलेरोसिस कहते हैं, तेज हो जाती है। अर्थरोस्टकलेरोसिस के कारण रक्त नलिकाएं संकरी हो जाती हैं जिससे हृदय को रक्त की आपूर्ति कम हो जाती है। अपने बाहरी रंग रूप का लगभग हम सभी बहुत ख्याल रखते हैं यदि हम अपने दिल का भी इसी प्रकार ख्याल रखें तो हम एक स्वस्थ और लंबा जीवन जी सकते हैं।

# पेट की बढ़ती चर्बी



बच्चे के जन्म के बाद या 30-35 साल की उम्र के बाद महिलाओं का पेट अलग ही तरह से बढ़ने लगता है। आप चाहे शादीशुदा हों या एकल नारी, 30 की उम्र पार करने के बाद आपका वजन और पेट का बढ़ना स्वाभाविक है। विशेषज्ञों के अनुसार 25 साल की उम्र के बाद हमारा मेटाबॉलिज्म धीरे-धीरे कमजोर होता जाता है। इससे वजन बढ़ता है।

**कारण** - दरअसल, सुबह का नाश्ता न करने, गलत तरीके से खाना और ज्यादा जंक फूड खाने से अनजाने में हम ढेर सारी हवा निगल लेते हैं, जिससे पेट में काफी गैस भर जाती है। इस गैस से भी पेट हमेशा फूला नजर आता है ।

## निजात पाने के उपाय

दिन में तीन बार खाना खाने की बजाय 5 से 6 बार थोड़ा-थोड़ा करके खाएं। खाने के आधे घंटे बाद पानी पीएं।

आराम से और चबा-चबा कर खाएं।

खाने में नमक, चावल व मसालों की मात्रा कम कर दें। सूप, सब्जियों, फलों का सेवन ज्यादा करें। मीठी चीजें, जैसे चॉकलेट, चाय या कॉफी का सेवन कम करें।

अपनी दिनचर्या में योगासन शामिल करें। यदि व्यायाम के लिए ज्यादा समय न हो, तो खाना खाने के बाद आधा घंटा टहलें। साइकलिंग, स्विमिंग, डांसिंग और एरोबिक्स से एक दिन में 600 से 800 के बीच कैलोरी खर्च होती है। मां बनने के बाद डॉक्टरी सलाह से खानपान में बदलाव करें, हल्का व्यायाम भी करें।

# रोग प्रतिरोधक शक्ति ऐसे होगी सशक्त

सर्दिया शुरू होते ही खासी, जुकाम, छींकं, एलर्जी, सास रोग और जोड़ों के दर्द आदि से सबधित समस्याएं उठ खड़ी होती हैं। आयुर्वेद के अनुसार उपर्युक्त बीमारियों का बुनियादी कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक शक्ति या तत्र का कमजोर होना है।जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक शक्ति कमजोर होती है, वे बड़ी आसानी से रोगों की चपेट में आ जाते हैं। वास्तव में ऐसा होना नहीं चाहिए क्योंकि सर्दियों को हेल्दी सीजन कहा जाता है यानी सर्दियों में लोग रोगों से कम ग्रस्त होते है। इसके बावजूद परिणाम बिल्कुल विपरीत नजर आते हैं।

## मौसम के अनुसार हो खान-पान

उपर्युक्त रोगों के होने का एक प्रमुख कारण यह है कि हम लोग सर्दियों के अनुसार अपना खान-पान नहीं बदलते। उदाहरण के लिए सर्दियों में रूखापन व शीतलता अधिक होती है। इसलिए यदि हम ठंडे और रूखे-सूखे तासीर वाला भोजन ग्रहण करेंगे, तो वात दोष का प्रकोप होगा। इस कारण जोड़ों में दर्द, कमर दर्द, सास रोग, त्वचा में रूखापन, हाथ व पैरों का फटना आदि रोग उत्पन्न हो जाते हैं।

## इन बातों पर दें ध्यान

-सर्दियों में ठंडे पेयों, सलाद, टोस्ट, भुने हुए चने, मक्का आदि का सेवन नहीं करना चाहिए।

-सूखे मेवों और ड्राई फरूट्स को भिगोकर गर्म दूध के साथ इनका सेवन करें।

-सब्जियों के सूप पिएं।

-अदरक, धनिया और सौंफ को पानी में उबालकर इस पेय को पीना चाहिए।

-उचित मात्रा में देशी घी का प्रयोग करें।

-रात को सोने से पहले दोनों पैरों को लगभग 10 मिनट तक गर्म पानी में रखें। बाद में तलुवों में तिल के तेल या देशी घी से मालिश करें। प्रात-काल नहाने से पहले पूरे शरीर में तिल के तेल से मालिश करें।

-दो गाजरों को कद्दूकस करके एक पाव दूध में पकाएं और रात को सोने से पहले शहद मिलाकर लें। भीगे बादाम, किशमिश व खजूर भी नियमित रूप से सेवन करने चाहिए।

-तिल के लड्डू, पिन्नी, तिल और मूंगफली की पट्टी व गजक भी स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है।

-व्यायाम, योग, प्राणायाम व ध्यान करना शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है।

-रात्रि जागरण, दिन में सोना, अधिक मानसिक तनाव और अनियमित समय पर भोजन करना स्वास्थ्य के लिए अहितकर होता है।

-आयुर्वेदिक रसायनों के सेवन के लिए सर्दियों का मौसम सर्वोत्तम है क्योंकि इस मौसम में हमारी जठराग्नि प्रबल होता है।

इसलिए सर्दी के इस मौसम में अपनी रोग प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाएं और इस ऋतु में होने वाले रोगों से अपनी रक्षा करें।





# ऑफिस में हेल्दी हैबिट

**एक हैल्दी हैबिट सिर्फ घर पर ही नहीं बल्कि ऑफिस में भी आपको स्वस्थ रख सकती है। जिससे आप ऑफिस में रहेंगे तरोताजा...**

आदत अगर सही पड़ जाए तो आपकी जिंदगी को तो बनाती है साथ ही आपका स्वास्थ्य भी बेहतर रखती है। यह बात सिर्फ घर के लिए ही नहीं बाहर के लिए भी लागू होती है। इसलिए अपनाइए इन आदतों को...

## चाय-कॉफी न हो ज्यादा

ऑफिस में लगातार काम करते-करते जब नींद आने लगती है तो अक्सर लोग चाय-कॉफी पी लेते हैं लेकि न अगर आप जरूरत से ज्यादा चाय-कॉफी पीने लगेंगे तो यह सेहत पर बहुत ही बुरा प्रभाव डालता है।

## लगातार न बैंठे रहें

जाहिर सी बात है कि आप ऑफिस काम करने जाते हैं न कि घूमने। इसलिए अपनी सीट पर बैठे रहना जरूरी है। लेकिन लगातार बैठे रहने से आपके हिप की हड्डी खराब हो सकती है। यह बात एक शोध के दौरान भी साबित हुई है।

## सही हो बैठने का पॉश्चर

सही तरीके से अपनी सीट पर बैठ कर काम करना सेहत की दृष्टि से सही रहता है।

## फल आदि खाएं

ऑफिस में बीच-बीच में फल आदि खाते रहें।



# रैपर बादशाह के रेस्तरां में हुआ बम धमाका

**बॉलीवुड** रैपर बादशाह के रेस्तरां चंडीगढ़ में बम ब्लास्ट हुआ। इसकी जिम्मेदारी गोल्डी बरार और रोहित गोदारा ने ली है।

26 नवंबर को चंडीगढ़ के 26 सेक्टर में जिस जगह पर बम ब्लास्ट हुआ है, वहां रेस्तरां और सेविले बार और लाउंज के मालिक रैपर बादशाह हैं। अधिकारियों की मानें तो विस्फोट मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्धों द्वारा फेंके गए कम तीव्रता वाले उपकरण से हुआ था।

### गोल्डी बरार और रोहित गोदारा ने ली जिमेदारी


गैंगस्टर गोल्डी बरार और रोहित गोदारा, जो लॉरेंस बिश्नोई की गैंग से संबंध रखते हैं। दोनों ने इस मामले की जिमेदारी ली है। उन्होंने कहा कि उन्होंने लव मालिकों से जबरन वसूली की मांग की थी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला, जिसके कारण उन्होंने विस्फोट को अंजाम दिया। हालांकि, पुलिस ने अभी तक दावे की प्रमाणिकता की पुष्टि नहीं की है। इससे लॉरेंस बिश्नोई के कनेक्शन को लेकर बात की जा रही है।

### चंडीगढ़ में हुआ ये हादसा

पुलिस की मानें तो विस्फोट देओरा के बाहर हुआ, जो रैपर बादशाह के बार और लाउंज के पास है। विस्फोट से संपत्तियों को कुछ नुकसान हुआ, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। विस्फोट दोपहर करीब 2.30 बजे के बीच हुआ। इससे संपत्तियों को मामूली नुकसान हुआ है। चंडीगढ़ फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी के फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ-साथ बम का पता लगाने वाले दस्तों को सबूत इकट्ठा करने के लिए घटनास्थल पर भेजा गया।




# जब इरीटेटिंग परिणीति को इशकजादें में लिए जाने के खिलाफ थे अर्जुन



**परिणीति** चोपड़ा और अर्जुन कपूर ने निर्देशक हबीब फैसल की रोमांटिक एक्शन फिल्म इश्कजादे में मुख्य भूमिकाएं निभाई। अर्जुन कपूर ने हाल ही में रोहित शेट्टी की मल्टी- स्टारर एक्शन फिल्म 'सिंघम अगेन' मेन विलेन का रोल निभाया, फिल्म ने अच्छी कमाई की और लोगों ने अर्जुन कपूर की तारीफ भी की। निर्देशक हबीब फैसल की रोमांटिक एक्शन फिल्म इश्कजादे में परिणीति चोपड़ा के साथ लीड रोल में साल 2012 में डेब्यू करने के बाद भी, अर्जुन के करियर में कई उतार-चढ़ाव आए, उनकी आखिरी फिल्म द लेडी किलर (2023) ने 45 करोड़ रुपये के कथित बजट के मुकाबले सिर्फ 60,000 रुपये की कमाई की। मशहूर निर्माता बोनी कपूर और दिवंगत मोना शौरी के बेटे एक्टर अर्जुन कपूर ने हाल ही में अपने करियर को लेकर बात की। उन्होंने अपनी पहली फिल्म इश्कजादे में परिणीति चोपड़ा की कास्टिंग के वक्त उनके मन में चल रही शंकाओं के बारे में बात की। अर्जुन ने मैशेबल इंडिया से कहा, जब कास्टिंग हुई तो मैं उनकी कास्टिंग के बहुत खिलाफ था। मैं ऐसा था, 'ये बहुत बात करती है' और उनकी रीडिंग भी खराब थी।

# काजोल ने बताया अपनी गोरी रंगत का राज!



**बॉलीवुड** की मशहूर एक्ट्रेस काजोल, जो अपनी एक्टिंग और चुलबुले अंदाज के लिए जानी जाती हैं, अक्सर सोशल मीडिया पर ट्रोलर्स के निशाने पर रहती हैं। खासतौर पर उनके बदले हुए लुक और गोरी त्वचा को लेकर लोग सवाल करते हैं।

कई बार उनके फैंस भी जानना चाहते हैं कि काजोल, जो पहले सांवली नजर आती थीं, अब इतनी गोरी कैसे हो गई। काजोल, जो दिग्गज अभिनेत्री तनुजा की बेटी हैं, ने 1992 में फिल्म बेखुदी से अपने करियर की शुरुआत की थी। लेकिन उनकी असली पहचान फिल्म बाजीगर से बनी, जिसमें उन्होंने शाहरुख खान के साथ काम किया।

इसके बाद काजोल ने दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, कुछ कुछ होता है, और कभी खुशी कभी गम जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से बॉलीवुड में अपनी जगह मजबूत कर ली।

### बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक

आज भी काजोल बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी तस्वीरें और वीडियोज फैंस के साथ शेयर करती हैं। हालांकि, उनकी पोस्ट पर फैंस जहां प्यार बरसाते हैं, वहीं कुछ लोग उनके गोरेपन और लुक्स को लेकर ट्रोल करते हैं।



# भोजपुरी इंडस्ट्री को लेकर रवि किशन का बयान, बोले- जूनियर सुपरस्टार्स ने बर्बाद कर दिया

**एक्टर** रवि किशन के पास 2024 में जश्न मनाने के कई कारण हैं। उनकी फिल्म 'लापता लेडीज़' का ऑस्कर में जाना उनके लिए गर्व की बात है। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में लगभग 34 सालों तक रहने के बाद, रवि किशन को लगता है कि आखिरकार उन्हें वह हक मिल रहा है जिसके वे हकदार हैं। हालांकि, एक्टर भोजपुरी इंडस्ट्री को लेकर थोड़ा निराश हैं।

एक विशेष बातचीत में, रवि किशन ने बताया कि रीजनल सिनेमा ने हाल ही में जो उछाल देखा गया है, इस मामले में भोजपुरी इंडस्ट्री पीछे रह गई है। इसके साथ ही उन्होंने इसके पीछे का कारण भी बताया। अपने स्ट्रगल के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे वो भोजपुरी इंडस्ट्री शुरू करने के लिए प्रेरित हुए। उन्होंने कहा, अजय देवगन, अक्षय कुमार और मैंने एक साथ एंट्री की थी, वे सभी आगे बढ़ गए और मैं अकेला पीछे रह गया। फिर मैंने अपनी खुद की भोजपुरी इंडस्ट्री बनाई।

मैं एक बड़ी रेस में था; मैं ट्रेन्ड था, कुछ हद तक मिथुन चक्रवर्ती जैसा दिखता था, लेकिन मुझे कोई मौका नहीं मिल रहा था। उन्होंने आगे कहा, मैं सेकेंड लीड, थर्ड लीड किरदार निभाते-निभाते थक गया था, तभी मुझे 'सइयां हमार' नाम की भोजपुरी फिल्म करने का मौका मिला।

मैंने इसे इसलिए लिया क्योंकि मैं 8-9 साल तक संघर्ष करने से बहुत निराश हो गया था, उस फिल्म ने मुझे बड़ी सफलता दी और मैंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। फिर मुझे बिग बॉस मिला और उस शो ने मुझ पर रीजनल एक्टर का ठप्पा लगा दिया।

# राम गोपाल वर्मा ने एक बार फिर एनिमल में दिखाई हिंसा पर की बात

**संदीप** रेड्डी वांगा की रणबीर कपूर स्टारर फिल्म 'एनिमल' एक बड़ी हिट साबित हुई थी, लेकिन बावजूद इसके फिल्म की जमकर आलोचना हुई और आज भी हो रही है। फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने कहा कि फिल्मों के सीन आज भी उन्हें परेशान करते हैं। हालांकि राम गोपाल की खुद की कई फिल्मों में जमकर हिंसा दिखाई गई है।



'एनिमल' में हिंसा के बारे में बात करते हुए राम गोपाल वर्मा ने कहा, यह सेनाओं को एक-दूसरे से लड़ते हुए देखने से भी अधिक प्रभावशाली था। वास्तव में, मुझे याद है जब मैं नागार्जुन को शिव के बारे में बता रहा था, जब वह 'अग्नि पुत्रुडु' की शूटिंग कर रहे थे। मैंने उनसे कहा कि शिव में हिंसा बम फोड़े जाने और चाकू मारे जाने से भी अधिक गंभीर होगी। उदाहरण के लिए, नरेश के साथ अंधेरे में थिएटर से आने वाला सीन और जब उसे पीछे से मारा जाता है, हमला काफी प्रभावशाली है। आरजीवी ने कहा, मुझे रणबीर के सीन के साथ भी ऐसा ही महसूस हुआ। एनिमल में, विशेषकर लो एंगल शॉट। यह अब भी मुझे परेशान करता है।

राम गोपाल वर्मा ने कहा कि संदीप रेड्डी वांगा का किस तरह के व्यक्ति हैं, वास्तव में स्क्रीन पर दिखाई गई हिंसा से बिल्कुल अलग हैं। उनकी फिल्म में भले ही इस तरह के सीन हैं, लेकिन वो खुद एक शांत स्वभाव के इंसान हैं। राम गोपाल वर्मा ने वांगा से कहा, ÷मैं तुममें कभी गुस्सा नहीं देखता। हो सकता है कि आप इसे अपने किरदारों के लिए संभाल कर रखते हों, या आप ऐसा दिखा रहे हों जैसे कि आपमें वो गुस्सा है ही नहीं। संदीप रेड्डी वांगा इस वक्त मोस्ट अवेटेड प्रभास-स्टारर 'स्पिरिट' पर काम कर रहे हैं, इसमें प्रभास को एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में दिखाया जा सकता है।



# जेनिफर लोपेज का बोल्ड अंदाज, प्लीटेड मिनी स्कर्ट में फ्लॉन्ट किया टोन्ड फिगर

जेनिफर लोपेज अक्सर अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। हसीना कभी भी शॉर्ट ड्रेस में अपना फिगर दिखाने से नहीं कतराती हैं। जेनिफर लोपेज मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें वह अपनी टोन्ड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। 55 की सिंगर ब्लैक शर्ट और मैचिंग प्लीटेड मिनी स्कर्ट में बेहद बोल्ड लग रही हैं। हसीना ने मिनिमल मेकअप, ओपन हेयर्स से लुक्स को पूरा किया था। जेनिफर कातिलाना अंदाज में कैमरे के सामने पोज दे रही हैं।

लोपेज़ के करियर के लिए 2024 शानदार रहा - एटलस एक बड़ी सफलता थी लेकिन बेन अफ्लेक संग उनके रिलेशनशिप ने खूब सुर्खियां बटोरी।

# नागार्जुन के घर दोहरी खुशियों का माहौल, नागा के बाद छोटे बेटे अखिल अक्किनेनी ने की सगाई



नागार्जुन के घर दोहरी खुशियों का माहौल है। बड़े बेटे नागा के बाद तेलुगु अभिनेता के छोटे बेटे अखिल अक्किनेनी ने भी सगाई कर ली है। अभिनेता ने पोस्ट कर जैनब रावदजी का परिवार में स्वागत किया है। अनुभवी तेलुगु अभिनेता नागार्जुन के घर पर दोहरी खुशियों का माहौल है। नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला की शादी से कुछ दिन पहले अभिनेता के छोटे बेटे अखिल अक्किनेनी ने सगाई कर ली है। उन्होंने लॉन्ग टर्म गर्लफ्रेंड और लाइफस्टाइल ब्लॉगर जैनब रावदजी से सगाई की है। नागार्जुन ने अपने एक्स हैंडल पर जोड़े की एक तस्वीर के साथ खुशखबरी की घोषणा की और परिवार में जैनब का स्वागत किया।

### नागार्जुन के छोटे बेटे ने की सगाई

छोटे बेटे और होने वाली बहू की एक तस्वीर को साझा करते हुए नागार्जुन ने लिखा, अपने बेटे अखिल अक्किनेनी और हमारी होने वाली बहू जैनब रावदजी की सगाई की घोषणा करते हुए रोमांचित हूं।

# जब पत्नी बोलतीं है तो मैं खामोश हो जाता हूं: खेसारी लाल यादव

**भोजपुरी** एक्टर खेसारी लाल यादव इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट में खेसारी लाल यादव ने काजल राघवानी से जुड़े कई बयान दिए थे जिसकी वजह से वो चर्चा में रहें, मगर अब उसी पॉडकास्ट से उनका एक और बयान वायरल हो रहा है। जहां खेसारी लाल यादव अपनी वाइफ को लेकर बयान देते नजर आ रहे हैं।

जब खेसारी लाल से पूछा गया कि क्या उनकी वाइफ उनसे लड़ती हैं तो खेसारी ने कहा कि हां और क्यों नहीं लड़ेगी। खेसारी ने कहा, ऐसा नहीं है कि मैं कह दूं कि मेरी वाइफ लड़ती नहीं है? क्यों नहीं लड़ेगी भाई? लड़ाई तो वहीं होती है जहां हक होता है, जहां पर प्यार होता है, जहां पर



रिश्ते होते हैं। तो उसका लड़ना भी जायज़ है, ठीक है। हम भी चुप हो जाते हैं, शांत हो जाते हैं, कि चलो यार कोई बात नहीं, हर जगह तो मैं जीत ही जाता हूं, हर आदमी को तो चुप करा ही देता हूं। कहीं तो मुझे चुप होना पड़ेगा।

वर्क फ्रंट की बात करें तो खेसारी लाल यादव जल्द ही आकांक्षा पुरी के साथ दो फिल्मों में नजर आएंगे। एक फिल्म का नाम है 'राजा राम' जिसमें दोनों का स्पेशल सॉन्ग 'चुम्मा चुम्मा' है। ये वीडियो सॉन्ग काफी बोल्ड है। इसमें खेसारी और आकांक्षा पुरी की केमिस्ट्री की काफी चर्चा है। इसके अलावा आकांक्षा और खेसारी की भोजपुरी फिल्म 'अग्नि परीक्षा' भी लाइन में है।

खेसारी लाल यादव और काजल राघवानी के बीच काफी झगड़े हुए और दोनों के अफेयर और ब्रेकअप की खबरें भी खूब उड़ीं और अब खेसारी लाल का नाम आकांक्षा पुरी के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों हाल ही में जिम में कुछ ऐसे वर्कआउट करते दिखे जिसके बाद से दोनों के अफेयर की खबरें और तेजी से आने लगीं। मगर खेसारी लाल यादव ने इस पर सफाई दी है।

# राजकुमार संतोषी की मुश्किलें बढ़ीं

## सत्र न्यायालय ने चेक बाउंस मामले में बरकरार रखी सजा

**राजकोट** के सत्र न्यायालय ने निर्माता-निर्देशक राजकुमार संतोषी को दो चेक बाउंसिंग मामलों में निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। 17 फरवरी को जामनगर की अदालत ने संतोषी को दो साल की सजा और दिए गए पैसे की दोगुनी राशि जमा करने का आदेश दिया था।

राजकोट के सत्र न्यायालय ने निर्माता-निर्देशक राजकुमार संतोषी को दो चेक बाउंसिंग मामलों में एक-एक साल की सजा सुनाने वाली निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखा है। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि संतोषी को पीड़ित को मुआवजा भी देना होगा। संतोषी ने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपील की थी, लेकिन सत्र न्यायालय ने उनकी अपील को खारिज कर दिया।

**अदालत ने बरकरार रखी सजा:** इस मामले में शिकायतकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीन कोटेचा ने अदालत में दलीलें दीं, जिनके तर्कों को अदालत ने स्वीकार किया। प्रवीन कोटेचा ने संतोषी के खिलाफ आरोपों को मजबूती से रखा, जिसके बाद अदालत ने निचली अदालत के फैसले को सही ठहराया।

**निचली अदालत ने दिया था ये फैसला:** 17 फरवरी को जामनगर की सातवीं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत ने राजकुमार संतोषी को चेक बाउंसिंग के दो मामलों में दो साल की सजा सुनाई थी। इसके साथ ही अदालत ने संतोषी को वह रकम दोगुनी राशि में जमा करने का आदेश भी दिया था, जो उन्होंने शिकायतकर्ता को चुकानी थी।

**सत्र न्यायाल ने खारिज कीं संतोषी की दलीलें:** संतोषी ने अपनी अपील में दावा किया था कि वह किसी तरह की धोखाधड़ी में शामिल नहीं थे, लेकिन सत्र न्यायालय ने उनकी दलीलें खारिज करते हुए निचली अदालत के आदेश को मान्यता दी। इस फैसले से यह साफ है कि अदालत ने शिकायतकर्ता के पक्ष में मजबूत फैसला दिया है।



## ब्रीफ न्यूज

### दुबे परिवार द्वारा ग्यारह हजार रुपये दिये दान



**हरदा।** तिमिर हरणी युवा मंडल टिमरनी के तत्वाधान में विगत 16 वर्षों से वनांचल में गर्म कपड़े, स्वेटर, जैकेट, कंबल आदि का वितरण कार्य निरंतर चल रहा है। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी सचिन दुबे, नितिन दुबे और पार्षद सुनिल दुबे द्वारा ग्यारह हजार रुपये दान स्वरूप दिये गये।

### विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा जागरूकता कार्यक्रम

**सीहोर।** आगामी 01 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में प्रातः 07:45 बजे एड्स से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर नागरिकों को एड्स से बचाव तथा जागरूकता के लिए मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। नागरिकों से इस सामूहिक जागरूकता गतिविधि में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि 01 दिसंबर 2024 से 07 दिसंबर तक जिले की सभी शहरी एवं विकासखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य संस्थाओं में रैली एवं प्रति दिन ओपीडी में एड्स से बचाव के लिए परामर्श आयोजित किया जाएगा।

### लघु वेतन कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**हरदा।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सीधी भर्ती करने की मांग की है। आउट सोर्स से भर्ती करने का विरोध किया गया, इस निर्णय पर पुर्नविचार करने हेतु ज्ञापन दिया गया। सीधी भर्ती से रिक्त पदों की पूर्ति की जाये। आउटसोर्स के रूप में भर्ती न की जाये। आउट सोर्स कर्मचारी निजी एजेंसी के माध्यम से काम कर रहे हैं। शासकीय एजेंसी का निर्माण कर वेतन व्यवस्था बनायी जाये। कार्यरत स्थायी कर्मी दैनिक वेतन भोगी एवं अंशकालीन कर्मचारी में चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पद भरा जावे।

### दो सटोरियों पर कार्यवाही जिसमें एक महिला

**हरदा।** इस समय हरदा पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों में लिप्त अराधियों पर लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। गुरूवार को कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर दो सटोरियों पर कार्यवाही की गई । सिटी कोतवाली प्रभारी अनिल गुर्जर ने बताया की सूचना मिली थी कि कुलहरदा वार्ड में एक महिला सट्टा लिख रही है। सूचना को तत्काल एक्शन लेते हुये इस सबंध महिला पुलिस अंजना पाटिल थाना प्रभारी महिला थाना के साथ कुलहरदा में दबिश देकर उक्त महिला को सट्टा लिखते पकड़ा। आरोपी महिला रमा बाई पति हरिशंकर दमाड़े उम्र 47 साल निवासी कुलहरदा से कुल 1720 रुपये, सट्टा लिखी पर्ची एवं अन्य सट्टा सामग्री जप्त की गई। वही एक अन्य सूचना पर दूध डेयरी गली नं. 07 में मुकेश गौहर पिता अशोक गौहर को सट्टा लिखते पकड़ा। जिससे 730 रुपये एवं सट्टा लिखी पर्ची जप्त की गई। दोनों आरोपियों के विरूद्ध पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट की धारा 4 क के तहत मामला दर्ज किया गया।

# महिला एवं बाल विकास दमोह की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्टर कोचर की अध्यक्षता में संपन्न

### संबंधित अधिकारियों को दिये गये अहम् दिशा-निर्देश



सत्ता सुधार ■ दमोह

महिला एवं बाल विकास दमोह की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें विभाग द्वारा संचालित जिले के आंगनबाड़ी भवनों की वर्तमान स्थिति, समस्याओं और निदान के विषय में समस्त संबंधित विभागों सहित समीक्षा की गई। बैठक में जिले के ऐसे आंगनबाड़ी भवन जिनकी संचालनालय से निर्माण स्वीकृति एवं तत्संबंधी बजट प्राप्त है तथा निर्माण एजेन्सी को पूर्ण बजट प्रदाय उपरांत भी भवन निर्माण की कार्यवाही अप्रारंभ 45 भवन है, के संबंध में शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराये जाने हेतु परियोजना अधिकारी मनरेगा एवं संबंधितो को कलेक्टर श्री कोचर द्वारा निर्देशित किया गया। निर्माण कार्यो की समय-समय पर मानीटरिंग किए जाने हेतु भी निर्देशित किया गया। जिले की अपूर्ण 83 आंगनबाड़ी भवनों की अपूर्णता के कारणों पर विस्तार से उपस्थित समस्त संबंधित विभागों सहित चर्चा की गई तथा निर्देशित किया गया कि उक्त समस्त कारणों का शीघ्र निपटान करते हुए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए। जिले की जर्जर 64 आंगनबाड़ी भवनों में केन्द्र संचालन की अन्यत्र व्यवस्था की जाए एवं संचालनालय व अन्य विभागीय समन्वय से नवीन भवन निर्माण की रूपरेखा तैयार कर संचालनालय भोपाल की ओर प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। जिले के ऐसे आंगनबाड़ी भवन (323 भवन) जिनके मरम्मत की आवश्यकता है, उनका संबंधित जनपद कार्यालय तत्काल एस्टीमेट तैयार कर विभागीय समन्वय से मरम्मत कार्य पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिले के 18 नवीन तैयार आंगनबाड़ी भवन जो कि किसी कारण से निर्माण एजेन्सी द्वारा विभाग को अद्यतन तक हैण्डओवर नहीं किए गए, के कारणों का शीघ्र निपटान करते हुए संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय एक सप्ताह में हैण्डओवर की कार्यवाही पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। ऐसे आंगनबाड़ी भवन जिनका निर्माण कार्य अप्रारंभ है/सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हैं, के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दमोह को अपने स्तर से की जाने वाली कार्यवाहियों को शीघ्र पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

जिले के ऐसे आंगनबाड़ी भवन जिनमें शौचालय की उपयुक्त व्यवस्था नहीं है, के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बताया गया कि अधिकांश आंगनबाड़ी केन्द्रों के शौचालय काफी लंबे समय से उपयोग पश्चात् उनकी स्थिति खराब हो गई है। इस संबंध में संबंधित जनपद पंचायत एस्टीमेट तैयार कर विभिन्न योजनाओं स्तर से शौचालय निर्माण/मरम्मत कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिले के आंगनबाड़ी भवनों में विद्युत कनेक्शन की सुचारू व्यवस्था के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस हेतु विद्युत विभाग को मीटर एवं वायर का पैसा, विद्युत कनेक्शन के आवेदन सहित दिया जा चुका है, किन्तु अद्यतन तक कई केन्द्रों पर विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पाई है। साथ ही कुछ केन्द्रों पर मीटर नहीं लगाया गया है, जबकि विद्युत बिल निरंतर/अत्यधिक दिया जा रहा है। इस संबंध में विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री दमोह को अविलंब आवश्यक कदम उठाए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

जिले की आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विगत 6 माह से खाना/नाश्ता नही देने वाले स्व-सहायता समूहों का अनुबंध तत्काल समाप्त किए जाने तथा समीपस्थ अन्य समूह को उक्त कार्य सौपने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दमोह को निर्देशित किया गया।

### सत्ता सुधार की खबर का असर...

# एस.डी.ओ. को कमिश्नर ने किया निलंबित

सत्ता सुधार ■ हरदा

सरपंच और मुख्य कार्यपालन अधिकारी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी और अपशब्द कहने के आरोप में एस.डी.ओ. पी. डब्लयूडी श्रवण कुमार गुप्ता को नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त के.पी. तिवारी ने निलंबित कर दिया है। कलेक्टर के प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय किया गया है।



सरपंच को अपशब्द और सीईओ को तीन दिन में निलंबन की धमकी

एस.डी.ओ. का सोशल मीडिया में वायरल ऑडियो बना चर्चा का विषय

अधूरी सड़क निर्माण की शिकायत

सरपंच ने एसडीओ की शिकायत की

क्या कहते जवाबदार

विभाग से उच्चाधिकारी से होगी शिकायत

### 22 नवंबर के अंक में प्रमुखता से उठाया

इस मुद्दे को सत्ता सुधार ने अपने पिछले 22 नवंबर शुक्रवार 2025 के अंक में प्रमुखता से उठाया और बाद में सरपंच संघ और जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन ने ज्ञापन सौंप कर कलेक्टर से कार्यवाही की मांग की है। जिसके आधार पर यह कार्यवाही की है। श्री गुप्ता अपने कार्य व्यवहार को लेकर सदैव सुर्खियों में रहते हैं। आर.एन. शर्मा उपयंत्री ने भी जान से मारने की धमकी देने के संबंध में एस.डी.ओ. की शिकायत की थी । जनप्रतिनिधि के खिलाफ गलत शब्दों का प्रयोग किया गया। जिसके खिलाफ आक्रोश बढ़ गया था। ज्ञापन सौंप कर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई थी। सत्ता सुधार की खबर पर कमिश्नर की सख्त कार्यवाही से हड़कंप मच गया है ।

# नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु से सांसद राहुल सिंह ने भेंट कर सीतानगर में स्थित

### अ-प्रयुक्त हवाई पट्टी को विकसित करने किया आग्रह

सत्ता सुधार ■ दमोह



जिला दमोह के अहम मुद्दे को लेकर दमोह सांसद श्री राहुल सिंह लोधी ने आज अपरान्ह संसद के शीतकालीन सत्र के दरम्यान भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्री श्री राम मोहन नायडू किंजरापु से शिष्टाचार भेंट की। सांसद राहुल सिंह ने दमोह संसदीय क्षेत्र की पथरिया विधानसभा अंतर्गत सीतानगर में स्थित अ-प्रयुक्त (un-served) हवाई पट्टी को unnuity Model पर विकसित करने के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने नागरिक उड्डयन मंत्री का बताया दमोह जिले के प्रसिद्ध हिन्दू तीर्थ क्षेत्र देवश्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर, जैन तीर्थ कुण्डलपुर तथा दमोह जिले से लगे छतरपुर जिले के भीमकुंड धाम बाजना विधानसभा - बडामलहरा, महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल स्थापित है जहां धार्मिक श्रद्धालु हजारों की संख्या में आवागमन करते हैं।

उन्होंने बताया औद्योगिक दृष्टि से माईसेम फैक्ट्ररी नरसिंहगढ़, जे.एस.डब्ल्यू सीमेन्ट फैक्टरी गैसाबाद ओ. एन.जी.सी. तेल एवं गैस संस्थान जिला - दमोह में स्थापित हैं। साथ ही वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व भी स्थापित हो गया है जहां पर्यटकों का भ्रमण की दृष्टि से आवागमन प्रचुर मात्रा में होगा । अतः धार्मिक एवं औद्योगिक दृष्टि से विमानन आवागमन सुविधा को बढ़ाबा देने के उद्देश्य से ग्राम सीतानगर में एटीआर टाइप के छोटे यात्री विमानों की लैडिंग सुविधा स्वीकृत किये जाने आग्रह किया।

# घोड़ाकुंड व मसनगांव में नहर की कमिश्नर ने देखी सिंचाई व्यवस्था



सत्ता सुधार ■ हरदा

नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त के.जी. तिवारी ने शुक्रवार को जिले के ग्राम घोड़ाकुंड व मसनगांव का दौरा कर वहाँ के किसानों से नहरों के माध्यम से सिंचाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। ग्राम घोड़ाकुंड में किसानों ने कमिश्नर श्री तिवारी को बताया कि खेतों में सिंचाई के लिए नहर के माध्यम से पर्याप्त पानी मिल रहा है। इस दौरान ग्राम गांग्याखेड़ी के किसान गणेश पटेल और रणवीर पटेल ने कमिश्नर श्री तिवारी को बताया कि नहर के अंतिम छोर तक के खेतों तक पानी पहुंच गया है। सिंचाई के लिए कोई समस्या नहीं है।

**ट्रांसफार्मर काफी समय से है खराब:** किसानों ने बताया कि ग्राम घोड़ाकुंड के पास ट्रांसफार्मर काफी समय से खराब है, जिस पर कमिश्नर श्री तिवारी ने विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को ट्रांसफार्मर तुरंत बदलवाने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त आयुक्त जी.सी. दोहर, मुख्य अभियंता जल संसाधन आर.आर. मीणा, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन सुश्री सोनम वाजपेई सहित जल संसाधन विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। कमिश्नर श्री तिवारी ने ग्राम मसनगांव में नहर से सिंचाई व्यवस्था देखी। गांव के किसानों ने बताया कि अंतिम छोर के खेतों तक सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहर के माध्यम से पहुंच गया है।

**पेयजल योजना पूर्ण कर करें पंचायत को हेण्डओवर :** स्थानीय ग्रामीणों ने मसनगांव में जल जीवन मिशन की पेयजल योजना के संबंध में कमिश्नर श्री तिवारी से शिकायत करते हुए बताया कि पेयजल योजना का काम अभी अधूरा है। पेयजल पाइपलाइन के लिए सड़क खोदी गई थी, उसे रिपेयर नहीं किया गया है। जिस पर कमिश्नर श्री तिवारी ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पेयजल योजना का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री जल संसाधन डी.के. सिंह ने बताया कि सभी नहरों व उप नहरों के अंतिम छोर पर स्थित खेतों तक पानी पहुँच चुका है।

# रेलवे को दिलाया गया अर्जित भूमि का कब्जा



सत्ता सुधार ■ सीहोर

भैरूंदा तहसील के ग्राम हालियाखेड़ी में रेल्वे के लिए अर्जित 20 हेक्टेयर भूमि का कब्जा रेल्वे को दिलाया गया। इस भूमि का पहले ही भू-अर्जन तथा मुआवजा वितरण किया जा चुका था। कब्जा दिलाने की यह कार्रवाई भैरूंदा एसडीएम श्री मदनसिंह रघुवंशी तथा एसडीओपी श्री दीपक कपूर के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस की टीम द्वारा की गई। इस दौरान तहसीलदार श्री सौरभ शर्मा, नायब तहसीलदार श्री संदीप गौड़ सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए चलाया जा रहा है हम होंगे कामयाब अभियान

सत्ता सुधार ■ सीहोर




शासन के निर्देशानुसार जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक हम होंगे कामयाब विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन आंगनबाड़ी केन्द्रों, विद्यालयों, महाविद्यालयों ब्लॉक एवं जिला स्तर पर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत भैरुंदा जनपद में विकासखंड स्तर एवं ग्राम स्तर पर घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियमों पर संवाद कार्यक्रम एवं जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया। भैरुंदा के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रफुल्ल खत्री द्वारा कॉलेज के विद्यार्थियों को घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, वन स्टाप सेंटर एवं जेंडर समानता आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई एवं सायबर सुरक्षा की जानकारी दी गई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री अनूप श्रीवास्तव, प्राचार्य श्री मधुरेन्द्र बेनसन सहित शिक्षक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# विधायक, नपा अध्यक्ष एवं एसपी ने मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

सत्ता सुधार ■ सीहोर



सीहोर के गौरव दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक श्री सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर तथा एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक श्री सुदेश राय, नपा अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर तथा एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला ने आवासीय विद्यालय से मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर ने कहा कि दुनिया में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जहां धरती को माता का दर्जा दिया गया है। इस दौरान उपस्थित सभी नागरिकों को नगर को स्वच्छ बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर नगर पालिका सीएमओ श्री भूपेंद्र कुमार दीक्षित, श्री राजकुमार गुप्ता सहित पार्षदगण, विद्यार्थी एवं नागरिक उपस्थित थे।

## एसबीआई को देना पड़ेगी किसानों की फसल बीमा राशि

**हरदा।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा टिमरनी द्वारा रबी सत्र 2021-22 के 833 किसानों की फसल बीमा राशि के लिए पोर्टल पर एन्ट्री नहीं की गई थी, जिस कारण ये किसान फसल बीमा राशि से वंचित रह गये थे, जिनमें से लगभग 50 कृषकों ने उपभोक्ता आयोग में प्रकरण दर्ज किया । इन्हीं प्रकरणों में आयोग द्वारा दिये गये आदेशानुसार किसानों को फसल बीमा की राशि भारतीय स्टेट बैंक शाखा टिमरनी द्वारा ही दी जाएगी। इसमें बीमा कंपनी की कोई गलती नहीं मानी गई है। यह आदेश आयोग के मान0 अध्यक्ष न्यायाधीश जे.पी. सिंह एवं मान0 सदस्य श्रीमती अंजली जैन द्वारा दिया गया है।

एडवोकेट दिनेश यादव ने बताया कि बीमा राशि उन्हीं किसानों को मिलेगी जिन्होंने उपभोक्ता आयोग में प्रकरण दर्ज किया था, शेष किसान जिन्हें अभी तक बीमा राशि नहीं मिली है, वे अभी भी उपभोक्ता आयोग में अपना प्रकरण दर्ज करा सकते हैं। आयोग ने अपने दिये गये आदेश में कहा है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संशोधित के कंडिका क्रमांक 35.5.2.7 के अनुसार संबंधित बैंक को नियत समय के भीतर प्रीमियम, राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर बीमा अधिसूचित फसलवार सुनिश्चित करना चाहिए। यदि संबंधित बैंक या उनकी शाखाएँ बीमा योजना के अंतर्गत अपने दायित्व का निर्वहन करने में विफल होती है तो फसलों का बीमा कवरेज से वंचित किसानों के दावों का भुगतान करने का उत्तरदायित्व उन पर होता है।

आयोग में दर्ज सभी प्रकरणों में बहस हो चुकी है, आयोग द्वारा 3 प्रकरणों में अंतिम आदेश दिया गया है, शेष प्रकरणों में भी शीघ्र ही आदेश होने की संभावना है। आयोग के आदेश के अनुसार ग्राम कुही के किसान ओंकारसिंह पिता जगन्नाथ राजपूत को 60,000/-, इसी ग्राम के राकेश पिता प्रेमसिंह तोमर को 35,000/- तथा ग्राम गोंदागांव खुर्द की पुष्पाबाई पति जगदीश चैहान को 44,000/- मिलेंगे। इस राशि में मानसिक संत्रास व वाद व्यय की राशि भी सम्मिलित है। 45 दिन में भुगतान नहीं करने पर बैंक को ब्याज भी देना होगा।

# कलेक्टर ने लोलांगरा आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूल का निरीक्षण

सत्ता सुधार ■ हरदा



शुक्रवार को सिराली तहसील के ग्राम लोलांगरा के स्कूल और आंगनबाड़ी का कलेक्टर आदित्य सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता को गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में सम्मानित करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास संजय त्रिपाठी को दिए। उल्लेखनीय है कि निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी के बच्चों ने कलेक्टर श्री सिंह को कविता सुनाई और अंग्रेजी का पाठ पढ़कर बताया। उन्होंने आंगनबाड़ी के बच्चों से पोषण आहार वितरण के संबंध में जानकारी ली और कार्यकर्ता से बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के संबंध में पूछताछ की।

### कलेक्टर ने लोलांगरा में स्कूल को देखा -

कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम लोलांगरा के मिडिल स्कूल का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से गणित के सवाल करवाएं और अंग्रेजी का पाठ पढ़वाया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डी एस रघुवंशी, डीपीसी बलवंत पटेल तथा एसडीएम अशोक डेहरिया सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने स्कूल के बच्चों से चर्चा कर गणवेश वितरण, साइकिल वितरण, मध्यान्ह भोजन वितरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल का किचन शेड और टॉयलेट भी देखा और साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए।

# इंटरनेशनल साइंस डे पर रंगोली एवं पोस्टर, मेकिंग कंपटीशन का हुआ आयोजन

सत्ता सुधार ■ दमोह



एकलव्य विश्वविद्यालय एवं माइक्रोबायोलॉजिकल सोसाइटी के सहयोग से मनाया गया, इंटरनेशनल साइंस डे,कार्यक्रम कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया प्रतिकुलाधिप्ति पूजा मलैया,रति मलैया जी के मार्गदर्शन में पूरा हुआ,इंटरनेशनल साइंस डे पर विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग एवं रंगोली के कंपटीशन में भाग लिया, और बहुत ही मनमोहक विज्ञान से संबंधित पोस्टर और रंगोलिया बनाई, कार्यक्रम मे ओजस्विनी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शमा जे पी ख़ानम पहुंची जिन्होंने रंगोली बना रहे विद्यार्थियों से इंटरनेशनल साइंस डे की थीम पर चर्चा की और साथ ही जो रंगोली और पोस्टर बनाए थे,उनके विषय में पूछा गया, और साथ ही विद्यार्थियों ने उत्तर भी बड़े ही अच्छे से दिए और और प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान भी प्राप्त किया.विद्यार्थियों के द्वारा जो पोस्टर रंगोली बनाई गई थी उसकी सराहना एकलव्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉक्टर पवन कुमार जैन एवं कुल सचिव डॉक्टर प्रफुल्ल शर्मा ने की, माइक्रोबायोलॉजी विभाग से चांदनी पटेल नीलम सेन बायोटेक्नोलॉजी विभाग से मेघा श्रीवास्तव के साथ समरीन उपासना एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

## ब्रीफ न्यूज

### 1 दिसंबर से बदल जाएंगे एसबीआई, गैस सिलेंडर से जुड़े नियम

**नई दिल्ली।** नवंबर की आखिरी तारीख नजदीक आते हुए दिसंबर लाने वाला है साल 2024 के साथ कई बड़े बदलाव हुए। हाल ही में घोषित किया गया है कि दिसंबर के पहले ही सप्ताह में एलपीजी सिलेंडर के दामों में बदलाव हो सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि घरेलू गैस सिलेंडर के कीमतों में वृद्धि की संभावना है। इसके साथ ही देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने भी क्रेडिट कार्ड के नियमों में बदलाव की घोषणा की है। 1 दिसंबर से डिजिटल गेमिंग प्लेटफॉर्म से संबंधित ट्रांजेक्शन पर रिवॉर्ड प्वाइंट्स नहीं मिलेंगे। यह फेरबदल एसबीआई के कस्टमर्स के लिए एक महत्वपूर्ण परिवर्तन है। इस बात का अध्ययन करते हुए, यह साफ होता है कि दिसंबर आने वाला है बड़े बदलावों के साथ। यह चुनौतीपूर्ण समय हो सकता है लेकिन सामान्य जनता को सजग रहने की आवश्यकता है ताकि वे इन बदलावों का समतल में सामना कर सकें।

### एयर इंडिया की ब्लैक फ्राइडे सेलः हवाई टिकट में मिलेगी छूट

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने शुक्रवार को ब्लैक फ्राइडे सेल शुरू की है, जिसमें यात्रियों को बड़ी छूट दी जा रही है। इस सेल के तहत घरेलू उड़ानों के लिए 20 फीसदी तक की छूट और इंटरनेशनल डेस्टिनेशन के लिए 12 फीसदी तक की छूट पेशकश की जा रही है। यह ऑफर 2 दिसंबर तक है। इस ब्लैक फ्राइडे सेल के तहत यूपीआई या इंटरनेट बैंकिंग के जरिए भुगतान करने पर यात्रियों को अतिरिक्त छूट भी मिल रही है। घरेलू उड़ानों पर 400 रुपये और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 1200 रुपये तक की बचत के साथ सभी बुकिंगों के लिए कन्वीनियंस शुल्क भी माफ किया जाएगा। इस ऑफर का उपयोग करने के लिए यात्री एयर इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल ऐप पर जा सकते हैं। कंपनी ने सीटों की संख्या में सीमाएं बताई हैं, इसलिए जल्दी करें और इस मौके का फायदा उठाएं। एयर इंडिया की इस ब्लैक फ्राइडे सेल में स्टूडेंट्स और सीनियर सिटीजन्स के लिए भी विशेष छूट का एलान किया गया है। स्टूडेंट्स 25 फीसदी और सीनियर सिटीजन्स 50 फीसदी तक की छूट पा सकते हैं। इस ब्लैक फ्राइडे सेल के दौरान एयर इंडिया ने यात्रियों को हवाई टिकट में सबसे कम कीमत पर यात्रा करने का मौका दिया है।

### अदाणी समूह की सभी 11 कंपनियों के शेयरों में तेजी

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग के एक प्रमुख नाम अदाणी समूह ने शुक्रवार को सभी 11 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में तेजी दर्ज की। इस तेजी के परिणामस्वरूप, बीएसई पर अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 14.64 प्रतिशत और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में 13.54 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा अदाणी टोटल गैस, अदाणी पावर, एनडीटीवी और अंबुजा सीमेंट्स में भी तेजी देखी गई। साथ ही उपहार में अदाणी पोर्ट्स, अदाणी विल्मर, अदाणी एंटरप्राइजेज और एसीसी के शेयर भी चढ़ गए। बाजार में इस तेजी ने भी अपना प्रभाव दिखाया, जैसे कि बीएसई सेंसेक्स ने 688.31 अंक बढ़ोतरी की।

### आरबीआई के आंकड़ों में पिछले साल की तुलना में 13 फीसदी ज्यादा वृद्धि

# त्योहारी सीजन में क्रेडिट कार्ड से खर्च दो लाख करोड़ रुपए के पार पहुंचा

एजेंसी ■ नई दिल्ली



त्योहारी सीजन में भारत में क्रेडिट कार्ड से खर्च दो लाख करोड़ रुपए के पार हो गया, जो सितंबर माह की तुलना में 14.5 फीसदी ज्यादा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर में क्रेडिट कार्ड पर खर्च 2.02 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो पिछले साल की तुलना में 13 फीसदी ज्यादा है।

आरबीआई के मुताबिक सिस्टम में बकाया क्रेडिट कार्ड 12.85 फीसदी बढ़कर 106.88 मिलियन हो गए, जो सितंबर से 0.74 फीसदी ज्यादा है। एचडीएफसी बैंक 241,119 क्रेडिट कार्ड जारी कर चार्ट में सबसे आगे रहा, उसके बाद एसबीआई कार्ड्स ने 220,265 कार्ड और आईसीआईसीआई बैंक ने 138,541 कार्ड जारी किए। इस बीच आरबीआई के मासिक आंकड़ों के मुताबिक यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान में आए उछाल से डेबिट कार्ड आधारित लेनदेन अगस्त में करीब 43,350 करोड़ रुपए से करीब 8 फीसदी घटकर सितंबर में करीब 39,920 करोड़ रुपए रहा।

दूसरी ओर देश में क्रेडिट कार्ड लेनदेन में वृद्धि हुई, जिसमें सितंबर माह में करीब पांच फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जो अगस्त में 1.68 लाख करोड़ से बढ़कर 1.76 लाख करोड़ रुपए हो गई। जानकारों के मुताबिक क्रेडिट कार्ड खर्च में वृद्धि पिछले साल और त्योहारी सीजन में लोअर बेस के कारण हुई है, क्योंकि त्योहारी सीजन में समान मासिक किस्तों जैसी प्रमोशनल स्कीम में तेजी आई है। मार्च 2021 में डिजिटल भुगतान की हिस्सेदारी 14-19 फीसदी से बढ़कर मार्च 2024 में 40-48 फीसदी हो गई, जिसमें यूपीआई की अहम भूमिका रही।

यूपीआई लेनदेन में 75 फीसदी सीएजीआर की शानदार गति से वृद्धि हुई है, जबकि अगस्त 2019-अगस्त 2024 की अवधि में यूपीआई खर्च 68 फीसदी सीएजीआर की दर से बढ़ा है, क्योंकि कार्ड इंडस्ट्री की बढ़ोतरी धीमी रही। हालिया रिपोर्ट के मुताबिक यूपीआई की बढ़ती लोकप्रियता लेनदेन मात्रा अनुपात से देखी जा सकती है, जो क्रेडिट कार्ड लेनदेन मात्रा का 38.4 गुना है। यूपीआई लेनदेन के कम टिकट साइज को देखते हुए, अगस्त में यूपीआई-टू-क्रेडिट कार्ड खर्च 0.3 गुना रहा, जो वर्तमान स्तरों पर काफी हद तक स्थिर है।

# मोटर इंश्योरेंस को लेकर लोग हुए जागरुक टियर दो और तीन शहरों में हुई ग्रोथ

### अगस्त से अक्टूबर के प्रीमियम में पिछले साल की तुलना में 2.3 गुना बढ़ोतरी

एजेंसी ■ मुंबई



निजी उपभोग बढ़ने से टियर 2 और 3 शहर मोटर इंश्योरेंस सेक्टर के लिए ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहे हैं। एक रिपोर्ट में बढ़ती मोटर इंश्योरेंस की मांग दिखाती है कि देश में वाहनों की संख्या में इजाफा हुआ है और लोगों में इंश्योरेंस को लेकर जागरूकता आई है। आंकड़ों के मुताबिक शहरों ने इस साल त्योहारी सीजन में बेची गई पॉलिसियों की संख्या और प्रीमियम राशि में 90 फीसदी से ज्यादा योगदान दिया है।

कंपनी ने अपने बीमा सलाहकारों के बड़े नेटवर्क के जरिए से चार लाख से ज्यादा मोटर बीमा पॉलिसियां जारी की हैं, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में करीब 2 गुना ज्यादा है। अगस्त से अक्टूबर की अवधि में मोटर बीमा के कुल प्रीमियम में पिछले साल की तुलना में 2.3 गुना बढ़ोतरी हुई। जयपुर में मोटर इंश्योरेंस प्रीमियम में 191 फीसदी, इंदौर में 31 फीसदी और लखनऊ में 15 फीसदी की वृद्धि हुई।


टर्टलमिंट के सीईओ ने कहा कि भारत का बीमा क्षेत्र विकास पथ पर है, जिसमें मोटर बीमा का अहम योगदान है। मोटर पॉलिसी की बिक्री में सालाना आधार पर 85 फीसदी बढ़ोतरी हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया कि डिस्काउंट और ऑफर के कारण त्योहारी सीजन में रिकॉर्ड वाहनों की बिक्री होती है। इसके साथ ही मोटर इंश्योरेंस की खरीद में भी बढ़ोतरी देखने को मिलती है। पिछले हफ्ते, क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए ने स्थिर रिप्लेसमेंट मांग और अच्छी बारिश के कारण ग्रामीण मांग में सुधार के कारण वित्त वर्ष 2025 के लिए भारतीय दोपहिया उद्योग की थोक मात्रा में वृद्धि के आउटलुक को संशोधित कर 11-14 फीसदी कर दिया।

अक्टूबर में देश में कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री 14.2 फीसदी बढ़कर 21.64 लाख यूनिट हो गई, जबकि अक्टूबर 2023 में यह 18.96 लाख यूनिट थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक कारों और एसयूवी सहित यात्री वाहनों की बिक्री भी अक्टूबर में बढ़कर 3.93 लाख यूनिट के उच्चतम मासिक स्तर पर पहुंच गई।

### सुरक्षा डायग्नोस्टिक ने आईपीओ खुलने से पहले 254 करोड़ जुटाए

नई दिल्ली। सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड ने अपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 254 करोड़ रुपये का निवेश जुटाया है। इस आईपीओ में कंपनी ने बड़े निवेशकों में निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड, कोटक एमएफ, आदित्य बिड़ला सन लाइफ एमएफ, क्वांट एमएफ और कार्नेलियन भारत अमृतकाल फंड को शामिल किया है। इनमें से 16 निवेशकों को 57.57 लाख इक्विटी शेयर आवंटित किए गए हैं। इस आईपीओ का आरंभिक मूल्य दायरा 420 रुपये से 441 रुपये प्रति शेयर है। इस निवेश चक्र को गति देने के लिए कंपनी ने 29 नवंबर को आईपीओ को खोलने का निर्णय किया है और इसे 3 दिसंबर को बंद किया जाएगा। सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड ने यह निवेश जुटाने के बाद अपनी प्रेरणा को और मजबूत किया है और अपने विकास में मदद मिलेगी। इस आईपीओ के माध्यम से कंपनी की वित्तीय स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है।

## चिप डिजाइन के क्षेत्र में भारत एक बड़े देश के रूप में उभरेगा : जापान



एजेंसी ■ नई दिल्ली

जियो-पॉलिटिकल टेंशन की वजह से चिप डिजाइन के क्षेत्र में भारत एक बड़े देश के रूप में उभर सकता है। ये कहना है जापान के सॉफ्टबैंक समूह के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी मासायोशी सोन का। अरबपति सीईओ ने अपनी यात्रा के दूसरे दिन सॉफ्टबैंक की पोर्टफोलियो कंपनियों के संस्थापकों से मुलाकात की। इनमें पेटीएम के सीईओ विजय शेखर शर्मा, मीशो के सीईओ विदित आत्रे, ओयो के सीईओ रितेश अग्रवाल, ओला कंज्यूमर और ओला इलेक्ट्रिक के सीईओ भाविश अग्रवाल, फ्लिपकार्ट के सीईओ कल्याण कृष्णमूर्ति और अनएकेडमी के सीईओ गौरव मुंजाल समेत अन्य शामिल थे।

सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने भारत में अपनी पोर्टफोलियो कंपनियों के संस्थापकों से 10 साल के संबंध में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर काम करने के लिए कहा है। अपनी दो दिन की भारत यात्रा के दौरान सोन ने पहले दिन मुंबई में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी से तथा दूसरे दिन राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। सूत्र ने कहा, संस्थापकों के साथ बैठक के दौरान सोन ने कहा कि भारत की इंजीनियरिंग प्रतिभा दुनिया में सबसे बड़ी है। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक कारणों से भारत चिप डिजाइन में एक बड़ा खिलाड़ी हो सकता है। दरअसल, सेमीकंडक्टर या चिप निर्माण चीन व ताइवान की दुनियाभर में बादशाहत है। सॉफ्टबैंक ने पिछले 10 साल में 15 अरब डॉलर का निवेश किया है और भारत में सॉफ्टबैंक का निवेश इससे अधिक हो सकता है। सॉफ्टबैंक समूह के संस्थापक ने कहा कि चिप डिजायनिंग एआई अर्थव्यवस्था की धड़कन होगी।

# किआ इंडिया की सीकेडी वाहन निर्यात दोगुना करने की योजना

एजेंसी ■ नई दिल्ली



कारें बनाने वाली कंपनी किआ इंडिया ने 2030 तक पूरी तरह से नॉक-डाउन (सीकेडी) वाहन इकाइयों के अपने निर्यात को दोगुना करने की योजना की घोषणा की है। कंपनी किआ ने बताया कि यह कदम उसकी दीर्घकालिक वैश्विक रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य वैश्विक ऑटोमोटिव आपूर्ति श्रृंखला में अपनी स्थिति मजबूत करना है। कंपनी ने खुलासा किया कि उसने आंध्र प्रदेश के अनंतपुर स्थित विनिर्माण संयंत्र से जून 2020 में शिपमेंट शुरू होने के बाद से 100,000 सीकेडी वाहन इकाइयों का निर्यात पूरा कर लिया है। वर्तमान में, किआ इंडिया किआ कॉर्पोरेशन के वैश्विक सीकेडी निर्यात का 50 प्रतिशत योगदान करती है। यह भारतीय परिचालन की वैश्विक बाजार में महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। किआ इंडियाने अब तक कुल 367,000 वाहनों का निर्यात किया है। इनमें सेल्टोस, सोनेट और कैरेंस जैसे लोकप्रिय मॉडल शामिल हैं। कंपनी का 2024 में लक्ष्य उज्बेकिस्तान, इक्वाडोर और वियतनाम जैसे नए बाजारों में 38,000 से अधिक सीकेडी इकाइयों का निर्यात करना है। किआ का अनंतपुर प्लांट उन्नत विनिर्माण तकनीकों से लैस है और यह रणनीतिक रूप से प्रमुख बंदरगाहों के पास स्थित है। इससे निर्यात के लिए कुशल और लागत-प्रभावी रसद सुनिश्चित होती है। किआ इंडिया की विकास रणनीति के तहत मध्य पूर्व और अफ्रीका के बाजार महत्वपूर्ण हैं, जहां किफायती और विश्वसनीय वाहनों की मांग तेजी से बढ़ रही है। किआ ने यह स्पष्ट किया कि सीकेडी निर्यात पर उसका ध्यान घरेलू मांग को पूरा करने की उसकी प्रतिबद्धता के साथ सामंजस्य रखता है। यह रणनीति भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने में सहायक साबित होगी। कंपनी के मुख्य बिक्री अधिकारी, जूनसू चो ने कहा, हमारा लक्ष्य 2030 तक सीकेडी निर्यात की मात्रा को दोगुना करना है और मध्य पूर्व और अफ्रीका में अपने पदचिह्न का विस्तार करना है।

### ट्रिनिटी गेमिंग का 24 करोड़ में अधिग्रहण करेगी नोडविन गेमिंग

**नई दिल्ली।** गेमिंग और ईस्पोर्ट्स कंपनी नोडविन गेमिंग ने शुक्रवार को 24 करोड़ रुपये की कीमत पर ट्रिनिटी गेमिंग का अधिग्रहण करने की घोषणा की है। नोडविन ने यह समाचार बयान करते हुए कहा कि इस लेन-देन का मौल्य 24 करोड़ रुपये है। ट्रिनिटी गेमिंग की 100 प्रतिशत शेयर पूंजी का अधिग्रहण एक द्वितीयक बिक्री तथा नोडविन गेमिंग के शेयरों की अदला-बदली के साथ होगा। इसका अनुमानित भुगतान क्षमता है कि लगभग 4.8 करोड़ रुपये नकद भुगतान के रूप में किया जाएगा, जबकि शेष 19.2 करोड़ रुपये की देयता नोडविन गेमिंग के शेयरों की अदला-बदली के जरिये होगी। नोडविन गेमिंग ने 2014 में अपनी स्थापना की थी और वर्तमान में यह टेक्नोलॉजी कंपनी नाजारा की अनुषंगी है। ट्रिनिटी गेमिंग भारत में सीएसपी के साथ काम करता है जो मेटा के लिए क्रिएटर सर्विस प्रोवाइड करता है, और गेमिंग एमसीएन के रूप में यूट्यूब पर एक मल्टी-चैनल नेटवर्क है।

# होंडा ने पेश किए दो इलेक्ट्रिक स्कूटर

एजेंसी ■ नई दिल्ली



हाल ही में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने दो इलेक्ट्रिक स्कूटर भारतीय बाजार में पश किए। ये स्कूटर होंडा एक्टिवा-ई और क्यूसी-1 हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि ओला के एस-1 को बाजार में होंडा एक्टिवा-ई, टक्कर देगा। होंडा एक्टिवा-ई में 102 किलोमीटर की रेंज मिलेगी और इसमें दो स्वेपेबल बैटरी दी गई हैं।

इसकी कीमत कितनी होगी, इसका खुलासा अभी कंपनी ने नहीं किया है। एक्टिवा-ई और होंडा क्यूसीआई में रोड सिंक ड्यो ऐप दिया गया है। होंडा क्यूसी-1 में 80 किलोमीटर की रेंज मिलेगी और यह इलेक्ट्रिक स्कूटर एक फिक्स्ड 1.5 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक के साथ पेश किया गया है। इसमें 7.0 इंच की टीएफटी स्क्रीन मिलती है जो होंडा रोड सिंक ड्यो ऐप के साथ रियल-टाइम कनेक्टिविटी देती है। एक्टिवा-ई में बड़ी सीट, स्मार्ट की, यूएसबी सी और हुक, स्मार्ट कनेक्टिवटी, इनबिल्ट जीपीएस, डे और नाइट मोड और नेविगेशन जैसे फीचर्स दिए गए हैं।

इसके दोनों तरफ टर्न इंडिकेटर्स के साथ एलईडी हेडलैंप लगे हैं। यह डुअल-टोन सीट, 12-इंच डायमंड कट एलॉय व्हील, फ्लैट फुटबोर्ड और मजबूत ग्रैबरेल जैसी खासियतों से भी लैस है। इसमें 7.0 इंच की टीएफटी स्क्रीन भी लगी है। होंडा एक्टिवा ई में एक स्वैपेबल बैटरी सेटअप है जिसमें दो 1.5 केडब्ल्यूएच बैटरी हैं। इसका पावर आउटपुट 4.2 केडब्ल्यू (5.6 बीएचपी) है जिसे अधिकतम 6.0 केडब्ल्यू तक बढ़ाया जा सकता है। इसमें तीन राइडिंग मोड स्टैंडर्ड, स्पोर्ट और इकॉन दिया गया है। इलेक्ट्रिक स्कूटर पर्ल जुबली व्हाइट, मैट गनपाउडर ब्लैक मेटैलिक और प्रीमियम सिल्वर मेटालिक कलर ऑप्शन में आएगा। होंडा क्यूसी-1 में मिलेगी 80 किलोमीटर की रेंज मिलेगी। यह इलेक्ट्रिक स्कूटर एक फिक्स्ड 1.5 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक के साथ आता है। इसका पावर आउटपुट 1.2 केडब्ल्यू (1.6 बीएचपी) और 1.8 केडब्ल्यू (2.4 बीएचपी) है। इलेक्ट्रिक स्कूटर को 0 से 75 प्रतिशत चार्ज होने में 3 घंटे लगेंगे हैं और स्टैंडर्ड चार्जर से 0 से 100प्रतिशत चार्ज होने में 6 घंटे लगेंगे।इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की बुकिंग 1 जनवरी से शुरू होगी।

### सोना फिर 76 हजार पार, चांदी भी चमकी

# सोना और चांदी के वायदा भाव में तेजी

एजेंसी ■ नई दिल्ली



सोने-चांदी के वायदा भाव में शुक्रवार को तेजी देखी जा रही है। शुक्रवार को दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 76,250 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 89,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी की वायदा कीमतों में भी तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 610 रुपये की तेजी के साथ 76,334 रुपये के भाव पर खुला। सोने के वायदा भाव ने इस साल 79,775 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 697 रुपये की तेजी के साथ 88,699 रुपये पर खुला। इस समय यह 988 रुपये की तेजी के साथ 88,990 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 2,636.39 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,639.90 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 18.20 डॉलर की तेजी के साथ 2,658.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 30.13 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 30.11 डॉलर था। इस समय यह 0.55 डॉलर की तेजी के साथ 30.66 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

### रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ 84.49 डॉलर

**मुंबई।** विदेशी पूंजी की भारी निकासी और आयातकों की ओर से डॉलर की बढ़ती मांग के बीच रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में दो पैसे की गिरावट के साथ 84.49 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि आयातकों और विदेशी बैंकों की ओर से डॉलर की मांग के कारण रुपया कमजोर बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.49 प्रति डॉलर पर खुला, जो पिछले बंद भाव से दो पैसे की गिरावट दर्शाता है। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 105.85 पर रहा।

# महाकुंभ में 92 लाख में बिकी कचौड़ी की दुकान

एजेंसी ■ इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश महाकुंभ-2025 के निकट होने के साथ ही यहां के व्यवसायिक धंधे में भी चर्चा है। संगम के पास कचौड़ी की दुकान का एक साल का किराया 92 लाख है। यह दुकान महाकुंभ-2025 में स्थापित होने वाली है। संगम के निकट कचौड़ी के एक और किनारे लड्डू की दुकान भी है जो 75 लाख में बिकी है। इसके बावजूद यहां की दुकानों के लिए महाकुंभ के डेढ़ महीने और मेलों में ही खरीदारों की भीड़ होती है। महाकुंभ में तैयारियां अपने जोर-शोर से चल रही हैं। कुल 4 हजार हेक्टेयर में मेला क्षेत्र बनाया जा रहा है, जिसमें 40 करोड़ लोगों की संभावना है। ऐसे में हर व्यवसायी चाहता है कि वह महाकुंभ में अपना व्यवसाय शुरू करे, क्योंकि उन्हें कमाई की बड़ी संभावनाएं हैं। मेला क्षेत्र में एक प्रसाद और पूजन सामग्री की दुकान पर गए, जिसका किराया पहले के मुकाबले कहीं अधिक है। 15 बाई 30 की एक जमीन के लिए पहले 3-4 लाख रुपए देने पड़ते थे, लेकिन अब 16 लाख रुपए की बोली लगानी पड़ी है। संगम के पास प्रसाद-माला बेचने की दुकान के लिए भी लगभग समान ही राशि चुकानी पड़ रही है। यहां भी जमीन की मांग पर भारी कीमत पड़ रही है।

# खाद्य वितरण में भारी अनियमितता से किसान परेशान



## डीएमओ गोदाम से हो रही है खाद की कालाबाजारी

सत्ता सुधार ■ पोरसा

मुरैना जिला मुख्यालय के साथ-साथ तहसीलों एवं ब्लॉक स्तर पर खाद वितरण में भारी अनियमित बढ़ती जा रही है जिससे किसान परेशान है ताजा मामला पोरसा कृषि उपज मंडी का सामने आया है। मंडी प्रांगण में मध्य प्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ डीएमओ गोदाम का खाद वितरण केंद्र संचालित है, जहां प्राइवेट लोगों द्वारा खाद का वितरण संचालन कराया जा रहा है। पूरा गोदाम एक कंप्यूटर ऑपरेटर संचालित कर रहा है, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गोदाम संचालक द्वारा शहर के व्यापारियों से साठ-गांठ कर खाद को बेचा जाता है। इन दिनों डीएपी खाद व्यापारियों तक ब्लैक में बेची जा रही है, जिस पर प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि गल्ला मंडी में संचालित डबल लॉक गोदाम पर की जा रही अनियमितता के कारण ब्लॉक के किसान तमाम बार हंगामा एवं प्रदर्शन कर चुके हैं तथा वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत कराया गया, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इस संबंध में सुरेश सिंह तोमर, रामकुमार तोमर द्वारा जिला कलेक्टर को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि पोरसा गोदाम पर एन.पी. के 16-16 के 1200 वैग 4 नवंबर 2024 से 10 नवंबर 2024 तक का वितरण किया गया था। किसानों से एनपीके प्रति वैग 1380 रुपये वसूला गया, जबकि विपणन संघ के मुख्यालय के आदेश क्रमांक/खाद्य/4211/2024, 9 अक्टूबर 2024 में एनपीके 16-16 की बिक्री रेट 1300 प्रति वैग निर्धारित की गई है। आदेश के विरुद्ध अधिक पैसा किसानों से 80 रुपये प्रति वैग वसूला गया, जो नियम विरुद्ध है। पोरसा गोदाम में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर उपेंद्र प्रजापति के द्वारा प्राइवेट व्यापारियों से सांठ-गांठ कर, खाद को ब्लेक में भी बेचा जाता है, जिसकी जांच कराई जाये। गोदाम पर खाद वितरण के समय किसानों का नाम, पता व मोबाइल सहित रजिस्टर्ड पंजी नहीं बनाई जा रही है, जिससे सही तरह से जांच नहीं हो सकती है, इसके लिए रजिस्टर्ड पंजी बनाई जावे। किसानों को पक्की रसीद नहीं दी जाती और उनसे छीन ली जाती है, जबकि एक पक्की रसीद किसानो को देनी चाहिए; स्थानीय निवासियों ने जिला कलेक्टर से मांग किया की खाद वितरण में हो रही अनियमितता पर अंकुश लगाया जाए और किसानों को समय पर सही रेट से खाद उपलब्ध कराया जाए।

स्थानीय निवासी ब्रजराज सिंह ने आरोप लगाया है कि गोदाम से खाद की कालाबाजारी गोदाम प्रभारी द्वारा की जा रही है और सीधे व्यापारियों को माल पहुंचा जा रहा है तथा ब्लॉक का किसान खाद के लिए परेशान हो रहा है। गल्ला मंडी में खाद की दलाली करने वाले लोग सक्रिय हैं, जिन पर स्थानीय प्रशासन अंकुश लगाने में विफल साबित हो रहा है। किसानों को अधिक रेट में खाद के बैग दिए जा रहे हैं, जिससे किसानों का आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।

# राठौर कॉलोनी विस्फोट कांड : प्रभारी मंत्री पहुंचे घटना स्थल पर, राठौर समाज ने मांगों को लेकर दिया ज्ञापन



सत्ता सुधार ■ मुरैना

सिटी कोतवाली के अंतर्गत राठौर कॉलोनी में 25 नवंबर सोमवार की रात हुए बारूद विस्फोट में चार महिलाओं की मौत एवं पांच लोगों के घायल हो जाने के पश्चात शुक्रवार की सुबह जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा घटनास्थल पर पीड़ितों से मिलने पहुंचे। यहां पर राठौर समाज के लोगों द्वारा पीड़ित लोगों को उचित न्याय दिलाने के लिए अपील की गई और कहा गया कि न्याय नहीं मिला तो आंदोलन किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष राठौर युवा संघर्ष मंच भारत दिलीप राठौर के नेतृत्व में राठौर समाज के लोगों ने प्रभारी मंत्री को ज्ञापन देते हुए मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा प्रदान करने, घटना में ध्वस्त मकानों के पुनरूर्निर्माण के लिए पीडितों को नुकसान का आंकलन कर पुरा मुआवजा दिलाने, घटना में घायल लोगों के उचित इलाज एवं मुआवजा दिलाने, पीड़ित परिवारों के भोजन एवं आवास का उचित प्रबंधन करने, घटना की निष्पक्ष जांच करते हुए शांती व्यवस्था बनाने की एवं घटना स्थल के आसपास के क्षतिगृस्त मकानों का सर्वे कर उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग शामिल थी। राठौर समाज ने प्रभारी मंत्री के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से अपील करते हुए कहा कि उक्त मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए पीड़ित परिवारों की मांग का समाधान करें।

### प्रभारी मंत्री ने नहीं दिया लिखित में कोई आश्वासन, लोग नाराज

शहर की राठौर कॉलोनी में हुए विस्फोट के बाद शुक्रवार को घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे प्रभारी मंत्री को राठौर समाज के लोगों द्वारा अपनी मांग संबंधी ज्ञापन दिया गया लेकिन प्रभारी मंत्री ने उन्हें लिखित में कोई आश्वासन नहीं दिया। जब उनसे कहा गया तो समाज के लोगों का कहना है कि प्रभारी मंत्री ने पीछे आने को कहा, समाज के लोगों का आरोप है कि सरकार एवं प्रशासन उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। बताया जाता है कि प्रभारी मंत्री के पहुंचने पर वहां राठौर समाज के लोगों ने नारेबाजी भी की।

## इस्लामपुरा विस्फोट कांड के पीड़ितों का दर्द छलका



गत 19 अक्टूबर 2024 को इस्लामपुरा इलाके में हुए विस्फोट में लगभग चार-पांच मकान ध्वस्त हो गए और उसमें मुसलमान परिवार की महिला व बच्ची की मौत हो गई। इस विस्फोट से कुछ लोग एक महीने पश्चात भी किराए के मकान में रह रहे हैं और उन्हें कोई मुआवजा नहीं दिया गया है। पीड़ितों का आरोप है कि जिला प्रशासन एवं सरकार उनकी सुनवाई नहीं कर रहे। यहां भी बारूद से ही विस्फोट हुआ था, जिसे प्रशासन द्वारा सिलेंडर का विस्फोट बताया गया, जबकि मौके से कोई भी फटा हुआ सिलेंडर नहीं मिला, जो सिलेंडर बरामद हुए वह सही थे। यही नहीं एक महीने से ऊपर बीतने के बाद भी मामले की जांच सामने नहीं आई है, जबकि राठौर कॉलोनी विस्फोट कांड में तेज गति से कार्रवाई हो रही है।

## घर में घुसकर मुसलमान परिवार को मकान खाली करने की दी धमकी, मामला चल रहा न्यायालय में

सत्ता सुधार ■ मुरैना



शहर कोतवाली के अंतर्गत अंडा वाली गली में 120 वर्ष पुरानी हवेली में निवासरत मुसलमान परिवार को शुक्रवार की सुबह 8-10 लोगों ने घर में घुसकर मकान खाली करने की धमकी दी एवं अभद्रता की, जिसके बाद पीड़ित परिवार कोतवाली पहुंचे और थाना प्रभारी को शिकायत की थाना प्रभारी द्वारा आरोपियों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है।

पीड़ित इरफान खान ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका परिवार अंडे वाली गली में बनी 120 वर्ष पुरानी हवेली लंबे अरसे से निवास कर रहा है, जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। शुक्रवार को इस मामले में कोर्ट में सुनवाई थी, इससे पूर्व ही सुबह 9 बजे बचन सिंह कंसाना 8-10 साथियों को लेकर घर में घुस आया और उस समय महिलाएं नहा धो रही थी। लोगों को देखकर वह असहज हो गई, इस पर मुस्लिम परिवार द्वारा आपत्ति जताई गई तो आरोपियों द्वारा उन्हें धमकी दी गई और कहा कि मकान खाली नहीं किया तो परिणाम गंभीर होंगे। इरफान के अनुसार पूर्व में भी आरोपी गण एक अन्य मुस्लिम परिवार की मारपीट कर चुके हैं। पीड़ित परिवार घटना के बाद सीधे कोतवाली पहुंचा और थाना प्रभारी दीपेंद्र यादव को शिकायत की। पीड़ित के अनुसार थाना प्रभारी ने आरोपी को बुलाया और समझाईश देकर छोड़ दिया गया।

## भगवान श्री कृष्ण ने ईश्वर का साक्षात दर्शन करने का संदेश दिया : साध्वी मेरुदेवा



सत्ता सुधार ■ मुरैना

जीवाजी गंज टाउन हॉल प्रांगण में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन भागवताचार्या महामनस्विनी साध्वी मेरुदेवा भारती जी ने कहा कि भगवान् श्री कृष्ण प्रभु जी की प्रत्येक बाल लीला हमारे समक्ष आध्यात्म के रहस्य को उजागर कर रही है, प्रत्येक मानव का मार्गदर्शन कर रही है। जैसे प्रभु श्री कृष्ण की माटी खाने की लीला से समझाना चाहते हैं कि वास्तव में यह माटी का शरीर ही मेरा मंदिर है, जहाँ मैं निवास करता हूँ, परन्तु आज सारा संसार ईश्वर को बहार ढूंढ रहा है।

कभी तीर्थों में, कभी कंदराओं में, कहीं पूजा, व्रत उपवास में, लेकिन हमारे संतों ने कहा कस्तूरी कुण्डल बसे मृग ढूंढे वन माही। ऐसे घट-घट राम हैं, दुनिया जाने नाहीं अर्थात जिस प्रकार कस्तूरी हिरन के भीतर ही छिपी होती है, परन्तु जीवन पर्यन्त वह उसे बाहर ही खोजता रहता है, ठीक उसी तरह मानव शरीर के भीतर ही ईश्वर छिपा है, परन्तु मनुष्य उसे बाहर खोजता रहता है और बिना ईश्वर की प्राप्ति किये ही इस संसार से चला जाता है और प्रभु भी स्वयं यही समझा रहे हैं। मोको कहाँ तू ढूंढे रे बन्दे, मैं तो तेरे पास में, ना मैं जप में, ना मैं तप में, ना काबै कैलाश में। साध्वी जी ने कहा कि जिस प्रकार ईश्वर को प्राप्त करना मनुष्य के लिए इतना कठिन हैं परन्तु वहीं एक पूर्ण सतगुरु ईश्वर का दर्शन इसी देह के भीतर क्षण भर में ही करा देते हैं। जैसे मीरा बाई जी श्री कृष्ण की अनन्य भक्त थीं, उन्हें नहलाना, भोग लगाना, आरती करना वह सब कुछ किया करती थीं परन्तुं स्वयं भगवान् श्री कृष्ण जी स्वप्न में आकर उन्हें गुरु की शरण में जाने का आदेश देते हैं और तब मीरा बाई जी संत रविदास जी की शरण में जाकर ईश्वर का दर्शन अपने भीतर करती हैं।

## तीन थाना क्षेत्र के आरोपियों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक के प्रस्ताव पर जिला कलेक्टर द्वारा तीन थाना क्षेत्र में अपराधों में शामिल तीन आरोपियों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले भर में तमाम अपराधों में वांछित अपराधीयो के द्वारा फिर से कोई कृत्य किए जाने के अंदेशा को देखते हुए लगातार उनके शस्त्र लाइसेंस निलंबित कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक के प्रस्ताव पर जिला कलेक्टर द्वारा सिंहोनिया थाने के अपराध में शामिल शिवनारायण पुत्र रामलक्षिन सखवार निवासी ग्राम बघेल थाना सिंहोनिया, देवगढ़ थाना के अपराध में शामिल सुशील पुत्र भरत सिंह सिकरवार निवासी ग्राम खांडोली थाना देवगढ़, एवं स्टेशन रोड थाने के अपराध में शामिल हरी सिंह पुत्र माधौसिंह किरार, निवासी ग्राम मीरपुर थाना स्टेशन रोड़ का शस्त्र लाइसेंस निलंबित किया गया है।

## राजनीति पतिव्रता नारी की तरह है और नेतागिरी वेश्यावृत्ति बन गई है : प्रभारी मंत्री

सत्ता सुधार ■ मुरैना



शुक्रवार को मुरैना पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा ने मीडिया के समक्ष बयान देते हुए एक सवाल के जवाब में कहा कि राजनीति बहुत अच्छी है जैसे एक पतिव्रता नारी होती है, उस तरह है और नेतागिरी वेश्यावृत्ति की तरह हो गई है।

जब उनसे पूछा गया कि राघौगढ़ के बंटी बना द्वारा बागेश्वर धाम की यात्रा पर आपत्तिजनक पोस्ट की है तो उन्होंने पतिव्रता और वेश्यावृत्ति का उदाहरण दिया, लेकिन जब मीडिया कर्मी ने कहा कि वह भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े हैं तो पाला बदलते हुए कहा कि उनकी व्यक्तिगत भावना कुछ भी हो सकती है। प्रभारी मंत्री के बयान से स्पष्ट होता है कि विपक्ष का कोई नेता कोई बयान देता है तो उस पर वह मुखर हो जाते हैं और जब उनके ही दल का निकलता है तो बात को बदल देते हैं। प्रभारी मंत्री श्री वर्मा से बागेश्वर धाम द्वारा निकाली जा रही सनातन धर्म यात्रा को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि धार्मिक यात्रायें निकलनी चाहिए, यह हमारे संस्कार हैं। हमारा देश हिंदुस्तान है हिंदुओं का देश है, हम इसलिए भारत माता की जय भी बोलते हैं, हिंदुस्तान में नहीं पूरे विश्व में भारत माता की जय बोली जाती है और बागेश्वर धाम हनुमान जी के भक्त हैं, इसलिए हिंदुत्व पर काम कर रहे हैं।

## आनंद गुप्ता बने रोटरी 3053 के डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी, रोटरी के आगामी सत्र के लिए मिला नवीन दायित्व

सत्ता सुधार ■ मुरैना



रोटरी क्लब चम्बल मुरैना के चार्टर, पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सह प्रांतपाल, वर्तमान डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी एग्जीक्यूशन रोटेरियन आनंद गुप्ता को रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 की सत्र 2025-26 की प्रांतपाल रोटेरियन डॉ निशा शेखावत द्वारा आगामी सत्र के लिए डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी इवेंट्स की बहुत बड़ी एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपी है, जिसके अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट की खेल गतिविधियो, फै मिली फे लोशिप टूर और डिस्ट्रिक्ट के अंतर्गत होने वाले प्रतिभाशाली प्रतियोगिताओं के आयोजन का कार्य प्रमुख रूप से करना शामिल है, साथ ही डिस्ट्रिक्ट वीडियो की जिम्मेदारी भी सौपी गई है। इसके साथ ही 2025-26 में होने वाले सभी डिस्ट्रिक्ट इवेन्टस जैसे असेम्बली, सेमिनार, डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस जैसे बड़े कार्यक्रमों की जिम्मेदारी भी मुख्य रूप से डिस्ट्रिक्ट सेक्रेट्री इवेंट्स आनंद गुप्ता के कंधों पर रहेगी। रोटरी क्लब चंबल के द्वारा पिछले सत्रों में किये गए मानवसेवा, समाजसेवा एवं पब्लिक इमेज के कार्यक्रमों एवं स्थायी प्रकल्पों, जिसमें प्रमुख रूप से पिछले सत्र में हुए डिस्ट्रिक्ट थीम सेमिनार की ऐतिहासिक सफलता से प्रभावित होकर हमारी आगामी प्रान्तपाल ने आनंद गुप्ता को इस पद के लिए उपयुक्त मानकर पूरे डिस्ट्रिक्ट के महत्वपूर्ण कार्यो की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मनोनयन से रोटरी क्लब चम्बल के साथ साथ डिस्ट्रिक्ट के सभी क्लब्स में खुसी का माहौल है, साथ ही साथ मुरैना के लिए गर्व की बात है कि आनंद गुप्ता को डिस्ट्रिक्ट में इतनी बड़ी जिम्मेदारी और दायित्व से मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर सभी समाजसेवी संघटनों, बरिष्ठ रोटेरियन साथियों एवं लीडर्स ने शुभकामनाएं दी है। साथ ही साथ आगामी प्रांतपाल रोटेरियन डॉ निशा सिंह शेखावत का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

## विस्फोट से पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए, कांग्रेस ने प्रभारी मंत्री को दिया ज्ञापन



सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा के मुरैना आगमन पर कांग्रेस के मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर एवं शहर अध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पीड़ितों को उचित मुआवजा शीघ्र दिलाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया और बताया कि जिला प्रशासन एवं पुलिस की लापरवाही के कारण शहर में दूसरी घटना घटित हुई है। इस दुर्घटना में चार महिलाओं की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए वहीं लोगों के मकान ध्वस्त हो गए। जिले में लगातार इस प्रकार की घटनाओं से भय का वातावरण बना हुआ है। जनता अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। ये सभी घटनाएं पुलिस प्रशासन की नाकामियों के कारण हो रही हैं। प्रभारी मंत्री करन सिंह वर्मा से रेस्ट हाउस पहुंचकर कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि मृतक पीड़ित परिवारों को 10-10 लाख रूपये का मुआवजा दिया जावे। घटनाओं से आस-पास के मकानों का जो भारी नुकसान हुआ है, उनको उचित मुआवजा दिया जावे। बिस्फोट में जो मकान पूर्ण से जमीन ध्वस्त हुये हैं, उनको ए.एच.पी घटक में नगर निगम के पास 2 लाख 50 हजार रुपए का मकान बनाने के लिये बजट देने का प्रावधान होता है, उसके तहत मकान बनाने के उन्हें आवास उन्यन्न हेतु 2 लाख 50 हजार रूपये की राशि दी जावे। मुरैना में आतिसवाजी करने वालों के लायसेंस का पुलिस वैरिफिकेशन होना चाहिए। लायसेंस रखने वालों के पास बारूद रखने का सुरक्षित स्थान है क्या, इसकी पूर्ण तस्तीक कर लेवे, जिससे इस तरह की घटना की पुनर्रावृति न हो और पिछली घटना में जो विस्फोट हुआ था, पीड़ित परिवार मुआवजा से बाहर हो गये, उस घटना की जांच सही तरीके से होती तो इस तरह की घटना की पुनरावृति न होती।

### प्रसिद्ध स्कूल कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पढ़ाई की व्यवस्था चौपट

# सबलगढ़ में सरकारी स्कूलों के हालात भगवान भरोसे

सत्ता सुधार ■ सबलगढ

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सबलगढ़ में 450 में से 35 छात्राएं उपास्थित थी तो 40 शिक्षको मे से लगभग 20 शिक्षक उपस्थित मिले।

सबलगढ़ में शिक्षा विभाग की हालत भगवान भरोस है। सबलगढ मे हमारे संवाददाता ने विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था का स्तर जानने के लिए जब सबलगढ़ के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की पड़ताल की तो इस दौरान स्कूल मे शिक्षक नहीं मिले, ना ही स्कूल में छात्राएं दिखी। छात्राओं का कहना है कि स्कूल में यदि जल्दी आ जाओ तो कुछ शिक्षक उनको भगा देते हैं। बोलते हैं कि जल्दी क्यों आ जाती हो। स्कूल में बच्चों की संख्या मात्र 5 फीसदी थी।



विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल जारी हो गया है, उसके बाद भी बच्चे स्कूल में नहीं आ रहे हैं, इसमें शिक्षकों की घोर लापरवाही देखने को मिली। शिक्षकों का कहना है कि स्कूल में ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियों को आने में समय लगता है। संवाददाता ने काफी देर तक रूककर देखा कि 12 बजे तक भी 50 से 60 बच्चे ही स्कूल में नजर आये। बच्चे भी बड़ी कठिनाई से आ पा रहे हैं। इसके अलावा सबलगढ़ के इन स्कूलो मे शिक्षक भी समय से स्कूल नहीं आते हैं। विद्यालय की लेव को देखा गया तो उसमें उपकरण धूल खा रहे थे, जिसे देखकर ऐसा लग रहा था कि इस लेब का कभी उपयोगी नहीं किया जाता है। लाइब्रेरी के नाम पर यहां खानापूर्ति की गई है, विद्यालय में शाला विकास का प्रभार माध्यमिक शिक्षक को दे रखा है। वहीं स्कूल के प्राचार्य सूर्यप्रकाश पाठक वह भी स्कूल समय पर नहीं आते हैं। उनका समय 10 बजे स्कूल आना है, वह भी 12 बजे स्कूल पहुँचते हैं। जानकारी के अनुसार विद्याालय में छात्र संख्या कक्षा 6 से 8 तक 142, कक्षा 1 से 5 तक 63, कक्षा 9 में 128, कक्षा 10 में 163, कक्षा 11 में 90 व कक्षा 12 में 73 विद्याार्थियों के नाम दर्ज हैं।

# खंडवा विधायक ने आमजन एवं कार्यकर्ताओं के साथ देखी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट

## वर्षों पूर्व गोधरा में घटित घटना की सच्चाई को जानने के लिए सभी ने देखना चाहिए फिल्म, ,,विधायक कंचन तनवे,,

## फिल्म को टैक्स फ्री करने के लिए मुख्यमंत्री के साथ फिल्म के कलाकारों का विधायक ने माना आभार,





सत्ता सुधार ■ खंडवा

22 वर्ष पूर्व अयोध्या के दर्शन कर गुजरात लौट रहे यात्रियों की ट्रेन की एक बोगी में कुछ आतंकियों द्वारा गोधरा स्टेशन के समीप आग लगा दी गई, जीसमें 59 महिला पुरुष एवं बच्चे मौत के मुंह मे समा गए, लेकिन इस गंभीर घटना को दुर्घटना का रूप देकर सच्चाई को छुपा दिया गया, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि 'द साबरमती रिपोर्ट'' फिल्म में वर्षों पुरानी घटना की सच्चाई को जनता के सामने लाने का कार्य किया है, घटना की सच्चाई को जानने के लिए गुरुवार को वीर अभिषेक सिनेमा में द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखने खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे कार्यकर्ताओं के साथ पहुंची, फिल्म देखने के पश्चात विधायक कंचन तनवे ने कहां की सच्चाई को प्रदर्शित करने वाली द साबरमती रिपोर्ट फिल्म को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री किया गया, मैं विधानसभा क्षेत्र की जनता की ओर से मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करती हूं, विधायक कंचन तनवे ने कहा कि ''द साबरमती रिपोर्ट'' फिल्म को अपने विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ जनों के साथ देखा, मैं सभी से अनुरोध करती हूं कि सच्चाई जानने के लिए इस फिल्म को सभी अवश्य देखें, क्योंकि यह फिल्म उस सच्चाई को जनता के सामने ला रही है, जिससे वर्षों तक देश की जनता को गुमराह करते रहे हैं। फिल्म को इसलिए भी जनता को देखना चाहिए कि देश के अंदर झूठ की राजनीति करने वालों ने किस प्रकार से झूठ का परसेप्शन बनाया था। इस फिल्म ने झूठ की राजनीति करने वालों के परसेप्शन को तोड़ने का कार्य किया है। मैं इस फिल्म के सभी कलाकारों का भी आभार व्यक्त करती हु कि फिल्मांकन के जरिए उस घटना की सच्चाई को जनता के सामने लाने का कार्य किया है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि गुरुवार को दोपहर 12:00 बजे इस फिल्म को देखने विधायक कंचन मुकेश तनवे के साथ जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेडे, रक्षा प्रजापति, हरीश कोटवाले,दिनेश पालीवाल, धर्मेंद्र बजाज, सुनील जैन, मंगल यादव, तिलोक पटेल, गणेश गुरबाणी, राजपाल चौहान, अनूप पटेल, नानूराम मांडले,दिना पंवार,अनिल बाहेती,पीयूष शर्मा, विशाल तिवारी, राजपाल राठौर अरुद, विशाल छाबड़ा, संदेश गुप्ता, तपन डोंगरे, पुनीत चौरसिया, अखिलेश शर्मा सहीत बड़ी संख्या में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ब्रीफ न्यूज

### कांग्रेस जिला प्रभारी विपिन वानखेड़े कार्यकर्ताओं से चर्चा कर रणनीति करेंगे तय

**खंडवा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त खंडवा जिला प्रभारी विपिन वानखेड़े एवं सह प्रभारी इंद्रसेन देशमुख,रीना बौरासी खण्डवा में कार्यकर्ताओ से रूबरू होने पधार रहे है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ मुनीश मिश्रा ने बताया कि श्री वानखेड़े एवं श्री देशमुख,रीना बौरासी क्रमानुसार शहर जिला कौंग्रेस के समस्त ब्लॉक पदाधिकारियों एवं पार्षद साथियों की बैठक लेंगे। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि दिनांक 02 दिसम्बर सोमवार को दोपहर 1 बजे गाँधी भवन खण्डवा में प्रभारी एवं सह प्रभारी सर्वप्रथम शहर खण्डवा जिला काँग्रेस के उत्तर ब्लॉक कांग्रेस के समस्त ब्लॉक पदाधिकारियों की बैठक लेगे। इस बैठक के पश्चात दोपहर 03 बजे इसी स्थान पर खण्डवा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण ब्लॉक के समस्त पदाधिकारियों की बैठक होगी। दोपहर 4.30 बजे गाँधी भवन में ही खण्डवा शहर जिला कांग्रेस के दक्षिण ब्लॉक की मीटिंग होगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ मुनीश मिश्रा ने समस्त ब्लॉक अध्यक्षों कहा कि अपने ब्लॉक की कार्यकारिणी के समस्त सदस्यों को स्पष्ट निर्देश देवे कि उपरोक्त बैठकों में समस्त सदस्य अनिवार्य रूप से भाग लेवे एवं बैठक में समस्त मंडलों के प्रभारियों और समस्त मोर्चा प्रभारियों को भी आमंत्रित करें ।श्री मिश्रा ने पार्टी के समस्त मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ से उपस्थित होने का निवेदन किया है। नगर निगम खण्डवा नेता प्रतिपक्ष दीपक राठौर (मुल्लू )ने सभी पार्षद साथियों एवं प्रत्येक वार्ड के प्रत्याशियों से बैठक में उपस्थित होने का निवेदन किया है।

### प्राचार्य के विरुद्ध दर्ज होगा अपराधिक प्रकरण

**शहडोल।** बीते दिनों जिला अंतर्गत बुढ़ार विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकहो से निकलकर सामने आई एक तस्वीर ने शिक्षा विभाग को शर्मशार कर दिया। जहां पदस्थ एक शिक्षक की विद्यालय में बैठकर शराब पीने की तस्वीर सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुई। बताया गया कि, यह तस्वीर विद्यालय के पुस्तकालय कक्ष की है। वहीं दूसरी ओर शराबी शिक्षक ने साफ तौर पर ?कहा कि, मुझे बदनाम करने की साज़िश की गई है और यह कारनामा प्रभारी प्राचार्य ने किया है। जिसके बाद यह मामला विभागीय जांच के दायरे में है। तो वहीं दूसरी ओर इन तथ्यों को लेकर शराबी शिक्षक गोपाल चौधरी ने प्रभारी प्राचार्य महेंद्र सिंह के विरुद्ध थाने में शिकायत भी दर्ज कराई है। जिसके बाद अब यह मामला अपराधिक जांच का विषय भी बना हुआ है। शिकायत के बाद पुलिस इस मामले में जांच करने जुटी हुई है। जिसके बाद संभवतः कोई ठोस कार्रवाई भी देखने मिल सकती है और प्रभारी प्राचार्य के विरुद्ध लगाए गए आरोप सही साबित होने पर, उन पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया जा सकता है। बता दें कि, शिक्षक गोपाल चौधरी ने अमलाई थाने में दिए अपने शिकायतपत्र में प्राचार्य पर आरोप लगते हुए बताया है कि, शराब पीते हुए वायरल तस्वीर के पीछे विद्यालय के ही प्राचार्य महेंद्र सिंह की साजिश है। वायरल तस्वीर एक स्थानीय होटल की है। यह उल्लेख भी किया कि, वह अनुसूचित वर्ग के हैं।

# रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव के संबंध में कमिश्नर ने ली बैठक

सत्ता सुधार ■ शहडोल




कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने आज कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभाकक्ष में, जनवरी 2025 में आयोजित होने वाली रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव के संबंध में बैठक ली। बैठक में कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के इन्वेस्टरों की सूची तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने कहा कि शहडोल संभाग में औद्योगिक विकास एवं रोजगार की अपार संभावना है।

शहडोल संभाग में प्राकृतिक संसाधनों की कोई कमी नहीं हैं, यहां खनिज, वन संपदा, कृषि, उद्यानिकी, डेयरी, आयुर्वेदिक उत्पादों की अच्छी संभावनाएं है। इस हेतु शहडोल संभाग के उद्यमियों एवं इन्वेस्टरों की सूची तैयार कर उन्हें ज्यादा से ज्यादा संख्या में रीजनल इंडस्ट्रीअल कॉन्क्लेव में आमंत्रित करने हेतु कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर शहडोल डॉ केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री राम जी श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर उमरिया श्री शिवगोविंद सिंह मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्री अरविंद शाह, कार्यकारी संचालक एमपीआईडीसी श्री यू.के तिवारी, सहित कृषि विभाग, खनिज विभाग, उद्यानिकी, सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### रुवार रात्रि में मशाल यात्रा में शामिल आग से झूलसे घायलों को देखने महापौर पहुंची अस्पताल

**खंडवा ।** गुरुवार रात्रि में मशाल यात्रा के दौरान आग भड़क जाने से लगभग 30 लोग आग में झुलस गए, जिन्हें उपस्थित लोगों के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा तत्काल अस्पताल भेजा गया जहां उनका इलाज चल रहा है, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि शुक्रवार को खंडवा की प्रथम नागरिक महापौर अमृता अमर यादव शुक्रवार दोपहर में आग से झूलसे घायलों से मिलने जिला अस्पताल पहुंची और उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की, महापौर ने सभी घायलों से चर्चा की और शीघ्र शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की, इस अवसर पर महापौर अमृता यादव ने कहा कि आग बेकाबू होती है, आपकी कोई सीमा नहीं होती, लेकिन भगवान का शुक्र है कि एक बड़ा हादसा टल गया, मशाल यात्रा में घायल हुए लोगों को महापौर अमृता अमर यादव एमआईसी सदस्यों के साथ देखने पहुंची थी,सभी घायलों से मुलाकात की, सभी के चेहरे हम हाथ जले हैं, कोई भी गंभीर नहीं है, उपस्थित डॉक्टरो से भी महापौर ने मरीजों का व्यवस्थित इलाज हो अनुरोध किया है।

# ब्यौहारी पुलिस की बड़ी सफलता 03 अवैध रेत लोड ट्रैक्टर जप्त



सत्ता सुधार ■ शहडोल

ब्यौहारी पुलिस को रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि झापर नदी ग्राम उक्सा से तीन ट्रैक्टर, ट्रॉली मे अवैध रूप से रेत भरकर बनसुकली रोड होते हुए ब्यौहारी तरफ आ रहे है मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए ब्यौहारी पुलिस स्टाफ द्वारा तत्काल रीवा शहडोल मुख्य मार्ग बनसुकली चैराहा कस्बा ब्यौहारी मे वेरिकेटिंग लगाकर चेंकिग की गई जो 03 ट्रक्टर आते हुए दिखे जिन्हे रोककर पूछताछ किया गया पूछताछ में चालकों ने अपना नाम क्रमशः नाम देवेश कोल पिता रामकृपाल कोल उम्र 25 वर्ष निवासी तेन्दुआड, देवनारायण कोल पिता अयोध्या प्रसाद कोल उम्र 22 वर्ष निवासी उक्सा एवं राहुल कोल पिता वनस्पति कोल उम्र 20 वर्ष ग्राम उकसा का होना बताये। जिससे वाहन तथा ट्रेक्टर ट्राली मे लोड रेत के संबंध मे दस्तावेज चाहे गये जो कोई दस्तावेज होना नही बताये। वाहन चालकों द्वारा वाहन मालिक के कहने पर अवैध रूप से रेत का लोड कर ले जाना बताया गया। जिस पर तीनों आरोपी चालकों एवं वाहन मालिक के विरूद्ध पृथक-पृथक अपराध कायम कर आरोपी चालकों को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी ब्यौहारी निरी0 अरूण पाण्डेय के निर्देशन मे उनि0 श्याम सिंह, कपिल कांत तिवारी, प्रआर0 मनोज चैधरी, नरेन्द्र उपाध्याय, आर0 पुष्पेन्द्र सिंह, संजय द्विवेदी एवं शत्रुधन सिंह सेंगर की सराहनीय भूमिका रही।

# डूब पीड़ित विस्थापितों ने की कलेक्टर से विभिन्न मांग

### विस्थापितों की कलेक्टर से विस्तार से चर्चा

### इंदिरा सागर बांध से विस्थापित लोगों को भी दिया जाए विशेष पैकेज

### पुनर्वास नीति का यथावत पालन किया जाए

सत्ता सुधार ■ खंडवा



डूब पीड़ित विस्थापित लोगों का प्रतिनिधि मंडल गुरुवार दोपहर खंडवा कलेक्टर अनूप कुमार सिंह से मिला इंदिरा सागर बांध से प्रभावित कई गांव के पीड़ितों ने अपनी अपनी समस्याएं कलेक्टर के समक्ष रखी कोई दर्जन भर गांव के लोग कलेक्टर से मिले ।कलेक्टर ने सभी की समस्याओं को विस्तार से सुना और कहा जो समस्या हल हो सकती है उन्हें हम तुरंत हल करेंगे। डूब प्रभावित लोगों ने एक सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भी कलेक्टर को सौंपा ।कलेक्टर ने वहां उपस्थित अपर कलेक्टर के एल बड़ोले को विस्थापितों के साथ बैठकर विस्तार से बिंदुवार सभी समस्याएं नोट कर जो संभव हो उसे तुरंत हल करने के निर्देश दिए ।उसके पश्चात् डूब प्रभावीतो ने अपर कलेक्टर से करीब एक घंटा विस्तार से चर्चा कर इन्दिरा सागर बांध की डूब से उत्पन्न समस्याएं बताई और उन्हें नोट कराई तथा इन समस्याओं को शीघ्र हल करने की मांग दोहराई। डूब प्रभावितो के कई संगठन के प्रतिनिधियों डॉक्टर डी एल बकोरिया, सुजान सिंह राठौर ,चंद्र कुमार सांड मनोज पाराशर, सोहेल जैदी,अनिल वर्मा ,अभिषेक अग्रवाल ,इकबाल मोहम्मद आदि ने अपर कलेक्टर बडोले से करीब एक घंटा विस्तार से चर्चा की और सिलसिलेवार इंदिरा सागर बांध से उत्पन्न समस्याओ की और ध्यान आकृष्ट कराया और विभिन मांगे रखी।

# हम फाउंडेशन द्वारा 26/11 के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**खंडवा।** मुंबई में 26/ 11 को हुए आतंकी हमले में कई बे गुनाह और सेना के जवान शहीद हुए, हम फाउंडेशन भारत मालवा प्रांत की खंडवा सिटी शाखा द्वारा पुलिस ग्राउंड स्थित शहीद स्मारक पर मुंबई हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि समस्त पदाधिकारी तथा सदस्यों द्वारा मोमबत्ती जलाकर व माल्यार्पण करके भारतीय सेना के वीर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए, कार्यक्रम में रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर निलेश मिश्रा तथा समाजसेविका मनीषा पाटिल उपस्थित थी। शाखा अध्यक्ष बरखा पाण्डेय द्वारा बताया गया की 26 नवंबर 2008 को ताज होटल मुंबई में हुए हमले की आज 16 वी बरसी है। इस हमले में हुए शहीदों को हम फाउंडेशन खण्डवा सिटी द्वारा आज श्रद्धांजलि अर्पित की गयी, इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मनीषा पाटिल, प्रदेश संयोजक नारायण प्रजापति, शाखा अध्यक्ष बरखा पाण्डेय, मालवा प्रांत से रविंद्र सिंह, सेवा प्रमुख मनोज जोशी, सुमित्रा मिश्रा, देवेंद्र सेन, सुर्यांशी पाण्डेय, तथा अवनिप्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# हरसूदः युवती की प्राइवेसी के उल्लंघन का मामला भाजपा मंडल अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज

सत्ता सुधार ■ खंडवा

मध्यप्रदेश के खंडवा जिले के हरसूद में एक युवती की शिकायत पर निलंबित किये गए थाना प्रभारी अमित कोरी के समर्थन मे शोशल मीडिया ग्रुप पर मसेज करने वाले भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रीतम डोडवा के खिलाफ प्राइवेसी के उल्लंघन और अपमानजनक सामग्री पोस्ट करने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। मामला तब सामने आया जब निलंबित टीआई अमित कोरी के पक्ष में मंडल अध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर युवती के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट डाली थी। शिकायतकर्ता युवती ने बताया कि वह पारिवारिक मामले में हरसूद थाना प्रभारी अमित कोरी से मिलने गई थी। इस मुलाकात का एक वीडियो रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। वीडियो में युवती, उसकी मां और उसका एक दोस्त नजर आ रहे थे। यह वीडियो वॉट्सएप ग्रुप अपना नगर छनेरा हरसूद में पोस्ट किया गया था। सबूत के तौर पर युवती ने संबंधित वीडियो और स्क्रीनशॉट अपने पास सुरक्षित रखे हैं।

हरसूद पुलिस ने भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रीतम डोडवा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 79 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और सोशल मीडिया पोस्ट को भी आधार बनाया गया है। इससे पहले, युवती की शिकायत पर थाना प्रभारी अमित कोरी को निलंबित किया गया था। निलंबन के बाद मंडल अध्यक्ष ने टीआई का समर्थन करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली, जिसमें युवती के खिलाफ अनर्गल बातें लिखी गई। पीड़िता कि शिकायत पर थाना प्रभारी अमित कोरी क़ो निलंबित किया गया था कोरी द्वारा पीड़िता क़ो लगातार सोशल मीडिया पर स्टॉक किया जा रहा था। साथ ही कोरी द्वारा पीड़िता क़ो इंदौर मे फ्लेट दिलाने का लालच दिया गया था। साथ पति क़ो छोड़ कर खुद के साथ रहे का दबाव बनाया जा रहा था। मामले कि शिकायत होने और पुलिस अधीक्षक द्वारा टीआई क़ो ससपेंड किये जाने के बाद कई महीने पुराना थाना प्रभारी के कक्ष का सीसी टीवी वीडियो कि क्लीप सामने आना भी संदेहास्पद हैं क्यूंकि थाना प्रभारी के कक्ष के सीसी टीवी तक आम आदमी कि पहुंच संभव नहीं होती हैं।

# खंडवा में मशाल जुलूस के दौरान हादसा, 30 लोग झुलसे

सत्ता सुधार ■ खंडवा



मध्यप्रदेश के खंडवा जिले में गुरुवार रात एक बड़ा हादसा हुआ, जब मशाल जुलूस के समापन के दौरान आग फैलने से 30 लोग झुलस गए। हादसा बॉम्बे बाजार-घंटाघर स्थित चौक पर हुआ। झुलसे हुए लोगों में से 18 को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया, जबकि बाकी का इलाज अस्पताल में जारी है। राष्ट्रभक्त वीर युवा मंच द्वारा हर साल 28 नवंबर को यह जुलूस आयोजित किया जाता है। इस दिन 2009 में, सिमी आतंकी अबू फैसल ने एटीएस जवान सीताराम यादव, एक बैंक कर्मी और एक वकील की हत्या कर दी थी। शहीदों की याद में यह मशाल जुलूस निकाला जाता है, जिसमें आतंकवाद के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया जाता है। इस वर्ष, कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट की वकील बीजेपी नेता नाजिया इलाही खान और बीजेपी के फायर ब्रांड नेता हैदराबाद के विधायक टी. राजा सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जुलूस का समापन हो ही रहा था कि अचानक मशाल से आग फैल गई और अफरातफरी मच गई। हादसे के सही कारणों की जांच चल रही है। घटना के तुरंत बाद पुलिस और प्रशासन हरकत में आए। खंडवा एसपी मनोज कुमार राय, एडिशनल एसपी महेंद्र तारनेकार, ष्टस्क्क और थाना प्रभारियों ने स्थिति को संभाला। झुलसे हुए लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे की वजह से आयोजन स्थल पर हड़कंप मच गया। घायलों में कई की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। कार्यक्रम के आयोजकों और प्रशासन ने प्रभावित लोगों के इलाज के लिए सभी जरूरी कदम उठाए हैं। पुलिस हादसे की विस्तृत जांच कर रही है ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं रोकी जा सकें।

**मनमानी** किसी के कहने मात्र से उन्होंने ये सड़क बना दी

# मनमर्जी से सड़क निर्माण करते हैं ठेकेदार, नपा इंजीनियरों के कार्यों पर उठते सवाल

सत्ता सुधार ■ खरगोन



खरगोन नगर पालिका में अधिकारियों की मनमर्जी के चलते अपने चहते ठेकेदारों को काम देने की खबर हमने पूर्व में दिखाई थी। लेकिन अब ठेकेदारों की मनमानी सामने आई हैं । वार्ड नंबर 19 में एक सड़क निर्माण टेंडर अनुसार हुआ है लेकिन उसके पास लगी सड़क को भी ठेकेदार रोहित गुप्ता द्वारा बिना टेंडर के निर्माण कर दिया। पूछने पर ठेकेदार ने बताया के 258 मीटर सड़क बनाने का आदेश मिला है । पास में अलग से बनाई सड़क इस्टीमेट में नहीं है अलग से फाइल चलेगी फिर टी एस निकलेंगे। उनकी बातों में ये साफ था के जो सड़क बनाई है उसकी अनुमति नहीं थी। किसी के कहने मात्र से उन्होंने ये सड़क बना दी। जो बिना अनुमति सड़क निर्माण अपनी मनमर्जी से करना साफ दर्शाता हैं। ऐसे में राशि कैसे निकलेगी?, क्या है नियम? ,इंजीनियर मौके पर क्यों नहीं देख पाए? ऐसे कई सवाल नगर पालिका के कार्यों पर उठते हैं। शहर में अधिकतर हिस्सों में देखा गया है के जो सडके ज्यादा खराब है उन पर ध्यान नहीं जाता लेकिन जो सडके थोड़ी खराब है या जिन पर ड्रेनेज या जलावर्धन का काम बचा है उन्हें पहले बना देते है। अब ऐसी सड़को को कुछ दिनों बाद विकास कार्य करने के नाम पर खोद दिया जाता हैं जो पूर्व की खबरों में कई बार दिखा चुके है । जिस सड़क का कार्य किया गया उसकी हालत बहुत हद तक अच्छी थी। लेकिन निर्माणाधीन सड़क के कुछ दूरी पर संजय नगर,मोतीपुरा ,पहाड़सिंह पूरा को जोड़ने वाली सड़क की हालत दयनीय हो चुकी है जिसकी जानकारी कई बार दी जा चुकी हैं लेकिन जिम्मेदार अच्छी सड़को बनाने पर क्यों जोर दे रहे है जो समझ से परे है।

### नपा इंजीनियर सवालों के घेरे में...

नियमानुसार सड़को के निर्माण के पूर्व नपा इंजीनियर निरीक्षण कर स्टीमेट तैयार करते हैं जिसके बाद ही आगे की कार्यवाही शुरू होती हैं । अब इंजीनियर किस तरह का निरीक्षण करते है ये सवालों के घेरे में है कैसे अच्छी सड़को के निर्माण कर दिया जाता हैं और सदके निर्माण के समय भी इंजीनियर समय समय पर मौके पर जा कर गुणवत्ता को जांचते है। फिर कैसे कुछ महीनो में ही सड़को की हालत खराब कैसे हो जाती हैं? ऐसे कई मामले सामने आए जिन पर ठेकेदारों का भुगतान रोक दिया जाता हैं लेकिन क्या उन इंजियरों की गलती नहीं है जो गुणवत्ता की देखरेख के लिए प्रतिदिन जाते है। घटिया निर्माण पर ठेकेदार की राशि रोक देना या उसे ब्लैक लिस्ट करना सही है लेकिन इंजीनियरों पर कोई कारवाही नहीं होना नगर पालिका के दोहरे रवैये की तरह होता है । सही ढंग से अगर विगत 3 वर्षों के निर्माण की जांच हो तो करीब 70त्न सड़के खराब साबित होगी । अब अगर ठेकेदार मन से सड़क निर्माण करेंगे तो नियमो का होना कौर दिखावा लगता है। अतिरिक्त सड़क निर्माण पर जब नगर पालिका इंजीनियर जितेंद्र मेणा से चर्चा की तो वो सही से जवाब नहीं दे पाए, कार्य के पेपर चेक करने के बाद जानकारी देने की बात कहते हुए कॉल कट कर दिया। अब देखना है के अतिरिक्त सड़क निर्माण की राशि का भुगतान होगा या जांच कर ठेकेदार पर कोई कारवाही होगी?

## पति का शव देख पत्नी की भी मौत, अनाथ हो गए चार बच्चे

**पिनाहट।** थाना बासौनी क्षेत्र के एक गांव में पति का शव देखते ही पत्नी को इतना गहरा सदमा लगा कि उसकी भी तत्काल मौत हो गई। इस बारे में जिसने भी सुना, भावुक हो उठा। 24 घंटे के भीतर माता-पिता की मौत से इस दंपति के चार बच्चे अनाथ हो गए हैं। मृत दंपति का अंतिम संस्कार साथ-साथ ही किया गया। थाना बासौनी के गांव नवीन खिल्ली कुंवरखेड़ा निवासी 58 वर्षीय राम अवतार भदौरिया दिल्ली में रहकर कैटरिंग की ठे-केदारी करते थे। उनकी पत्नी उषा देवी (54 बर्ष) और बच्चे गांव में ही रह रहे थे। गुरुवार की शाम को दिल्ली में अचानक राम अवतार को ह्रदयाघात हुआ और उनकी मौत हो गई। दिल्ली में ही रह रहे राम अवतार के परिवार के दूसरे लोग आज तड़के उनका शव लेकर गांव में पहुंचे। शव जैसे ही घर पर पहुंचा तो उसे देखते ही पत्नी ऊषा देवी को इतना गहरा सदमा लगा कि उनकी भी मौत हो गई। पिता को खोने के गम में डूबे इस दंपत्ति के बच्चों पर तो मानो वज्रपात हो गया। पिता के साथ ही मां के शव को देखकर बच्चे दहाड़ें मार-मार कर रो रहे थे। परिवार के दूसरे लोग ही नहीं, वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखों में आंसू थे। इस दंपत्ति के बच्चों के सिर से पिता के बाद मां का साया भी उठ गया था। परिवार के दूसरे लोग और रिश्तेदार तथा गांववासी बच्चों को ढाढस बंधा रहे थे। इस घटना के बारे में जिसने भी सुना, दौड़कर वहां पहुंचा। मृत दंपति ने अपने पीछे तीन पुत्र और एक पुत्री को पीछे छोड़ा है। परिजनों ने पति-पत्नी का अंतिम संस्कार एक साथ किया। आगरा कॉलेज में कार्यवाहक प्राचार्य आज ही संभव, डॉ. अनुराग शुक्ल के चयन निरस्तीकरण का पत्र मिला।

## फिरोजाबाद में दबंगई की हदें पार, दो युवकों को पीटते दबंग

**फिरोजाबाद** : दबन गई की हदें पार दो युवकों को पीटते दबन फिरोजाबाद के थाना नसीरपुर क्षेत्र के बटेश्वर रोड स्थित बाकरपुर भट्टे के पास का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है वीडियो में दो युवकों को दबंद युवक बुरी तरह पीटते नजर आ रहे हैं यह वीडियो किसी राहगीर ने बनाकर सोशल मीडिया पर डाला जिसके बाद मामला सामने आया घटना को लेकर पुलिस ने संज्ञान लिया है और जांच शुरू कर दी है ।

## ट्रेन से खारी नदी में गिरा यात्री, मौत, असम का है मृतक

**आगरा।** थाना किरावली क्षेत्र में बीती रात चलती ट्रेन से गिरकर एक यात्री की मौत हो गई। यात्री उस समय गिरा, जब ट्रेन खारी नदी के पुल से गुजर रही थी। खारी नदी में गिरते ही इस यात्री की मौत हो गई। मृतक का नाम डेबारू मुरिधर है और उसकी उम्र लगभग 37 साल है। आज सुबह खारी नदी क्षेत्र में पहुंचे कुछ लोगों ने इस युवक का शव देखा तो पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की तलाशी ली तो जेब से आधार कार्ड मिला, जिसमें उसका नाम डेबारू मुरिधर निवासी टेलागांव, गोलाघाट, असम अंकित है। आधार कार्ड से ही मृतक की उम्र 37 साल होने का पता चला। मृतक की जेब से ट्रेन की टिकट भी मिली है, जिस पर फरकार्टिंग जंक्शन से गुवाहाटी की यात्रा का ब्यौरा है। टिकट से पता चलता है कि मृतक अपने घर लौट रहा था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आधार कार्ड से मिली जानकारी के आधार पर असम में मृतक के परिजनों को भी सूचना भेजी जा रही है।

## नौवें दिन भी जारी रहा वकीलों का जिला प्रशासन के विरूद्ध विरोध प्रदर्शन

**शिकोहाबाद** : उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक्सप्रेस वे के किनारे बनाये जा रहे औधोगिक गलियारे के लिये की जा रही जमीन अधिग्रहीत में किसानों के साथ सर्किल रेट के नाम पर किये जा रहे आर्थिक शोषण के विरोध में अधिवक्ताओं का गुरूवार को नौवें दिन भी जिला प्रशासन के विरूद्ध विरोध प्रदर्शन जारी रहा क गुरूवार को नौवें दिन रजिस्ट्री कार्यालय में एक भी बैनामा की रजिस्ट्री नही हो सकी कहरिओम यादव वार अध्यक्ष के नेतृत्व में तहसील के गेट को घेरकर अधिवक्ताओं ने नारेबाजी कर जिला प्रशासन के विरूद्ध अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा कउम्मेदबाबू महासचिव ने माँग कि जिला प्रशासन यथाशीघ्र सर्किल रेट में बृद्धि कर नये सर्किल रेट पर जमीन अधिग्रहीत करे कइस मौके पर उम्मेद बाबू महाचिव, कपिल श्रीवास्तव, पवन, विनय, कुलदीप, अखिलेश, जय कुमार, ग्रीश चन्द्र, वेदेन्द्र शर्मा, बी० एस० चौहान, राजीव यादव, अनिल कुमार, राजेश यादव , सुभाषचन्द्र, सुनील श्रीवास्तव, अशवनी यादव, राजेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, सोमेन्द्र वघेल महेश कुलश्रेष्ट, के० पी० सिंह, पंकज वघेल, आलोक श्रीवास्तव, विनोद कुमार यादव, आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## घर में अकेली बच्ची से हैवानियत की कोशिश, पास्को सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज

**शिकोहाबाद** : थाना क्षेत्र के एक गांव में एक पड़ोसी युवक ने एक मासूम बच्ची को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाकर उसके साथ हैवानियत की कोशिश की। बच्ची की चीख पुकार सुनकर पहुँचे परिजन बच्ची को थाने लेकर आए जहां बच्ची को मेडीकल के लिए भेज दिया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बुधवार को थाना क्षेत्र के एक गांव का व्यक्ति दवा लेने के लिए गया था। 9 वर्षीय बच्ची घर पर रह गई थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला एक युवक बच्ची को बहला फुसलाकर अपने घर ले गया। जहां उसने बच्ची के साथ हैवानियत की कोशिश की। इस पर बच्ची ने शोर मचाया। शोर सुनकर मौके पर भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी होते ही बच्ची के परिजन मौके पर पहुंच गए। यह देखकर आरोपी युवक वहां से भाग गया। बच्ची से हैवानियत की घटना से गांव में अफरा तफरी मच गई। परिजन बच्ची को देर रात थाने लेकर आए। जहां पीड़ित पक्ष ने युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने देर रात अस्पताल में बच्ची का मेडीकल कराया।

# किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से मिलेगा लाभः उप निदेशक

### फार्मर रजिस्ट्री से है किसानों को बहुत लाभ

### टुकड़ों में बटे खेतों का एक ही हो जाएगा गाटा संख्या

**सत्ता सुधार संवादाता फिरोजाबाद**

फार्मर रजिस्ट्री का मतलब सीधे तौर पर यह है कि किसानों की अगर थोड़ी-थोड़ी खती अलग अलग स्थान के साथ अलग अलग गाट । संख्या पर है तो वह फार्मर रजिस्ट्री में दर्ज होने के बाद के इसके माध्यम से एक ही गाटा संख्या में दर्ज हो जाएगी और कंप्यूटर पर एक क्लिक मारते ही किसान की सारी जमीन एक ही

गाटा संख्या में निकलकर सामने आ जाएगी इसके लिए जनपद के प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस रखी है। इसके लिए जिले में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के लिये प्रत्येक राजस्व ग्राम में कैम्प लगाये जायेगें। कैम्प लगाने के कार्य लेखपाल, एवं कृषि विभाग में कर्मचारियों के द्वारा किया जायेगा एवं सहायक मोड में पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, बीसी सखी एवं कृषि सखी को समस्त ग्रामों में तैनात किया जा रहा है। कैम्प में ग्राम सचिवालय अथवा किसी सार्वजनिक स्थल पर प्रात: नौ बजे से लगाये जायेगें। फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु भारत सरकार द्वारा




राजस्व विभाग के भूलेख के डेटाबेस को समेकित कर प्रत्येक राजस्व ग्राम के प्रत्येक समान नाम व पिता के नाम वाले कृषकों को समेकिम करते हुये ऑनलाइन बकेट तैयार कर उपलब्ध करायी गयी है। लेखपाल द्वारा इन बकेट का प्रयोग कर फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जायेगी। इस योजना में समस्त कृषकों के सभी गाटों को सम्मिलित करते हुये कृक्षक के आधार से लिंक कराया जायेगा।

फार्मर रजिस्ट्री में किसान का नाम, पिता का नाम, स्वामित्व वाले गाटा संख्या, सहखातेदार के होने की स्थिति में गाटे में किसान का अंश, मोबाइल नम्बर, आधार संख्या, ई०के० वाई०सी० विवरण दर्ज होगा। फार्मर रजिस्ट्री हेतु किसानों को कैम्प में अपना आधार कार्ड और आधार पंजीकृत मोवाइल नम्बर एवं खतौनी का प्रिंट आउट लेकर आना होगा। सबसे पहले वह कृषि विभाग की टीम के पास अपना आधार लेकर जायेगें जहां पर उनका इं० के० वाई०सी० एवं मोबाइल नम्बर का ओ०टी०पी० बेस्ड सत्यापन होगा। इसके बाद किसान लेखपाल के पास अपनी खतौनी और आधार लेकर जायेगें जहां पर कृषक के भूलेख विवरण को हटाने अथवा जोडने का कार्य लेखपाल के द्वारा करके फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जायेगी। दिसम्बर 2024 से पी०एम०, किसान योजना अन्तर्गत मिलने वाली किस्त हेतु फार्मर रजिस्ट्री का होना अनिवार्य होगा इसलिये सभी कृषक की फार्मर रजिस्ट्री होना आवश्यक है। फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण हेतु किसान स्वयं अथवा जनसेवा केन्द्र के माध्यम से अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार करा सकेगें।

जिलाधिकारी द्वारा राजस्व एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों की टीम बनाते हुये समस्त उपजिलाधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री का कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिये है। कृषि विभाग के अधिकारियों को तहसील से समन्वय स्थापित करने हेतु लगाया गया है। समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं जिला पंचायतीराज अधिकारी ग्राम प्रधानों के माध्यम से डुग्गी-मुनादी करवाकर कृषकों को कैम्प की तिथि की बारे में जानकारी प्रदान करेगें।

## शांति पसंद माथुर वैश्य समाज में इतनी अशांति क्यों?

**आगरा।** शांति पसंद और प्रगतिशील विचारों वाले माथुर वैश्य समाज के बीच इतना लावा धधक रहा है, ऐसा किसी ने नहीं सोचा था। गुरुवार को दोपहर में दो गुटों की रार के बाद जो तथ्य सामने आए हैं, उससे पता चलता है कि यह रार पिछले छह माह से चली आ रही थी। अब तक मामला समाज के अंदर ही था, लेकिन अब यह सड़क पर आने से समाज की एकता पर ही सवाल उठने लगे हैं। समाज के व-रिष्ठजनों के लिए यह खबर पीड़ादायक थी कि मामला पुलिस थाने तक जा पहुंचा ।छह महीने से धधक रहा था लावा, माथुर वैश्य भवन पर हुआ विवाद थाने तक पहुंचने के हालात बन गए मामला कोर्ट में विचाराधीन, राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले-अवांछनीय लोगों ने दी जान से मारने की धमकी

विवाद की जड़ में माथुर वैश्य महासभा के भवन पर कब्जे का मामला बताया जा रहा है। भवन पर घंटों तक विवाद चला। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद ही बवाल थमा। सवाल यह है कि दो धड़ों में बंटे समाज के जिम्मेदार लोग समाज का भला ही चाहते हैं तो फिर आपस में बैठकर मतभेदों को दूर सकते थे। माथुर वैश्य महासभा की गतिविधियां विशुद्ध रूप से समाज के उत्थान से जुड़ी हैं, जिसमें समर्पित लोग अपना समय देकर यह काम करते हैं। कोई ऐसा पद तो है नहीं, जिसमें वेतन भत्तों का लोभ हो जो विवाद का कारण बनता। दो धड़ों में बंटकर माथुर वैश्य सभा भवन को अखड़ा बनाने वाले समाज के जिम्मेदारों में एक गुट का नेतृत्व अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक गुप्ता (वाराणसी) कर रहे हैं तो दूसरे गुट के अगुआ शमसाबाद, आगरा के अवनीश कांत गुप्ता हैं। अशोक गुप्ता कहते हैं कि दिन पहले माथुर वैश्य महासभा भवन, पचकुंइया पर दूसरे पक्ष ने अनधिकृत रूप से कब्जा कर लिया था इसी बात को समाज के सामने लाने के लिए वे गुरुवार को प्रेस से वार्ता करने वाले थे कि प्रेसवार्ता से पूर्व ही विरोधी गुट के लोग महासभा भवन पहुंच गए। बवाल की आशंका से उन्होंने भवन के दरवाजे पर ताला लगवा दिया। इससे विरोधी पक्ष के लोग आक्रामक हो गए। भवन के बाहर सड़क पर ही झगड़े और मारपीट के हालात बन गए। दरवाजा तोड़ने तक के प्रयास होने लगे। बकौल अशोक गुप्ता, ऐसी हालत में उन्हें यूपी 112 नंबर पर संपर्क कर पुलिस बल को मौके पर बुलाना पड़ा। पुलिस के आने के बाद भी बवाल चलता रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले तो भवन के अंदर ही राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक गुप्ता और अंतरिम अध्यक्ष अवनीश कांत गुप्ता के साथ वार्ता कर विवाद शांत करने की कोशिश की, लेकिन बाद नहीं बनी तो दोनों पक्षों को लोहामंडी थाना ले गई। थाने पर भी देर तक दोनों पक्ष डटे रहे। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को तहरीर भी दे दी गई है। मतलब माथुर वैश्य समाज में वह सब कुछ हो गया जो इससे पहले कभी नहीं हुआ था। कोर्ट में भी चल रहा है मामला अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा की विधानसभा के अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी सुरेश चंद गुप्ता बच्चू बाबू ने बताया कि राकेश कुमार और कुलदीप गुप्ता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ कोर्ट में वाद दायर किया था। उनका कहना था ।

## सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर वाटर वर्क्स का किया घिराव, बाजार में निकाला जुलूस शिकोहाबाद

### एसडीएम, ईओ की कर्मचारियों के साथ वार्ता हुई विफल

**शिकोहाबाद** : नगर पालिका परिषद में तैनात आउट सोर्सिंग के कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को विरोध प्रदर्शन कर बकाया भुगतान की मांग की। कर्मचारियों के उग्र आंदोलन के दौरान एसडीएम, ईओ, पालिकाध्यक्ष ने कर्मचारियों वार्ता की। लेकिन कर्मचारियों की मांगे तत्काल पूरी करने की मांग पर अड़े रहे। जिससे वार्ता असफल हो गई। जिसके चलते सफाई कर्मचारी आंदोलन जारी है। नगर पालिका में तैनात स्थाई कर्मचारियों के साथ ठेके पर तैनात सफाई कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर नगर पालिका से लेकर वाटर वर्क्स तक विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारी हाथों में झाडू लेकर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर चल रहे थे। कर्मचारियों ने वाटर वर्क्स पहुँचकर ईओ के आवास का घिराव किया। नगर पालिका में कार्यरत 178 कर्मचारी के साथ ही 177 कर्मचारी ठेके पर कार्य कर रहे हैं। नगर पालिका के स्थाई सफाई कर्मचारियों का एरियर,



बोनस का लगभग 45 लाख रुपए का बकायाहै। वही ठेके के कर्मचारी 400 रुपए से अधिक प्रतिदिन वेतन देने की मांग कर रहे थे। सफाई कर्मचारियों ने वाटर वर्क्स पहुँचकर जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों के उग्र आंदोलन को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। वाटर वर्क्स का घिराव की सूचना पर एसडीएम अंकित वर्मा, ईओ सुरेंद्र सिंह, पालिकाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने सफाई कर्मचारियों से वार्ता की। लेकिन वार्ता बेनतीजा रही। इस दौरान अधिकारियों ने कर्मचारियों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन कर्मचारी तत्काल समस्या का समाधान की मांग कर रहे थे। इस बारे में ईओ स-ुरेंद्र प्रताप का कहना है कि नगर पालिका पर नियमित कर्मचारियों का 45 लाख रुपए बकाया है। जबकि ठेके पर कार्यरत कर्मचारियों का कोई बकाया नही है। पालिका पर बजट नही है। ऐसे में ठेके पर कार्यरत कर्मचारियों को हटाने का विचार किया जा रहा है। उनको समझाया गया कि दो माह के लिए हटाए जाने पर सभी भुगतान कर दिए जाएंगे। लेकिन कर्मचारी तैयार नही है। वह वेतन बढ़ाने की भी मांग कर रहे हैं। जब पालिका प्रशासन पर धन होगा तभी भुगतान किया जा सकता है। लेकिन कर्मचारी तत्काल समस्या का समाधान चाहते हैं।

### दबंगो ने दो युवकों की बेरहमी से पिटाई, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**शिकोहाबाद।** बाकलपुर गांव के पास दबंगो ने दो युवको को माधोगंज के पास से पकड़कर ले गए। जहां दबंगो ने दो युवकों को जमकर लाठी डंडे से पिटाई कर दी। बटेश्वर रोड पर हुई खुली गुंडई से राहगीर हैरत में पड़ गए। इसी दौरान एक राहगीर ने दबंगो की करतूत का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। गुरुवार को बकलपुर भट्टे के पास दबंगों ने दो युवकों की बेरहमी से पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि आधा दर्जन से अधिक युवको का एक ग्रुप माधोगंज से दो युवकों को पकड़कर अपने साथ ले गया। बाकलपुर भट्टे के पास बटेश्वर रोड पर दोनों युवकों की लाठी डंडे से बेहरमी से पिटाई की। लोगों का आरोप है कि ग्रुप में शामिल युवक खुली गुंडई करते हैं। आये दिन किसी न किसी के साथ मारपीट की घटना को अंजाम देते हैं। जिससे लोग खौफ के साए में जी रहे हैं। मारपीट की घटना का वीडियो एक राहगीर ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

## NCRES के महामंत्री आर पी सिंह से खास बातचीत, चुनाव चिन्ह उगता हुआ सूरज

**टूंडला :** 4 पाछ जो भी डेट है एनसीआरई की चुनाव के लिए जिसका चुनाव चिन्ह है उगते सूरज को प्रणाम उगते हुए सूरज को प्रणाम करते हैं अब उगते हुए सूरज को यह सभी लोग कितनी रोशनी देते हैं और इनके क्या मुद्दे हैं हर हर बार चुनाव होता है तो चुनाव के पीछे कोई ना कोई इशू होते कुछ ना कुछ मुद्दे होते हैं उन मुद्दों को जानेंगे सर आपका बहुत बहुत स्वागत हर चुनाव के पीछे एक मुद्दा होता है आप किन मुद्दों को लेकर यह सर सभा संबोधित कर रहे हम उनको पिछले चुनाव से लेकर के अब तक उनको अपनी एनसीआर-एस की और एनएफआईआर की उपलब्धियों को बताया है कार्य सूची हमने इस चुनाव के बाद से हम क्या करेंगे यह हमने बताया है और सबसे प्रमुख मांग जो जो आज का ज्वलंत मुद्दा चल रहा है जिसको कि ओपीस के नाम से जानते हैं पुरानी पेंशन स्कीम नई पेंशन स्कीम और एक यूनिफाइड पेंशन स्कीम जो अभी प्रधानमंत्री ने घोषणा किया उसके बारे में हम इनसे वादा करने आए हैं चाहे कोई कुछ भी कहता रहे हमको ओपीस दिलाना है और हम ओपीस आपको दिलाएंगे जो मोदी जी ने जो घोषणा किया है जो उसमें कमी है जो उन्होंने कंडीशन लगा दिया है उन कंडीशन को खत्म कराना य एनसीआर और का पहला सर कर्मचारियों से जो जुड़ी तमाम वो समस्याए होती है लगभग आप न जोनस का कारभार आप संभाल रहे हैं आपके नीचे तमाम वो कर्मचारी हैं उनके हित की या अहित की जो भी बातें है सर कितना परसेंटेज इस समय चल रहा है आप उनके हित में कितना अच्छा वर्क कर रहे हैं जरा बताए हमको पिछली बार लगभग 57 प्र वोट मिला था हमने उससे भी अधिक प्राप्त करने के लिए उससे ज्यादा काम किया है और उन उपलब्धियों से हम कर्मचारियों को पचित करा जो पिछली बार कसर रह गई थी एक जोन में जो हमारा मानना था एक उद्योग एक यूनियन होना चाहिए जो हमारा नारा था वो पिछली बार सफल किसी कारण वस-नहीं हो पाया कुछ कसर रह गई उस कसर को खत्म करने के लिए हमने पूरे 10 11 साल पिछले चुनाव के बाद से अभी तक काम किया है और उम्मीद है इस बार कर्मचारी एक मात्र सिंगल यूनियन के रूप में नॉर्थ सेंटर रेलवे में एनसीआर सर एक अंतिम सवाल य है आप बहुत लंबे समय से जो लड़ाई लड़ रहे हैं एनपीएस के रिगार्डिंग तो सर उसमें आपको कितनी सफलता मिल पा रही है क्या सफलता मिल पाएगी आपको 20 साल से लड़ते लड़ते यह तो सफलता मिली कि मोदी जी ने घोषणा किया कि गारंटीड पेंशन देंगे डीए का लाभ देंगे फैमिली पेंशन देंगे बीआरएस भी देंगे उसमें थोड़ा चेंज कर दिया लम सम अमाउंट देंगे जो सैलरी की कटती होती है वही संशोधन की मांग हमने किया है इतना प्राप्त किया है हम आगे यह भी प्राप्त कर लेंगे यह हमें भरोसा है हम संशोधन करा लेंगे हमने नोटिस दे दिया है उनको अल्टीमेटम दे दिया है कि अप्रैल से पहले जो अप्रैल से ऑप्शन देना है कर्मचारियों को कि वो एनपीएस में रहेंगे कि यूपीएस में रहेंगे उससे पहले का हमने उनसे कह दिया है कि आप उसमें संशोधन करो वरना संघर्ष फिर शुरू हो जाएगा बहुत-बहुत धन्यवाद एनसीआरए जिंदाबाद जिंदाबाद जिंदाबाद आ सी जिंदाबाद जिंदाबाद जिंदाबाद महामंत्री जी जिंदाबाद जिंदाबाद जिंदाबाद अ सबको सबको हम बताने आए हैं जब भी ला स्टेशन हा बद हमें पुरानी पुरानी यादें यहां घेर लेती है टूंडला ने हमको बहुत प्यार दिया है टूंडला ने हमारा बहुत सम्मान दिया है जब मैं याद करता हूं 90 91 से लेकर के 90 91 क्या 85 86 से अगर जोड़ने लगता हूं टूंडला की एक एक गलियों को।

# किसके इशारों पर संभल मे हुई हिंसा?

**फिरोजाबाद** : जिसम पथरबाज और दंगाइयों का सिकता हुआ नजर आ रहा है यह संबल में 24 नवंबर को ई हिंसा की तस्वीर आपको मैं दिखा रहा हू जिसने भीड़ के बीच एक शस हाथ में बंदूक पकड़े नजरा रहा है कोई इमरान मसू से पूछे यह बंदूक पुलिस ने थमाई है क्या इसको यह नहीं भीड़ में शामिल लोग वहां लगे सीसीटीवी कैमरो को भी तोड़ते दिख रहे हैं अब इस तस्वीर को देखिए समल की साही जामा मचत के पास जुटी पत्थरबाजों की भीड़ किस तरह बेखोफ होकर पुलिस पर पथराव कर रही है इसमें एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें महिलाएं छत से पत्थर फेंक हुई नजर आ रही है पुलिस ने इन वीडियो में नजर आ रहे पत्थरबाजों की लिस्ट भी बनाई है दोस्तों यह योगी की पुलिस है छोड़ेगी नहीं आरोपियों को और उनके खिलाफ कानूनी कारवाई शुरू कर दी है और अगर आप इतने ईमानदारी से काम कर रहे थे तो सीसीटीवी क्यों तोड़े आखिर बंदूक चलाने की क्या नौबत आ गई पुलिस क्या पत्थर खाने और गोली खाने के लिए बैठी है उनकी फैमिली नहीं है पुलिस वालों के बीवी बच्चे नहीं है उनकी भी फैमिली है भाई अगर उन्हें कुछ हो जाएगा तो कौन संभालेगा उनकी फैमिली को पुलिस के परिवार को अगर वो पढ लिखकर आए हैं वो ना जाने कितनी रात जागी है कितनी मेहनत करी है तब वो पुलिस ऑफिसर बने है ऐसे ही नौकरी नहीं मिल जाती है

पुलिस वालो को काफी मेहनत करनी पड़ती है तुम जैसे पत्थरबाजों की तरह नहीं है लोग उन्ह और तुम सोच रहे हो कि वो पत्थर खाएंगे गोली खाएंगे ऐसा नहीं होगा य योगी की पुलिस है हिसाब तुरंत होगा सल में पुलिस पर हुई पवाजी की एक और तस्वीर देखिए किस तरह पथर बौछार से बचने के



लिए पुलिस वालों को पीछे हटना पड़ा आप यह देखिए क्या हालत हो गई है और चकि इनको अपने वोट बैंक समझ में आ रहा है जो विरोधी पार्टिया है तो इनको लग रहा है कि पुलिस को वहां पर पत्थर खाते रहना चाहिए गोली खाते रहना चा-हए जरा संलित में पत्थर वाजों के बवाल की एक और तस्वीर दिखाता हूं पुलिस के पहुंचने की जानकारी मिलते ही पत्थरबाजों की भीड़ उन पर टूट पड़ी जिसके बाद पुलिस वाले जान बचाकर किसी तरह भागते हुए नजर आए आप तस्वीर में भी देख सकते पुस वालो को भागना पड़ा दोस्तो ऐसी हालत श हो गई थी और उसके बावजूद इन दंगाइयों से सवाल पूछने के बजाय कहा जा रहा है कि पुलिस व क्या कर रही थी दावा किया जा रहा है कि यह बवाल होने से ठीक पहले मस्जिद के पास वाली गली में पथवा की भी जती हुई नजर आ रही है इसके बावजूद भी इन पत्थरबाज को अलग अलग गलियो गलियो में पुलिस के खिलाफ खोल दिया उसके बाद जो हुआ उसका सच अब धीरे धीरे सामने आ रहा है वीडियो वायरल हो रही है इतनी भीड़ अचानक कहां से आ गई दोस्तो सर्वे टीम पहुंची कहा जा रहा है किसी को पता नहीं था सर्वे होना है तो सर्वे की टीम पचती इतनी भीड़ कैसे पहुच गई इतने पथर कैसे अचानक से आ गए जब किसी को पता ही नहीं था कि सर्वे होने वाला है जोक झू-ठी बात है सबको पता था सर्वे होगा वहा पर तो पथर से कहां से आ गए इतने सारे पत्थर पहले थे दोस्तों जब पता ही नहीं था कि सर्वे होने वाला है या होने वाला था

### चंबल के बीहड़ में मृत मिली तीन साल की मादा तेंदुआ

**आगरा।** पिनाहट ब्लॉक क्षेत्र के गांव टीकतपुरा में चंबल के बीहड में आज एक मादा तेंदुआ मृत अवस्था में मिली। सूचना मिलते ही वन्य जीव विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर छानबीन करने में जुट चुके हैं टीकतपुरा के ग्रामीणों ने बीहड़ में मादा तेंदुए को मृत हालत में पड़े देखा तो वन विभाग के अधिकारियों को सूचित किया। तत्काल विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और छानबीन शुरू कर दी। विभाग के अधिकारी यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि मादा तेंदुए की मौत की वजह क्या है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मौत की वजह संदिग्ध परिस्थितियां हैं। टीम के साथ मौके पर पहुंचे रेंजर उदय प्रताप सिसौदिया ने बताया कि मृत मादा तेंदुए की आयु तीन वर्ष के आसपास है। सिसौदिया ने कहा कि यह भी संभव है कि किसी दूसरे तेंदुए से संघर्ष में मादा तेंदुए को जान गंवानी पड़ी हो। मौत की वजह जानने के लिए मादा तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## अब आयुर्वेद में भी सर्जरी हुई संभव , आयुर्वेद ही मानव शरीर के लिए है सेफः डॉ संजय राजपाल

**फिरोजाबाद** : डॉक्टर संजय राजपाल जी जो कि जिला आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर है और यहां पानीपत में बैठते हैं सबसे पहले तो आप यह बताइए कि आज की जो यह लड़ाई चल रही है वे में और एलोपैथी में तो इसमें जीत किसकी है जीत तो देखा जाए तो दोनों बराबर पैथी है आयुर्वेद का अपना मकसद है एक उसका अलग एम है और उनका एलोपैथिक का एक अलग एम है आयुवेर्दा का एम यह है कि रोगी के स्वास्थ्य की रक्षा की जाए और साथ में रोगी को रोगी ना होने पाए किसी भी व्यक्ति को उसको रोगी ना होने पाए और स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा भी कीज अगर कोई रोग हो जाता है मान लीजिए किसी पेशेंट को तो उसमें आयुवेर्दा में क्या-क्या पॉसिबिलिटीज है कि वो रोग ठीक हो सकता है अगर वो स्टार्टिंग की एज प ही उसमें आ गया जैसे हमारे सीजनल होते हैं ये तो अपने आप भी ठीक हो जाते हैं थोड़ी इम्युनिटी मेडिसिन दी और इम्युनिटी हमने थोड़ा सा बढ़ाया पेशेंट का तो वो अपने आप भी ठीक हो जाते हैं लेकिन अग कुछ क्रॉनिक डिजीज है जिनको हम बिल्कुल ठीक भी नहीं कर पाते हैं लेकिन वो मेडिसिन के साथ-साथ जैसे एलोपैथिक में है वैसे ही हमारे आयुर्वेदिक में भी वो थोड़ा चलते रहते हैं उसमें पेशेंट्स को तो एलोपैथी में जैसे बहुत सी बीमारियों का इलाज है क्या व आयुवेर्दा में भी एलोपैथिक में अब क्रॉनिक अस्थमा है उसमें भी कोई इलाज नहीं है उनके पास और हमारे पास उसको सामान्य अवस्था में लाने का कोशिश प्रयास भी होता है और उसमें हम कई बार सक्सेस भी हो जाते आयुवेर्दा में ऑपरेशन का क्या इलाज है ऑपरेशन हमारे यहां अभी इतना नहीं है अभी हमारे पास सेटअप नहीं है लेकिन कुछ जैसे बीएचयू में है पॉसिबिलिटीज है इसमें होती है हमारे यहां प एमडी एमएस होती है मास्टर ऑफ सर्जरी आयु आयुष में है एनआ-ईए में है।




मैनचेस्टर में यूरोपा लीग फुटबॉल में भाग लेते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड और बोडो के खिलाड़ी।

## ब्रीफ न्यूज

### अक्षर हैं कप्तानी के प्रबल दावेदार : पार्थ जिंदल

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सत्र के लिए मेगा नीलामी समाप्त होने के बाद अब ये सवाल उठ रहे हैं कि दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी किसको मिलेगी। पिछले सत्र में टीम के कप्तान रहे ऋषभ पंत अब उसके साथ नहीं है। इसी को लेकर टीम के सह-मालिक पार्थ जिंदल ने कहा है कि अक्षर पटेल कप्तान पद के लिए प्रबल दावेदार हैं। जिंदल ने कहा कि अक्षर एक खुशमिजाज व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं और टीम की संस्कृति को जानते हैं और इस समय टी20 क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर हैं। वह लंबे समय से फ्रैंचाइजी के साथ बने हुए हैं और उसके लिए काफी फायदेमंद साबित हुए हैं। जब भी ऋषभ उपलब्ध नहीं थे, जब भी ऋषभ चोटिल हुए, अक्षर ने कदम बढ़ाया और बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, वह एक खुशमिजाज व्यक्ति हैं, वह ड्रेसिंग रूम को बहुत हल्का रखते हैं। वह एक सरल व्यक्तित्व वाले खिलाड़ी हैं और मुझे लगता है कि वह शानदार काम कर सकते हैं। हालांकि अभी कप्तानी को लेकर हमारी किसी से बात नहीं हुई है। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो ड्रेसिंग रूम को एकजुट रखते हैं और उनमें नेतृत्व कौशल भी है।

### पुणे में मैच के दौरान हुई क्रिकेटर की मौत

**नई दिल्ली।** क्रिकेट मैच के दौरान एक और क्रिकेटर की मौत का मामला सामने आया है। पुणे में बुधवार रात खेले गए मैच में 35 साल के इमरान पटेल की सीने में दर्द उठने के बाद मौत हो गई। लीग मैच में पटेल पारी की शुरुआत कर रहे थे। कुछ ओवर खेलने के बाद उन्होंने अंपायर से सीने में दर्द की शिकायत की। इसके बाद वह पवेलियन की ओर जाने लगे पर बीच में ही मैदान में गिर गये। पटेल को तत्काल अस्पताल ले जाया गया पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं क अन्य क्रिकेटर नासिर खान ने कहा कि इमरान पटेल को कोई बिमारी नहीं थी पर उनकी मौत से स्तब्ध हैं। मृत क्रिकेटर के परिवार में पत्नी और तीन बेटियां हैं। उनकी सबसे छोटी बेटी केवल 4 महीने की है। पटेल रिलय एस्टेट का कारोबार करते हैं।

### न्यूजीलैंड के फिलिप्स ने एक हाथ से पकड़ा कैच

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के क्रिकेटर ग्लेन फिलिप्स ने इंग्लैंड के खिलाफ जारी पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन एक शानदार पकड़ा। फिलिप्स ने इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप को कैच एक हाथ से पकड़कर उनकी 77 रनों की पारी का अंत कर दिया। फिलिप्स ने ये कैच एक ही हाथ से पकड़ लिया। इंग्लैंड की पारी का 53वां ओवर टिम साउदी ने किया। इस ओवर की तीसरी गेंद पर फिलिप्स ने गली की ओर शॉट खेला। उस जगह पर फिलिप्स फिल्डिंग कर रहे थे। उन्होंने दायीं ओर हवा में छलांग लगाकर एक हाथ से कैच पकड़ लिया। फिलिप्स के इस कैच को देखकर सभी हैरान रह गये। फिलिप्स ने पहली बार इस तरह के कैच नहीं लपके हैं बल्कि वह कई बार अपनी बेहतरीन फील्डिंग से सभी को पहले भी हैरान कर चुके हैं। ओली ने आउट होने से पहले हैरी ब्रूक के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 151 रन बनाये जबकि ब्रूक 163 गेंदों पर 132 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे।

# आईपीएल में नये कप्तानों के साथ नजर आयेंगी कई टीमें

एजेंसी ■ मुम्बई

इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलामी में इस बार कई टीमों के कप्तान भी उतरे थे जिन्हें उनकी टीमों ने रिटेन नहीं किया था। इन कप्तानों को दूसरी टीमों ने मोटी रकम देकर खरीद लिया था। ऐसे में इस बार करीब पांच 5 टीमों के नए कप्तान होंगे जिसमें दिल्ली कैपिटल्स, लखनऊ सुपर जाएंट्स, पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, जैसी टीमें शामिल हैं।




#### ऋषभ पंत

आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कप्तान ऋषभ पंत को लखनऊ सुपर जाएंट्स ने 27 करोड़ रुपए की मोटी रकम खर्च कर अपनी टीम में शामिल किया, वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें ही अब सुपर जाएंट्स की कप्तानी मिलने की संभावना है।

#### श्रेयस अय्यर

कोलकाता नाइटराइडर्स को 2024 में खिताब जिताने वाले श्रेयस को टीम ने रिटेन नहीं किया है। उन्हें 26.75 करोड़ में पंजाब किंग्स ने खरीदा है और उम्मीद है माना जा रहा है कि उन्हें इतनी बड़ी रकम देकर कप्तान बनाने के लिए ही खरीदा गया है।

#### केएल राहुल

दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के पूर्व कप्तान केएल राहुल को मेगा नीलामी में 14 करोड़ रुपए में खरीदा है, ऋषभ के जाने के बाद उनका टीम का नया कप्तान बनना तय है।

#### वेंकटेश अय्यर

वेंकटेश अय्यर को कोलकाता नाइट राइडर्स ने मेगा ऑक्शन में 23.75 करोड़ रुपए की मोटी रकम खर्च कर स्क्वॉड में शामिल किया है। ऐसे में माना जा रहा है कि उन्हें कप्तानी मिल सकती हैं।

#### विराट कोहली

विराट कोहली को एक बार फिर से आरसीबी की कप्तानी संभालते हुए नजर आ सकते हैं क्योंकि अब पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी टीम में नहीं हैं। विराट ने पहले भी टीम की कप्तानी संभाली है। जिससे अनुभव के मामले में वह सबसे आगे हैं।

### महिला प्रीमियर लीग के लिए 15 दिसंबर को होगी छोटी नीलामी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीसीआई) के अनुसार महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 सत्र के लिए छोटी नीलामी 15 दिसंबर को बेंगलुरु में होगी। इसमें टीम बनाने के लिए सभी पांचों फ्रैंचाइजी के पास 15 करोड़ रूपये का बजट रहेगा। छोटी नीलामी में उतरने वाली दिग्गज विदेशी खिलाड़ियों में इंग्लैंड की कप्तान हेदर नाइट, न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज लिया ताहुहु, वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर ड्रिएंड्रा डॉटिन जैसी खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं भारतीय खिलाड़ियों में स्नेह राणा, लेग स्पिनर पूनम यादव और बल्लेबाज वेदा कृष्णमूर्ति रहेंगी। पिछले दो सत्र से दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी मेग लैनिंग के पास है पर इनकी टीम के पास सबसे कम 2.5 करोड़ का बजट है। वहीं गुजरात जायंट्स ने सबसे अधिक सात खिलाड़ी बाहर किये हैं ऐसे में उसके पास सबसे अधिक 4.4 करोड़ रुपए बचे हैं।

# एडीलेड में पिछली हार का हिसाब बराबर करना चाहेगी टीम इंडिया




एजेंसी ■ मुम्बई

भारतीय टीम 6 दिसंबर से एडीलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच खेलेगी। गुलाबी गेंद से खेले जाने वाला यह मैच दिन-रात वाला होगा। भारतीय टीम ने अब तक गुलाबी गेंद से चार टेस्ट खेले हैं जिसमें से उसे 3 में जीत मिली है जबकि एक में उसे हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय टीम को जिस एक दिन-रात वाले टेस्ट में हार मिली है वो ऑस्ट्रेलिया में ही एडिलेड में खेला गया था। वहीं इस बार भी दूसरा टेस्ट इसी स्थल पर खेला जाएगा। ऐसे में इस बार भारतीय टीम इस बार उस हार का बदला लेना चाहेगी। भारतीय टीम ने अपना पहला दिन-रात टेस्ट मैच साल 2019 में खेला थ। कोलकाता के ईडन गार्डंस स्टेडियम में खेले गए इस दिन-रात के टेस्ट में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को एक पारी और 46 रन से हराया था। इस मुकाबले में भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने शतकीय पारी खेलकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी जबकि तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने कुल 9 विकेट लिए थे। भारतीय टीम ने अपना दूसरा दिन-रात का टेस्ट साल 2020 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। एडिलेड में 17 दिसंबर से खेले गए इस टेस्ट मैच में भारत को 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं साल 2021 में टीम इंडिया ने अपना तीसरा दिन-रात का टेस्ट खेला। इंग्लैंड के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस टेस्ट मैच में भारत ने 10 विकेट से जीत दर्ज की थी। इंग्लैंड के खिलाफ इस मैच में अक्षर पटेल ने 11 विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं भारतीय टीम ने अपना चौथा डे नाइट टेस्ट मैच श्रीलंका के खिलाफ साल 2022 में खेला था। बैंगलोर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेल गए इस टेस्ट में भारत ने 238 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी।

# विराट का दिन रात के मैचों में 46.16 रहा है बल्लेबाजी औसत

एजेंसी ■ एडीलेड

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 6 दिसंबर से एडीलेड में दूसरा क्रिकेट टेस्ट मैच खेला जाएगा। गुलाबी गेंद से खेला जाने वाला ये मैच दिन-रात का होगा। इस मैच से पहले ही विराट के शानदार शतक से साफ है कि वह फार्म में आ गये हैं। विराट कोहली ने एडिलेड में गुलाबी गेंद से पहले भी एक टेस्ट मैच खेले था जिसमें उन्होंने पहली पारी में 74 रन बनाए हैं जबकि दूसरी पारी में 4 रन बनाए। दिन-रात के चार टेस्ट मैचों में कोहली के नाम कुल 277 रन हैं जिसमें उनकी बल्लेबाजी औसत 46.16 रहा है। विराट ने बांग्लादेश के खिलाफ साल 2019 में खेले गए दिन-रात के टेस्ट मैच में 136 रन की पारी खेली थी। यह गुलाबी गेंद से हुआ टेस्ट मैच कोलकाता के ईडन गार्डन में खेला गया था। भारत ने इस टेस्ट को पारी के अंतर से जीता था। इंग्लैंड के खिलाफ अहमदाबाद में खेले गए गुलाबी गेंद से टेस्ट मैच में कोहली ने 27 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में उनकी बल्लेबाजी नहीं आयी। वहीं बैंगलोर में श्रीलंका के खिलाफ खेले दिन-रात के टेस्ट मैच में विराट ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में 23 रन बनाये थे जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 13 रन बनाए। विराट पर्थ वाली लय को एडिलेड में भी बनाये रखना चाहेंगे।



### जयशंकर भी हैं विराट के प्रशंसक

**नई दिल्ली।** विदेश विदेश मंत्री एस जयशंकर भी अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के प्रशंसक हैं। जयशंकर ने दिग्गज क्रिकेटर मोहिंदर अमरनाथ की आत्मकथा 'फियरलेस' का विमोचन करने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि मैं जिस क्रिकेटर का खेल देखना पसंद करता हूं वह विराट हैं। जिस जूनुन के साथ वह खेलते हैं और प्रदर्शन करते हैं वह शानदार है। मुझे लगता है कि युवाओं को उनसे बहुत कुछ सीखना चाहिए ऑलराउंडर अमरनाथ ने साल 1983 में भारत को विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। जयशंकर ने कहा, ' मेरे लिए पूरी दुनिया मेरे पीछे आने वाले तेज गेंदबाजों का एक समूह है। मैं अपने साथियों को भी यही सलाह देता कि जल्दी आगे बढ़ो।

# हाइब्रिड मॉडल स्वीकार नहीं : पीसीबी

एजेंसी ■ कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी आयोजन के लिए 'हाइब्रिड मॉडल उसे स्वीकार नहीं है और उसने ये जानकारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को भी दे दी है। पीसीबी ने साथ ही आईसीसी हाइब्रिड मॉडल पर बात न करें। इससे पहले भारतीय बोर्ड ने अपनी टीम को सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान भेजने से इंकार कर दिया था। इसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम को लेकर आईसीसी ने सभी सदस्यों की वर्चुअल बैठक बुलाई है। वहीं कहा जा रहा है कि पीसीबी 'हाइब्रिड मॉडल का विरोध कर रहा है और उसने आईसीसी को सलाह दी है कि चैंपियंस ट्रॉफी आयोजित करने के लिए कोई अन्य विकल्प ढूंढा जाए। पाकिस्तान बोर्ड का मानना है कि 'हाइब्रिड मॉडल में खेलने का मतलब भारत को वरीयता देना होगा। शुरू में पीसीबी ने भारतीय टीम के नहीं आने को लेकर 'हाइब्रिड मॉडल में खेलने की संभावना पर विचार किया था। उसने कहा था कि 2031 तक भारत और बांग्लादेश में वनडे विश्व कप वह भारत में होने वाले सभी आईसीसी टूर्नामेंट 'हाइब्रिड मॉडल में ही खेले जायेंगे क्योंकि पाकिस्तान भारत में नहीं खेलेगा। पीसीबी ने आईसीसी से पूछा है कि क्या उसके सामने बीसीसीआई ने अपनी सरकार से लिखित में पत्र प्रस्तुत किया था जिसमें कहा गया था कि भारतीय टीम को पाकिस्तान में खेलने की मंजूरी नहीं दी गई थी। सूत्र ने कहा, 'आईसीसी के नियमों के तहत अगर कोई टीम कहती है कि उसकी सरकार किसी भी आधार पर उसे दूसरे देश में खेलने की अनुमति नहीं दे रही है तो बोर्ड को अपनी सरकार के निर्देश लिखित में जमा करने होंगे जो हमने अभी तक नहीं देखे हैं।



# 40 से अधिक शतक लगाएंगे यशस्वी : मैक्सवेल

एजेंसी ■ सिडनी

ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह अपने टेस्ट करियर में 40 से अधिक शतक लगाने के साथ ही कई रिकॉर्ड बनाएंगे। मैक्सवेल के अनुसार हालातों के अनसार ढ़लने और बल्लेबाजी में कोई कमी नहीं होने का लाभ यशस्वी को मिलेगा। यशस्वी ने इस साल के शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके टीम में अपनी जगह पक्की की थी। मैक्सवेल ने कहा, ' जायसवाल एक ऐसा खिलाड़ी है जो संभवतः 40 से अधिक टेस्ट शतक लगाएगा और कुछ अलग रिकॉर्ड भी बनाएगा। उसके पास अलग-अलग हालातों से तालमेल बिठाने की जबरदस्त क्षमता है। यशस्वी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में शानदार शतक लगाकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इस युवा बल्लेबाज ने अभी तक 15 टेस्ट मैच में 58.07 की शानदार औसत से 1568 रन बनाए हैं जिसमें चार शतक शामिल हैं। पर्थ में पहली पारी में वह खाता नहीं खोल पाए थे पर दूसरी पारी में उन्होंने दबाव में आये बिना शानदार वापसी की जिससे उनके बल्लेबाजी कौशल का पता चलता है। मैक्सवेल ने कहा, 'उसने कई तरह के शॉट खेले पर बीच में उसने जिस तरह से गेंदें छोड़ी और जिस तरह से वह बैक फुट पर जाकर खेला वह महत्वपूर्ण था। उसका फुटवर्क बहुत अच्छा है। उसमें कोई खास कमजोरी है। वह शॉर्ट पिच गेंद को अच्छी तरह से खेलता है, अच्छी ड्राइव करता है, स्पिन को अविश्वसनीय रूप से अच्छी तरह से खेलता है और दबाव झेल सकता है। उन्होंने कहा, 'ऑस्ट्रेलियाई टीम अगर उसे रोकने का कोई तरीका नहीं तलाश पायी तो उसकी मुश्किलें बढ़ जाएंगी। मैक्सवेल ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी जमकर तारीफ की और कहा कि यशस्वी और बुमराह के रुप में भारतीय टीम को दो बेहतरीन प्रतिभाएं मिली हैं।



# विराट के फार्म में ऑस्ट्रेलिया को हुआ नुकसान , हार सकती है सीरीज

एजेंसी ■ मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलेन बॉर्डर ने कहा है कि पर्थ में पहले टेस्ट के दौरान विराट कोहली ने जिस प्रकार से शतक लगाया है उससे वह फार्म में आ गये हैं। बॉर्डर के अनुसार विराट इसी प्रकार खेलते रहे तो मेजबान टीम के हाथों से सीरीज निकल जाएगी। बॉर्डर ने कहा कि हमारे गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया जिसके कारण ही विराट को फार्म में आने का अवसर मिला है। कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में फॉर्म में लौटे और नाबाद 100 रन बनाए जबकि वह पिछले काफी समय से रन नहीं बना पा रहे थे। भारतीय टीम ने पहला टेस्ट शानदार तरीके से जीता। बॉर्डर ने कहा, 'जिस तरह से उन्होंने कोहली को शतक बनाने दिया, मैं बहुत निराश हूं। हम नहीं चाहते कि पूरी सीरीज में विराट इस तरह से खेलें। बॉर्डर ने कप्तान पैट कमिंस की कप्तानी पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में संघर्ष करते नजर आए कोहली को उन्होंने फॉर्म मे लौटने का अवसर दिया। वहीं पूर्व सलामी बल्लेबाजी मैथ्यू हेडन ने भी कमिंस की जमकर आलोचना की।

सत्ता सुधार

कानपुर। पर्वतीय क्षेत्रों से आ रहीं उत्तर पश्चिमी हवाओं ने रात का पारा लुढ़का दिया है। 48 घंटे में रात का न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस कम हुआ है। 24 घंटे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान एक डिग्री से अधिक घटे हैं। तापमान में गिरावट होने की वजह से रात में ठंडक बढ़ गई। शहरवासियों को स्वेटर पहनना पड़ा।



# विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की जीत से विपक्ष भयभीत

## सीएम योगी बोले-2027 में और भी बड़ी जीत दर्ज करेंगे, भाजपा ने चुनाव से पहले ही बना ली थी जीत की रणनीति

### उपचुनाव में जीत हासिल करने वाले विधायकों ने ली शपथ

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित उपचुनाव में विजयी नवनिर्वाचित विधायकों के अभिनंदन समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित विधायकों, पार्टी कार्यकर्ताओं, मंत्रियों और पदाधिकारियों को उपचुनाव के दौरान मिले दायित्वों को लेकर की गई कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीम भावना और एकजुटता के साथ कार्य करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उपचुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से विपक्षी दल भयभीत हो गए हैं। वो अब बस आरोप ही लगा सकते हैं। योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा इससे भी बड़ी जीत हासिल करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन और नेतृत्व में एनडीए ने हरियाणा में हैट्रिक लगाई, महाराष्ट्र में भारी बहुमत हासिल किया और उत्तर प्रदेश उपचुनाव में 9 में से 7 सीटों पर विजय प्राप्त की। हमने चुनाव से पहले ही सात सीटें जीतने की रणनीति बनाई थी, जिसे संगठन और कार्यकर्ताओं ने जमीन पर उतारकर सफल बनाया। योगी ने कुंदरकी और कटेहरी जैसी कठिन सीटों पर जीत को पार्टी की रणनीति और कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। जहां लोग जीत की संभावना पर सवाल उठाते थे, वहां भाजपा ने न केवल जीत हासिल की बल्कि अपनी स्थिति और मजबूत की। कुंदरकी में 1.45 लाख वोटों से रिकॉर्ड तोड़ जीत इसका उदाहरण है।



#### चुनौती को अवसर में बदलने का माद्दा

मुख्यमंत्री ने पार्टी की विचारधारा और कार्यकर्ताओं के प्रति समर्पण पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा हर चुनौती को अवसर में बदलने का माद्दा रखती है। उन्होंने सातों विधानसभा में मिली जीत को कार्यकर्ताओं और नेताओं के मजबूत प्रयास का नतीजा बताया। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए यह जीत विपक्ष के मन में भय उत्पन्न करेगी। हमें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना होगा और सघन जनसंपर्क के माध्यम से सरकार की योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। इससे 2027 में हमारी सफलता और बड़ी होगी। मुख्यमंत्री ने खैर विधानसभा से विजयी सुरेंद्र दिलेर के पिता पूर्व सांसद और पूर्व विधायक राजवीर सिंह दिलेर का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के परिवार के साथ खड़ी रहती है।

**संगठन के साथ मिलकर काम करें-** मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित विधायकों का आह्वान किया कि अब उनके पास दो-ढाई साल का ही समय है, ऐसे में वह सभी अपने कार्यकाल में जनता से बेहतर संवाद स्थापित करें और संगठन के साथ मिलकर काम करें। हमें अपनी सफलता से प्रेरणा और असफलता से सबक लेकर आगे बढ़ना है। यदि हम इसी सामूहिक भावना से कार्य करते रहे, तो 2027 में प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलेगा।

#### योगी बोले- ये विकास की जीत

यूपी में नौ विधानसभा सीटों पर जीत हासिल करने के वाले नवनिर्वाचित विधायकों को शुक्रवार को विधानसभा में शपथ दिलाई गई। सभी को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शपथ दिलाई। इसके बाद भाजपा विधायक पार्टी कार्यालय पर पहुंचेंगे और उन्हें सम्मानित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सभी विजयी उम्मीदवारों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे प्रदेश के विकास और जनता की आस्था की जीत बताया।

#### यह भी रहे मौजूद

अभिनंदन समारोह में भाजपा और सहयोगी दल रालोद के विजयी विधायकों को बधाई दी गई। इनमें मीरापुर से मिथिलेश पाल (रालोद), कुंदरकी से भाजपा विधायक रामवीर सिंह, फूलपुर से दीपक पटेल, खैर से सुरेंद्र दिलेर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, कटेहरी से धर्मराज निषाद और मझवां से सुचिष्मिता मौर्य शामिल रहीं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, सुरेश खन्ना, संजय निषाद, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

#### राष्ट्र प्रथम के संकल्प को दोहराया

जिन नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली उनमें कुंदरकी से रामवीर सिंह, फूलपुर से दीपक पटेल, खैर से सुरेंद्र सिंह, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, कटेहरी से धर्मराज निषाद, मझवां से सुचिस्मिता मौर्य और मीरापुर से रालोद की मिथलेश पाल शामिल हैं। इन सभी उम्मीदवारों ने जनता के विश्वास और समर्थन का धन्यवाद करते हुए अपने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। सभी ने एक स्वर में राष्ट्र प्रथम के संकल्प को दोहराया। साथ ही मोदी-योगी के नेतृत्व के प्रति अपनी निष्ठा जताई।

#### सदन में दिखनी चाहिए उपस्थिति

शपथ ग्रहण समारोह के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि यूपी विधानसभा का सदस्य होना गौरव की बात है। जनता की सेवा का अवसर आपको मिला है। मुख्यमंत्री के कार्यों को लेकर अगर जनता के बीच में जाएं तो हर बार जीत आपको मिलेगी। आपके पास ढाई साल का समय है, उसे जनता के बीच ज्यादा से ज्यादा व्यतीत करें। इसके साथ ही आपकी उपस्थिति विधानसभा में भी दिखनी चाहिए। यहां आपकी परफॉर्मेंस ही जनता के बीच आपकी सक्रियता के संदेश के रूप में जाएगी।

---

### ब्रीफ न्यूज

#### डीएम मेधा ने छात्राओं के साथ जमीन पर बैठ खाया खाना

**कासगंज।** कासगंज जिलाधिकारी मेधा रूपम ने अमांपुर क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कस्तूरबा की बालिकाओं के साथ बैठकर मध्याह्न भोजन किया और गुणवत्ता को परखा। वहीं प्रयोग किए जाने वाले मसालों के पैकेट चैक किए। एक्सपाइरी डेट का परीक्षण किया। उन्होंने एमडीएम के खाने को बेहतर बनाने और मीनू के अनुसार बच्चों को खाना खिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कस्तूरबा विद्यालय में चल रहे भवन निर्माण के कार्य पर नाराजगी भी जाहिर की। जिलाधिकारी मेधा रूपम भवन निर्माण के कार्य से संतुष्ट नजर नहीं आईं। कार्य की प्रगति धीमी पाई गई। जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्माण की व्यवस्था में सुधार कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कंप्यूटर खराब पाया गया। स्मार्ट बोर्ड भी खराब था। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी व शौचालय भी चैक किए। उन्होंने बीएसए को तत्काल खामियां दूर कराने के निर्देश दिए। वहीं एसडीएम सहावर को निर्माण की गुणवत्ता की सैंपलिंग कराने के भी निर्देश दिए। जिला धिकारी ने बालिकाओं से बातचीत की। बालिकाओं ने कहा कि कस्तूरबा की वार्डन सुबह 4 बजे सभी बच्चों को उठाती हैं और पढ़ाई कराती हैं। यह जानकर उन्होंने खुशी जाहिर की। निरीक्षण के दौरान अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

#### नए साल में आनंद विहार तक करें नमो भारत में सफर, अगला टारगेट जल्द मेट्रो चलाना

**मेरठ।** नए साल में यात्रियों को नया तोहफा मिलने वाला है। नमो भारत जल्द ही आनंद विहार तक चलने वाली है। इसके लिए लगातार ट्रायल चल रहा है। इसमें सामने आ रही कमियां दूर की जा रही हैं। अभी दिल्ली तक ट्रेन संचालन प्राथमिकता में है। यहां तक काम पूरा होने के बाद मेरठ के शताब्दीनगर तक संचालन होगा। इस तैयारी के बीच ब्रह्मपुरी स्टेशन (टीपीनगर-माधवपुरम चौराहा) तक ओवर हेड इक्विपमेंट (ओएचई) वायर का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है। मेरठ से मोदीपुरम तक वायाडक्ट का काम पूरा हो चुका है। मेरठ साउथ से नमो भारत का शहर में अगला पड़ाव अब शताब्दीनगर है। इन दोनों स्टेशन के बीच परतापुर और रिठानी स्टेशन भी हैं, जहां मेट्रो का ठहराव रहेगा। शताब्दीनगर तक मेट्रो रेल का रूट तैयार हो गया है। बिजली के लिए टेस्टिंग की जा रही है। दिसंबर तक ट्रायल के बाद नमो भारत और फिर मेट्रो का संचालन शुरू होगा। दिल्ली की ओर भी काम चल रहा है। साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक 12 किमी सेक्शन में आनंद विहार और न्यू अशोक नगर दो आरआरटीएस स्टेशन हैं।

## हाईकोर्ट के आदेश तक ट्रायल कोर्ट कोई कार्रवाई न करे

### संभल हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा और अहम निर्देश

### मस्जिद समिति ने दायर की थी सुप्रीम कोर्ट में याचिका

सत्ता सुधार ■ लखनऊ/ नई दिल्ली

संभल हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट ने अहम निर्देश देते हुए निचली अदालत से संभल जामा मस्जिद मामले पर सुनवाई न करने को कहा है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने प्रशासन को कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने की भी हिदायत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने को कहा है और कहा कि अब हाईकोर्ट के निर्देश पर ही कोई कार्रवाई हो सकेगी। दरअसल, मस्जिद समिति ने सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दायर कर मस्जिद का सर्वे कराने के निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। इस पर मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिकाकर्ताओं से पूछा कि वह उच्च न्यायालय क्यों नहीं गए। पीठ ने कहा कि यह मामला उचित मंच पर उठाया जाना चाहिए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कुछ अहम निर्देश दिए, जिनके मुताबिक निचली अदालत को इस मामले पर सुनवाई करने से रोक दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निचली अदालत के फैसले से उन्हें कुछ आपत्तियां हैं। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय द्वारा किए जाने का निर्देश दिया है। साथ ही सर्वोच्च अदालत ने उच्च न्यायालय से याचिका दायर होने के बाद तीन दिनों में याचिका पर सुनवाई करने का निर्देश दिया।




#### सर्वे रिपोर्ट सीलबंद

गौरतलब है कि निचली अदालत के आदेश के बाद एडवोकेट कमिश्नर द्वारा संभल जामा मस्जिद का सर्वे किया गया। इस सर्वे के दौरान ही बीते दिनों संभल में हिंसा भड़की, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने हालात को देखते हुए एडवोकेट कमिश्नर की रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में रखने और जारी न करने का भी निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश प्रशासन को हिदायत दी है कि शांति और सद्भाव का माहौल कायम रखा जाए। अदालत ने प्रशासन से शांति समिति गठित कर सद्भाव कायम करने का भी निर्देश दिया।

#### कोर्ट ने जताई नाराजगी

कोर्ट ने कहा कि जिस जल्दबाजी में मामले पर ट्रायल कोर्ट ने सुनवाई की और सर्वे के आदेश दिए गए, उससे स्थानीय लोगों के मन में शक हुआ, जिसकी वजह से वे घरों से बाहर निकले। रिपोर्ट्स के अनुसार, पुलिस ने उन पर फायरिंग की, जिससे मासूम लोगों की जान गई और कई घायल हुए। मस्जिद समिति की तरफ से वरिष्ठ वकील हुजैफा अहमदी अदालत में पेश हुए। वहीं प्रतिवादी पक्ष की तरफ से वकील विष्णु शंकर अदालत में पेश हुए।

## हिंदू आतंकवादी संगठनों को साथ ले गए थे अफसर

### संभल हिंसा : मौलाना तौकीर ने उगला जहर, बोला

#### मौलाना ने केंद्र सरकार पर लगाया साजिश का आरोप

सत्ता सुधार ■ बरेली

बरेली में आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान ने संभल हिंसा पर विवादित बयान दिया है। मौलाना ने कहा कि संभल के जरिए पूरे देश में अफरा-तफरी का माहौल बनाने की कोशिश की गई। पुलिस प्रशासन अलर्ट पर बैठा था कि बस आर्डर आना है और मस्जिद में घुस जाना है। पहले सर्वे में मुसलमानों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी तो वे दंगा कराने में नाकाम हो गए। दूसरे सर्वे के बहाने में मस्जिद में घुसे। हिंदू आतंकवादी संगठनों को साथ लेकर गए थे। धार्मिक उन्मादी नारे लगवाते हुए गए। पत्थर भी अपने साथ लेकर गए थे। अगर मुसलमान पत्थर नहीं फेंकेगा तो पत्थर फेंकेंगे ताकि पुलिस को गोली चलाने में आसानी हो जाए। तौकीर रजा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जो भी कुछ हो रहा है, वो सब दिल्ली के इशारे पर हो रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर साजिश करने का आरोप लगाया। कहा कि दिल्ली लखनऊ के मुख्यमंत्री को बदलना चाहती है। इसीलिए यहां का माहौल खराब किया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि संभल के जितने भी अधिकारी हैं, उन सबको हटाया जाए। संभल हिंसा की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। मौलाना ने संभल हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। कहा कि भी मामले हो रहे हैं उन सबका सुप्रीम कोर्ट को संज्ञान लेना चाहिए।

#### पुलिस ने नहीं जाने दिया संभल

मौलाना तौकीर रजा खान शुक्रवार को जुमे की नमाज अदा करने के बाद शहर से संभल के लिए रवाना हुए थे। सीबीगंज में पुलिस ने उन्हें रोक लिया। पुलिस उन्हें थाने ले गई। वहां मौलाना संभल जाने पर अड़े रहे। काफी देर तक बातचीत हुई। हिरासत में लेने के बाद मौलाना तौकीर रजा को छोड़ दिया। वहां से वह अपने समर्थकों के साथ वापस बरेली स्थित अपने घर आ गए।

## यूपी में कई जगह ईडी का छापा, एक व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया

सत्ता सुधार ■ गोरखपुर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और कारोबारी राज कुंद्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उत्तर प्रदेश में अलग-अलग जगह छापा मारा। टीम यहां राज कुंद्रा प्रोडक्शन का काम देखने वाले कर्मचारी और उनके करीबियों के ठिकानों पर गई। कानपुर के अलावा, गोरखपुर और कुशीनगर में भी छापेमारी की गई है। गोरखपुर से एक युवक को हिरासत में लेने की बात सामने आई है। मोबाइल एप के जरिए अश्लील सामग्रियों को तैयार करने और प्रसारित करने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग जांच को लेकर ईडी ने यह कार्रवाई की है। कानपुर में शुक्रवार की सुबह ईडी ने श्याम नगर में छापेमारी की। यहां रहने वाले नर्वदा श्रीवास्तव का बड़ा बेटा अरविंद श्रीवास्तव, जो कानपुर आईआईटी से इंजीनियरिंग करने के बाद से बाहर जॉब कर रहा था। अरविंद्र श्रीवास्तव पत्नी हर्षिता श्रीवास्तव के साथ सिंगापुर में रहता है। अरविंद्र श्रीवास्तव सिंगापुर में रहकर राज कुंद्रा प्रोडक्शन का काम संभालता था।

## संभल जा रहे शिवसेना के प्रदेश महासचिव नजरबंद

### कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा, पुलिस से झड़प

सत्ता सुधार ■ मेरठ

शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के प्रदेश महासचिव व पश्चिमी यूपी प्रभारी धर्मेंद्र तोमर ने कहा था कि 29 नवंबर को संभल जाकर हरिहर मंदिर में जलाभिषेक किया जाएगा। देर रात धर्मेंद्र तोमर को मेरठ पुलिस ने नजरबंद कर दिया। थाना नौचंदी पुलिस और सीओ सिविल लाइन ने फूल बाग कॉलोनी स्थित निवास पर उन्हें नजरबंद कर दिया। शिव सैनिकों को पता चला तो शुक्रवार बड़ी संख्या में धर्मेंद्र तोमर के निवास पर पहुंच गए तथा पुलिस प्रशासन से विरोध प्रकट किया। धर्मेंद्र तोमर व शिव सैनिकों की पुलिस से तीखी झड़प हुई। धर्मेंद्र तोमर ने कहा कि 30 वर्षों से शिवसेना की मुरादाबाद इकाई संभल में स्थित हरिहर मंदिर की मुक्ति के लिए आंदोलन चलाए हुए है। इसी कड़ी में मेरठ सहित पश्चिमी यूपी के अन्य जनपदों से भी शिव सैनिक जलाभिषेक के लिए संभल कूच करने वाले थे, लेकिन सभी जनपदों में शिव सैनिकों को स्थानीय पुलिस द्वारा नजरबंद कर दिया गया।



#### यह रहे मौजूद


इस अवसर पर प्रदेश सचिव अवधेश शर्मा, जिला प्रमुख संदीप गर्ग, महानगर प्रमुख मोहित त्यागी, अवनीश आर्य, कमल प्रजापति, रजत सिंह, राम सिंह यादव, दीपक कुमार, विशाल वेशोनी, जसवीर सिंह, रवि भगत जी, अजीत सिंह, हरि तोमर, आदि दर्जनों शिव सैनिक शामिल रहे।

### शोध में खुलासा | फेफड़ों में रोजाना भर रहा 12 सिगरेट का धुआं....

## प्रदूषण की मार : जहरीली होती हवा बन रही दिल की दुश्मन

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

राजधानी लखनऊ की जिस जहरीली हवा में हम सांस ले रहे हैं, वह हमारे दिल को बीमार बना रही है। हवा में मौजूद पीएम-2.5 समेत अन्य रसायन सांसों के जरिये खून में मिलकर दिल को उतना ही नुकसान पहुंचा रहे हैं, जितना हाई कोलेस्ट्रॉल और अनियंत्रित डायबिटीज पहुंचाती है। ये चौंकाने वाली जानकारी आईआईटीआर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय विष विज्ञान सम्मेलन में आए अमेरिका के लुईविल विश्वविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजय श्रीवास्तव ने अपने एक दशक तक चले शोध के नतीजों के हवाले से दी। एक खास बातचीत में उन्होंने बताया कि प्रदूषण हमारी धमनियों को भीतर से कमजोर और संकरा बना रहा है। इससे दिल पर जोर पड़ने से स्थायी व घातक समस्याएं पैदा हो रही हैं। वायु प्रदूषण से सबसे ज्यादा नुकसान बच्चों व बुजुर्गों को पहुंच रहा है। जहरीली हो चुकी हवा में सांस लेने से इनमें बीमारियों से लड़ने की क्षमता कमजोर हो रही है। इन दिनों लखनऊ का औसत एक्यूआई 250 के करीब है। ऐसे में यहां की हवा में सांस लेने वाला व्यक्ति रोजाना 12 सिगरेट का धुआं अपने फेफड़ों में भर रहा है। डॉ. संजय का शोध अमेरिका के सर्कुलेशन रिसर्च जर्नल, साइंस ऑफ टोटल एनवायरनमेंट जैसे प्रतिष्ठित जर्नल में छप चुका है।



#### ऐसे दुश्मन बन रही हवा

डॉ. संजय श्रीवास्तव ने बताया कि हमारी धमनी नलिका की भीतरी परत एंडोथीलियम की बनी होती है, जो बहुत संवेदनशील होती है। प्रदूषण के कण एंडोथीलियम पर चिपककर कोलेस्ट्राल जैसी मोटी परत बना देते हैं, जिससे धमनियां संकरी हो जाती हैं। इसके चलते बड़ी संख्या में लोगों में हाई बीपी के साथ दिल के दौरे और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याएं पैदा हो रही हैं।

**निगरानी व्यवस्था हो पुख्ता :** सरकार से अनुरोध करते हुए डॉ. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदूषण के जहर से निपटने के लिए भारत में पर्यावरण निगरानी व्यवस्था विकसित करनी होगी। प्रदूषण पर अध्ययन के लिए पश्चिमी देशों पर निर्भर न रहकर स्थानीय शोध को बढ़ाना होगा।

### काशी में गूंजा हर-हर महादेव

## महिलाओं ने निकाली शोभायात्रा

**वाराणसी।** सेंटर फॉर सनातन रिसर्च एवं ट्राइडेंट सेवा समिति ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में मां सती के 51 शक्ति पीठ एवं द्वादश ज्योतिर्लिंगों का महासमागम कार्यक्रम के दो दिवसीय कार्यक्रम के अवसर पर शुक्रवार को दशाश्वमेध स्थित चितरंजन पार्क से एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई जो गोदौलिया, बांस फाटक होते हुए श्री काशी विश्वनाथ धाम में पहुंची। कलश यात्रा में 150 से अधिक की संख्या में महिलाएं पीला वस्त्र धारण कर हाथ में कलश गंगाजल लेकर ओम नमः शिवाय, ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ रास्ते भर चल रही थी। विशाल कलश शोभा यात्रा श्री काशी विश्वनाथ के धाम में पहुंचने पर श्री विशालाक्षी मंदिर के महत पंडित राजनाथ तिवारी, अजय शर्मा, नितिन तिवारी आदि लोगों ने बाबा का जलाभिषेक कर 108 कमल के फूलों से बाबा को भेंट किया तथा प्रसाद चढ़ाया। मंदिर में संपूर्ण सुरक्षा की व्यवस्था श्री काशी विश्वनाथ के सीईओ विश्वभूषण मिश्र कर रहे थे। कलश शोभा यात्रा में श्रद्धालु हर हर महादेव जय श्री काशी विश्वनाथ आदि के उद्घोष कर रहे थे। विशाल कलश शोभायात्रा में रीना पत्रों, संगीता शर्मा, तारा यादव, रीना बनर्जी, रिया बनर्जी, आराधना विश्वास, सुप्रिया सरकार, अनीता चक्रवर्ती, भूमिका मुखर्जी, नितिन तिवारी, श्रीकांत पांडे, रामकृष्ण पांडे, सुशील कुमार मिश्रा, शंकर घोष आदि लोग उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव द्वारा करुणा प्रिन्टर्स महाडिक् साहब के बाड़े के पास, निम्बालकर की गोठ नं. 2 कम्पू लश्कर, ग्वालियर से मुद्रित एवं 62 छत्रसालपुरा, ललितपुर से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100। भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आर.एन.आई. नं. यूपीएचआईएन/2006/18447 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।